संस्कृत विभाग
वार्षिक रिपोर्ट 1988-89

Department of Culture
Annual Report 1988-89

भाग 2
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
भारत सरकार

Part 2
Ministry of
Human Resource Development
Govt. of India

CSL-IOD-AR IO014950
306.0954
CUL, 1988

14950

संस्कृति विभाग
वार्षिक रिपोर्ट 1988-89
Department of Culture
Annual Report 1988-89

भाग 2
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
भारत सरकार
Part 2
Ministry of
Human Resource Development
Govt. of India

378

सत्यमेव जयते

IOD-AR
30640954
CUL-A, 1988-89

IOD
AR
3/70

Acc. No. 24898
18/07/2001

CENTRAL SECRETARIAT LIBRARY
IO 014950
GOVERNMENT OF INDIA

सज्जा
डेज़िग्नेशन्स

फोटो टाइप सैटिंग
वर्डट्रोनिक

निर्माण
डिज़ाइन एंड प्रिंट

मुद्रण
पाल्स प्रैस

मुद्रण मुख पृष्ठ एवं रंगीन पृष्ठ
पी.एस. प्रैस सर्विसिज़

Designing
Designations

Phototypesetting
Wordtronic

Production
Design & Print

Printing
Pauls Press

Cover & Colour Plates Printing
P.S. Press Services

विषय-सूची

भूमिका 1

पुनरावलोकन 1985-89 3

प्राक्कथन 1988-89 6

1. संगठन 13

2. पुरातत्व 17

3. संग्रहालय 24

4. मानव विज्ञान और मानव जाति विज्ञान की संस्थाएं 40

5. अभिलेखागार और अभिलेख 47

6. तिब्बती, बौद्ध तथा अन्य ऐतिहासिक अध्ययन संस्थाएं 53

7. पुस्तकालय 57

8. अकादमियां और राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय 62

9. संस्कृति की प्रोन्नति तथा प्रसार 69

10. प्रशिक्षण तथा अनुसंधान योजनाएं 77

11. स्मारक 78

12. शताब्दियां तथा जयन्तियां 83

13. सांस्कृतिक संबंध 87

14. भारत महोत्सव 90

15. अन्य कार्यकलाप 94

वर्ष 1987-88 के दौरान चर्चा किए गए विषयों के लिए वित्तीय आवंटन 95

संस्कृति विभाग से एक लाख रुपए और अधिक आवर्ती सहायता-अनुदान प्राप्त करने वाले निजी और स्वैच्छिक संगठनों के नाम दर्शाने वाला विवरण 99

प्रशासनिक चार्ट 101

भूमिका

1.1 सातवीं पँचवर्षीय योजना के अंतर्गत बुनियादी कार्यनीतियों में से एक कार्यनीति मानव संसाधन विकास रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 में अंत में यह कहा गया है :—

> "सबसे बड़ा काम है शैक्षिक पिरामिड की बुनियाद को सुदृढ़ बनाना, उस बुनियाद को जिसमें इस शताब्दी के अंत तक लगभग सौ करोड़ लोग होंगे। यह सुनिश्चित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि जो इस पिरामिड के शिखर पर हों, वे विश्व में सर्वोत्तम स्तर के हों। अतीत में इन दोनों छोरों को हमारी संस्कृति के मूल-स्रोतों ने भलीभांति सिंचित रखा, लेकिन विदेशी आधिपत्य और प्रभाव के कारण इस प्रक्रिया में विकार पैदा हो गया। अब मानव संसाधन विकास का एक राष्ट्र व्यापी प्रयास पुनश्च शुरू होना चाहिये जिसमें शिक्षा अपनी बहुमुखी भूमिका पूर्ण रूप से निभाए।"

1.2 राष्ट्रसंघ बाल निधि (यूनिसेफ) 1989 में विश्व के बच्चों की दशा पर अपनी रिपोर्ट में इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि विश्व के कई विकासशील देशों में मानव संसाधन विकास पर पूंजी निवेश में अत्यधिक कमी आई है, कि सार्वजनिक व्यय पर कटौती के कारण शिक्षा पर प्रति व्यक्ति व्यय में लगभग 50% की गिरावट हुई है, कि राज्यों को कार्यसूची में मानव संसाधन विकास कार्यक्रमों को उच्च प्राथमिकता प्रदान करनी चाहिए; कि वास्तविक विकास पैक्ट "एक नयी मार्शल योजना" कार्यान्वित की जानी चाहिए जिसके अधीन उन्नत देश विकासशील देशों के लिए वास्तविक संसाधनों तक उनकी पहुंच को पर्याप्त रूप से बढ़ाने का प्रयत्न करेंगे और ये देश भी अपनी निवेश-नीतियों को वास्तविक विकास की प्रवृत्ति की ओर पुनः अभिमुख करेंगे ताकि गरीब व्यक्ति को सबसे पहले प्राथमिकता मिले।

1.3 मानव संसाधन विकास में शिक्षा, युवा, महिलाओं एवं बच्चों, कलाओं, संस्कृति तथा खेलों के क्षेत्रों में मानवीय क्षमताओं के विकास के लिए समन्वित एवं सर्वतोमुखी प्रयास किये जाने की अपेक्षा की गई है।

1.4 रिपोर्ट के निम्नलिखित पांच भागों में, विभिन्न पहलुओं में, मानव संसाधन विकास मंत्रालय के निष्पादन की तस्वीर प्रस्तुत की गई है :

भाग 1	शिक्षा विभाग
भाग 2	संस्कृति विभाग
भाग 3	कला विभाग
भाग 4	महिला तथा बाल विकास विभाग
भाग 5	युवा कार्य तथा खेल विभाग

1.5.1 राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 के अधीन विभिन्न कार्यक्रमों को कार्यान्वित करते समय, मानव संसाधन विकास संबंधी बातों का ख्याल रखते हुये निम्नलिखित क्षेत्रों की ओर विशेष ध्यान दिया गया :

* प्रारम्भिक शिक्षा का सर्वसुलभीकरण;

* प्रौढ़ साक्षरता जिसमें कौशल विकास तथा मूल्यों का संचार करना शामिल है;

* सुविधाहीन वर्गों — अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन-जातियों, आर्थिक दृष्टि से पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यकों तथा महिलाओं तक शिक्षा की पहुंच;

* शिक्षा की विषय-वस्तु तथा प्रक्रिया में सुधार।

1.5.2 उपर्युक्त क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने के लिए निम्नलिखित 3 महत्वपूर्ण कार्य-नीतियां अपनाई गई : — औपचारिक पद्धति से बाहर (चाहे अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों द्वारा अथवा सुदूर शिक्षा द्वारा) शिक्षा तक पहुंच का प्रावधान करना; ग्रामीण निर्धन व्यक्ति के लाभ के लिए जन शक्ति विकास के लिए, प्रौद्योगिकियों आदि का हस्तांतरण जैसे कि सामुदायिक पालिटेक्निकों की योजना के अधीन और प्रौढ़ साक्षरता के लिए अर्थात् कालेज छात्रों, एन.सी.सी. कैडेट्स, एन.एस.एस. स्वयं सेवकों, भूतपूर्व सैनिकों आदि की सेवाओं का उपयोग करते हुए) शैक्षिक प्रयासों के लिए जन सहयोग प्राप्त करना।

1.6 संस्कृति विभाग ने क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्रों तथा सहायता संसाधन के जरिए देश की सांस्कृतिक परम्पराओं के परिरक्षण, संवर्धन तथा समृद्धि के लिए अपने प्रयास जारी रखे। चालू वर्ष के दौरान भारत में सोवियत रूस तथा फ्रांस महोत्सवों का आयोजन, जापान में भारत महोत्सव का प्रारम्भ, बम्बई में अपना उत्सव, देश तथा विदेश में सांस्कृतिक प्रसार के क्षेत्र में प्रमुख उपलब्धियां रही हैं। 56 देशों के साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम तथा 75 देशों के साथ करार भी कार्यान्वित किये जा रहे हैं जिसके परिणामस्वरूप विभिन्न देश के लोगों को भारत के लोगों के और निकट आने में सहायता मिली है।

1.7 कला विभाग ने इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (इ.गां.रा.क.के.) के लिए अवस्थापना सुविधाएं स्थापित करने का अपना कार्य लगभग पूरा कर लिया । इ.गां.रा.क.के. के पांच प्रमुख प्रभाग अर्थात् कला निधि, कला कोश, जनपद-सम्पदा, कला दर्शन तथा सूत्रधार ने केन्द्र के विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रमों पर अपना ध्यान केन्द्रित किया। केन्द्र के अधीन परिकल्पित प्रमुख गतिविधियां इस प्रकार हैं :

* सहायता सुविधायें, पुस्तकालय, अभिलेखागारों आदि सहित कला, मानविकी और सांस्कृतिक परम्पराओं से संबंधित डाटा बैंक तथा कम्प्यूटरीकृत राष्ट्रीय सूचना पद्धति का सृजन

* कलाओं तथा शिल्प कलाओं संबंधी शब्दकोशों, भारतीय कलाओं की पाठ्य पुस्तकों, लेखों के पुनर्मुद्रण, भारतीय कलाओं के विश्व- कोशों के बहु-संस्करण इत्यादि के निर्माण के कार्यक्रमों के जरिए मौलिक अनुसंधान

* लोक तथा जन जातीय कलाओं एवं शिल्प कला का प्रलेखन और

* अंतर-विषयक संगोष्ठियों का आयोजन।

1.8 राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य योजना (रा.प्र.यो.) — 1988-2000 ई. को भावी कार्यनीतियों के आधार के रूप में अंतिम रूप दिया गया ताकि महिलाओं के विकास, विशेष कर महिलाओं के सामाजिक तथा आर्थिक स्तर को ऊपर उठाने के कार्यक्रम पर मुख्य बल दिया जा सके। महिला एवं बाल विकास विभाग ने प्रारम्भिक बाल विकास सेवाएं प्रदान करने को प्राथमिकता देना जारी रखा। एकीकृत बाल सेवाओं का विस्तार कर उसमें वर्ष के दौरान लगभग 2000 परियोजनाएं 0-6 आयु वर्ग के बच्चों तथा गर्भवती एवं दूध पिलाने वाली महिलाओं के लाभ के लिए शामिल की गई।

1.9 विस्तृत विश्व व्यापी परामर्श के बाद नवम्बर, 1988 में युवाओं संबंधी एक राष्ट्रीय नीति संसद के सम्मुख रखी गई। नीति में देश के युवाओं के व्यक्तित्व तथा कार्यात्मक क्षमताओं के विकास के लिए अवसर पैदा करने की परिकल्पना की गई है। देश के विभिन्न भागों में आयोजित सामूहिक राष्ट्रीय एकता शिविरों ने युवाओं में राष्ट्रीय एकता की भावना को सर्वोपरि बनाये रखने में सहायता की। नेहरू युवक केन्द्र संगठन ने अपने कार्यकलापों का विस्तार किया है। भारतीय खेल प्राधिकरण (भा.खे.प्रा.) 1990 में बीजिंग में होने वाले एशियाई खेलों के लिए खिलाड़ियों के प्रशिक्षण पर ध्यान दे रहा है। दक्षिण ध्रुव अंतर्राष्ट्रीय स्की अभियान जैसे उत्साही कार्यक्रम भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा प्रतिभा की खोज जैसे कार्यक्रम, खेल-कूद कार्यकलापों के लिए अवस्थापना सुविधायें, खेल-कूद परियोजना विकास क्षेत्र योजना का आरम्भ किया जाना जैसे कार्यक्रम युवा कार्य तथा खेल विभाग की अन्य प्रमुख उपलब्धियां रहीं हैं। भारत के संविधान में भी खेल-कूद को राज्य सूची से हटाकर समवर्ती सूची में रखते हुये राज्य सभा में संविधान (61वां) संशोधन विधेयक 1988 जून पुनःस्थापित करके भारत सरकार ने स्वयं को खेलों में और अधिक मात्रा में शामिल करने का प्रयास किया है।

पुनरावलोकन (1985-89)

1 संस्कृति विभाग का मूल उद्देश्य देश के सांस्कृतिक पुनरुत्थान के लिए प्रयास करना है। विभाग की मुख्य योजनाओं और कार्यक्रमों में ऐसी संस्कृति के प्रसार पर बल दिया गया है जिसमें मानवीय सर्जनात्मकता के विशाल क्षेत्र के विषय शामिल हैं। भारतीय संस्कृति की अवर्णनीय समृद्धि की असंख्य विविधताओं को प्रोन्नत करने, प्रस्तुत करने और परिरक्षित करने के लिए ही यह उद्देश्य रखा गया है। भारतीय संस्कृति जैसी सजीव संस्कृति की सीमाओं और प्राचलों का वर्णन करना कठिन है।

2 हमारे सांस्कृतिक प्रयासों के क्रम में क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्रों का उद्भव वास्तविक अर्थों में एक ऐतिहासिक घटना है। हमारे प्रधानमंत्री ने वर्ष 1985 में इस संबंध में परिकल्पना की थी और अब सभी 7 केन्द्रों का उद्घाटन किया जा चुका है। इस परियोजना का स्वीकृत उद्देश्य सांस्कृतिक बंधुत्व पर बल देना है, जो भौगोलिक सीमाओं की परिधि को भी पार कर जाता है। त्रिस्तरीय सम्पर्कों की श्रेणी में हमारा विचार स्थानीय संस्कृति के विषय में जागरूकता उत्पन्न करना, उसे सुदृढ़ करना तथा यह पता लगाना है कि किस तरह यह क्षेत्रीय पहचानों में विसरित होती है और अन्ततः भारत की सामासिक संस्कृति की समृद्ध विविधता का रूप धारण करती है। हमारे प्रधानमंत्री ने प्रायः कहा है कि हम लोगों को अपने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल करने और उससे भी आगे उनकी सांस्कृतिक चेतना के नवीकरण और उन्नयन की आवश्यकता महसूस करते हैं। शांतिनिकेतन में सांस्कृतिक केन्द्र के उद्घाटन के अवसर पर प्रधान मंत्री जी ने कहा था कि भारत की संस्कृति फूलों के एक बाग की भांति है जहाँ फूल खिलते हैं और विकसित होते हैं तथा जिन्हें न तो काटा जाता है और न पानी से बाहर निकाला जाता है। इन सांस्कृतिक केन्द्रों के माध्यम से हमारा उद्देश्य न केवल सांस्कृतिक दृष्टि से सामान्य तत्वों पर बल देना है वरन् विलुप्त होते कला स्वरूपों और परम्पराओं को प्रलेखित और परिरक्षित करना तथा जहां तक सम्भव हो जीवंत रखना है।

3 भारत महोत्सव वर्ष 1985-86 के दौरान लंदन, अमरीका और फ्रांस में आयोजित किए गए। तत्पश्चात सोवियत संघ में भारत महोत्सव मनाया गया और 1987-88 में भारत में सोवियत महोत्सव मनाया गया। जापान में भारत महोत्सव का उद्घाटन प्रधानमंत्री जी ने अप्रैल, 1988 में किया। नई दिल्ली में अप्रैल/मई 1988 में क्यूबा सांस्कृतिक सप्ताह का आयोजन किया गया।

4 "गयाना में भारतीयों के आगमन की 150वीं जयन्ती" मनाने के लिए जार्जटाऊन, गयाना में एक सप्ताह का समारोह आयोजित किया गया। जून, 1988 में विभाग ने बुल्गारिया में एक सांस्कृतिक प्रदर्शन आयोजित किया और जनवरी, 1989 में भारत में बुल्गारिया का एक सांस्कृतिक प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है।

5 वर्ष 1989 के प्रारम्भ में फ्रांस महोत्सव शुरू हो चुका है और इस वर्ष के उत्तरार्ध में जापान महोत्सव प्रारम्भ किया जाना है। वर्ष 1990 में जर्मन संघीय गणराज्य में भारत-महोत्सव आयोजित किया जाना निश्चित हुआ है।

6 इसके अतिरिक्त 56 देशों के साथ, सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों तथा 81 देशों के साथ करारों पर हस्ताक्षर किए गए जिनमें आगामी वर्षों में पारस्परिक आधार पर कार्यकलापों के क्षेत्र में आदान-प्रदान करने की परिकल्पना है। सांस्कृतिक संबंधों में सर्वाधिक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक चरण भारत का चीन के साथ सांस्कृतिक करार (1988-89) एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान का कार्यक्रम है जिसकी दोनों देशों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की है।

15. वर्ष के दौरान भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण द्वारा की गई खोजों में निम्नलिखित का उल्लेख किया जा सकता है बनवाली की खुदाई — जिसमें हड़प्पन किलेबन्दी से सम्बद्ध मुख्य भाग प्रकाश में आया। पंजाब में संघोल में खुदाई से सील बनाने वाली भट्टी का पता चला। भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण ने 18 अप्रैल, 1988 को विश्व विरासत दिवस मनाया जिसके दौरान विश्व विरासत सूची में अंकित 13 स्मारकों में विशेष फलकों का अनावरण किया गया। 19 नवम्बर, 1988 को श्रीमती इंदिरा गांधी की वर्षगाँठ के साथ विश्व विरासत सप्ताह आयोजित किया गया। सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत के लिए उनका प्यार और दिलचस्पी अद्वितीय रूप से जगजाहिर था। स्मारक-स्थलों पर छायाचित्र प्रदर्शनियां आयोजित की गईं।

16. आगरा के ताजमहल परिसर में फेराकोर्ट में क्षीण अलंकारिक दासा पत्थरों, सीढ़ियों, बरामदों, फर्शों को बदलने तथा दीवारों पर प्लास्टर करने और छतों पर पुताई का काम किया गया। पश्चिमी ओर के बाड़े में जीर्णशीर्ण पत्थरों को बदलने, अग्रभाग की दीवारों की टीप, गढ़े और उत्कीर्ण अलंकारिक पत्थरों की व्यवस्था और पेयजल स्रोतों पर ध्यान दिया गया।

17. आगरा स्थित वायु प्रदूषण प्रयोगशाला सल्फर गैसों तथा विभिन्न अन्य तत्वों के उतार-चढ़ाव का आगरा के प्रख्यात स्मारकों पर पड़ने वाले संभावित बुरे प्रभाव का लगातार परिवीक्षण कर रही है और उसे रोकने के लिए अनुसंधान कर रही है। देहरादून स्थित भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण की केन्द्रीय प्रयोगशाला स्मारकों, पुरावस्तुओं तथा चित्रों के रासायनिक उपचार तथा परिरक्षण की विभिन्न समस्याओं से संबंधित विविध अनुसंधान परियोजनाओं का संचालन कर रही है। काले मिट्टी के बर्तनों के टी.जी.डी.टी.ए. अध्ययनों से पता चला है कि इन वस्तुओं का अग्नि-तापमान अवश्य ही 300 सेंटीग्रेड से 600 सेंटीग्रेड के बीच होगा। इसी प्रकार, लाल मिट्टी के बर्तनों तथा अन्य वस्तुओं का भी प्रयोगशाला में अध्ययन किया जा रहा है।

18. वर्ष 1985-86 और 1986-87 में स्थापित सात क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र पूरी तरह से गतिशील हैं। वे विभिन्न कार्यकलापों में संलग्न हैं और प्रतिमाह बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ स्थानीय उत्सव और राष्ट्रीय आयोजनों को मनाने के अतिरिक्त उत्सवों को क्षेत्रीय या आंचलिक रंग देने के बजाय अवसर राष्ट्रीय रूप देने में सहयोग देते हैं।

19. दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने नागपुर में एक आदिवासी लोक कला महोत्सव आयोजित किया जिसमें आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र से 224 कलाकारों ने भाग लिया।

पश्चिमी क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र में एक ग्राफिक स्टूडियो का उद्घाटन किया गया। इस सुविधा से बड़ी तादाद में नई गतिविधियां और प्रयोग शुरू होने की उम्मीद है। उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा शिमला में हिमाचल दिवस (27 अप्रैल 1988) सांस्कृतिक प्रदर्शन के साथ मनाया गया। समारोह 30 अप्रैल तक चला और प्रधानमंत्री ने समापन समारोह की शोभा बढ़ाई। यह समारोह गत वर्ष दिसम्बर में हुई प्रधानमंत्री की बैठक के अनुसरण में था जिसमें यह निश्चय किया गया कि प्रत्येक क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र में और अधिक अन्तःक्षेत्रीय समारोह हों।

20. उड़ीसा सरकार के सहयोग से पुरी में आयोजित "बीच फैस्टिवल" पूर्वी क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र की एक बड़ी गतिविधि थी। पुरी के समुद्र तट पर 74 कलाकारों ने विशाल भीड़ का मनोरंजन किया। दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने ग्रीष्मावकाश के दौरान नागपुर के सुविधाहीन बच्चों के लाभार्थ एक कार्यशाला आयोजित की। उन्हें विभिन्न शिल्पों का प्रशिक्षण दिया गया और अपनी सहज प्रतिभाओं के प्रदर्शन के अवसर दिए गए।

21. उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा चलाया गया "पर्वतीय पर्व", उत्सव के रूप में, परंपरागत लोकप्रियता प्राप्त कर रहा है। उत्तर प्रदेश के गढ़वाल और कुमाऊं पहाड़ियों के आर-पार वर्ष में एक बार संगीत और नृत्य का यह उत्सव चलता है।

उत्तरी क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने गुड़गांव में मिट्टी के बर्तन बनाने पर एक कार्यशाला आयोजित की जिसमें पंजाब, चण्डीगढ़, राजस्थान और हरियाणा से, व्यावसायिक और हॉबी के तौर पर अपनाने वाले, दोनों तरह के कुम्भकारों ने भाग लिया।

दक्षिणी क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा कन्नानोर में आयोजित ओणम उत्सव में भाग लेने के लिए पश्चिमी क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा 50 कलाकार भेजे गए।

22. राष्ट्रीय एकता पर अक्तूबर में नई दिल्ली में आयोजित प्रसिद्ध "फूल वालों की सैर" वार्षिकोत्सव में पश्चिमी क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने भाग लिया।

सांस्कृतिक केन्द्र अपने-अपने उत्सवों के आयोजन और राज्य और अन्तः क्षेत्रीय स्तरों के उत्सवों में भाग लेने के अलावा अंतर्राष्ट्रीय महोत्सवों के साथ भी सहयोग करते हैं जैसा कि दक्षिण-मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने सितम्बर में नागपुर में भारत-रूस महोत्सव के "बैले" कार्यक्रम में किया था।

23. भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण, कलकत्ता — का मुख्य ध्यान अपनी राष्ट्रीय परियोजना "भारत के लोग" पर रहा जो अक्तूबर, 1985 में आरंभ की गई थी।

परियोजना का प्रयास देश के 4986 समुदायों पर अद्यतन सूचना प्राप्त करना तथा इन्हें साथ-साथ लाने वाले संपर्कों को सामने लाना है। सर्वेक्षण के 200 से अधिक वैज्ञानिक और तकनीकी सदस्य इस परियोजना में लगे हुए हैं। नवम्बर, 1988 तक 4373 समुदायों के लिए फील्ड वर्क पूरा हो गया है। रिपोर्ट लिखने, सारांश पूरा करने तथा संगणक प्रारूप भरने का कार्य क्रमशः 2634, 3946 और 3956 समुदायों के संबंध में किया गया है। 2663 समुदायों के लिए सामान्य प्रारूप भी भरे गए हैं।

प्रशिक्षण और अनुसंधान की योजनाएं

18 इस योजना का मुख्य लक्ष्य 10-14 वर्ष के आयु वर्ग में प्रतिभा का पता लगाना और विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में उनकी प्रतिभाओं का विकास करने के विचार से छात्रवृत्तियां प्रदान करना है। योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष 100 नई छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं जिसमें से 25 परम्परागत कलाकारों के परिवारों के बच्चों के लिए आरक्षित हैं। ये छात्रवृत्तियां 20 वर्ष की आयु अथवा शिक्षा की प्रथम डिग्री की समाप्ति तक, जो भी पहले हो, मान्य हैं। यह योजना भारत सरकार द्वारा पूर्ण वित्त पोषित स्वायत्त संगठन, सांस्कृतिक संसाधन और प्रशिक्षण केन्द्र, नई दिल्ली द्वारा कार्यान्वित की जा रही है। इस योजना के तहत लगभग 350 क्रियाशील कलाकार हैं।

19 एक अन्य योजना भारत में संगीत, नृत्य, नाटक, पेन्टिंग, मूर्तिकला, पुस्तक-चित्रण और डिज़ाइन, काष्ठकला आदि के क्षेत्रों में उच्च प्रशिक्षण के लिए उत्कृष्ट युवा कलाकारों को वित्तीय सहायता प्रदान करने की है।

20 प्रतिवर्ष पंद्रह वरिष्ठ और कनिष्ठ शिक्षावृत्तियां प्रदान करने की भी योजनाएं हैं। साहित्य, कला और अन्य क्षेत्रों में ख्याति प्राप्त जरूरतमन्द व्यक्तियों को भी सहायता दी जाती है। अवकाश प्राप्त शिक्षावृत्तियों की एक योजना तैयार की गई है ताकि, उन कलाकारों को, जो अपने सम्बन्धित क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त कर चुके हैं किन्तु व्यवसाय से सेवानिवृत्त हो चुके हैं, आर्थिक सहायता दी जा सके ताकि वे वित्तीय दृष्टि से आश्वस्त होकर निरंतर अपना प्रयास कर सकें।

21 राष्ट्रीय संग्रहालय ने भारत महोत्सव के एक भाग के रूप में जापान में आयोजित नारा सिल्क रोड प्रदर्शनी में भाग लिया। भारत में सोवियत महोत्सव के तत्वावधान में "क्रेम्लिन के राजकीय संग्रहालयों की कला-निधियां" नामक प्रदर्शनी इस वर्ष का सबसे बड़ा संग्रहालय आयोजन था। वहां अस्त्र-शस्त्र, स्वर्ण और रजत के जेवरात प्रदर्शन के लिए रखे गए थे, जो मास्को की 17वीं शताब्दी का एक प्रसिद्ध संग्रह है।

22 भारत की विविध संस्कृति और इसके प्रसारण और प्रदर्शन की आवश्यकता संबंधी दोहरी समस्या को मद्दे-नज़र रखते हुए सरकार और निजी संगठन संस्कृति के संरक्षण और प्रोन्नति तथा भारतीय जनता की सांस्कृतिक पहचान को पुनः बनाने के प्रयास करते रहे हैं। संकीर्णता और कट्टरता हमारी राष्ट्रीय सांस्कृतिक पहचान को आसानी से उखाड़ सकते हैं। पं. नेहरू के शब्दों में, "हमें अपने सांस्कृतिक मानस के द्वार और खिड़कियां खुली रखनी चाहिए। हममें दूसरों का दृष्टिकोण भली प्रकार समझने की क्षमता होनी चाहिए भले ही हमेशा उससे सहमत हों या न हों। सहमति या असहमति का प्रश्न तभी उठता है जब हम किसी चीज को समझते हैं। अन्यथा, यह एक अंध-प्रतिवाद है जो किसी भी समस्या के समाधान का सांस्कृतिक ढंग नहीं है।

प्राक्कथन
1988-89

1. संस्कृति विभाग ने देश में सांस्कृतिक परम्पराओं का परिरक्षण, प्रोन्नति तथा समृद्धि करना जारी रखा। वर्ष के मुख्य-मुख्य कार्यक्रम क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्रों के विविध कार्यकलाप रहे हैं जिनमें सांस्कृतिक साझेदारी तथा प्रसार पर जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त बुल्गारिया और जापान में भारत के उत्सव तथा सोवियत रूस व फ्रांस के भारत में महोत्सव और बुल्गारियाई प्रदर्शन, वर्ष की प्रमुख गतिविधियाँ रही हैं। संस्कृति विभाग के तत्वावधान में 1988-89 में किए गए महत्वपूर्ण कार्यकलापों का सारांश भी निम्नानुसार है।

2. संस्कृति विभाग ने सृजनात्मक व्यक्तियों, संस्थाओं और स्वैच्छिक संगठनों को सहायता देने की अपनी योजनाओं को जारी रखा। इस संदर्भ में संस्कृति विभाग के मुख्य कार्य हैं : राष्ट्रीय महत्व के पुस्तकालयों और संग्रहालयों का संचालन करना, पुरातन स्मारकों और ऐतिहासिक स्थलों की खुदाई, संरक्षण और रक्षा करना, अभिनय, प्लास्टिक एवं साहित्य कलाओं को बढ़ावा देना, कला और संस्कृति के क्षेत्र में छात्रवृत्तियां प्रदान करना, महत्वपूर्ण व्यक्तियों की शताब्दियां और जयन्तियां आयोजित करना, विदेशों के साथ सांस्कृतिक करार और मैत्रीपूर्ण संधियां करना। संस्कृति विभाग देश में आने वाली तथा देश से बाहर जाने वाली प्रदर्शनियों का समन्वय भी करता है।

3. सोवियत रूस में भारत महोत्सव जुलाई, 1988 में स्मरणीय ढंग से सम्पन्न हुआ। समापन समारोह में संगीत गोष्ठियों, प्रदर्शनियों तथा लोमोनोसोवस्की प्रोस्पेक्ट में महात्मा गांधी की प्रतिमा के अनावरण के दृश्य देखने को मिले। यह प्रतिमा इन्दिरा गांधी की उस प्रतिमा के सामने स्थापित है जिसका अनावरण महोत्सव के प्रारम्भ में हमारे प्रधानमंत्री द्वारा किया गया था।

भारत में सोवियत महोत्सव 19 नवम्बर, 1988 को इन्दिरा गांधी स्टेडियम में महामहिम श्री गोर्बाच्योव, भारत के राष्ट्रपति श्री आर. वेंकटरामन, प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी और इन दोनों की पत्नियों तथा अन्य बहुत से उच्च अधिकारियों की उपस्थिति में एक शानदार कला प्रदर्शन के साथ मनाया गया। इस प्रदर्शन में 600 सोवियत और 400 भारतीय कलाकारों ने भाग लिया।

4. जापान में भारत महोत्सव का प्रधानमंत्री ने, जापान के प्रधानमंत्री की उपस्थिति में अप्रैल, 1988 में उद्घाटन किया। इसके पश्चात् पारम्परिक नृत्य और संगीत का एक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

नई दिल्ली में अप्रैल/मई 1988 में क्यूबाई सांस्कृतिक सप्ताह मनाया गया।

जार्जटाउन, गयाना में "गयाना में भारतीयों के प्रवेश की 150वीं वर्षगांठ" की स्मृति में एक साप्ताहिक समारोह आयोजित किया गया।

5. भारत-बुल्गारिया सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम के अंतर्गत इस वर्ष जून में, संस्कृति विभाग ने एक सांस्कृतिक प्रदर्शन का आयोजन किया।

1989 के आरम्भ में फ्रांस महोत्सव बड़ी धूमधाम से शुरु हो चुका है और उसके कुछ समय बाद जापान महोत्सव, आदि अन्य भावी उत्सव और प्रदर्शन हैं। परिदृश्य के दूसरी ओर जर्मन संघीय गणराज्य में भारत-महोत्सव है जो कि 1990 में आयोजित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, 56 देशों के साथ बहुत से सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम और 81 देशों के साथ करारों पर हस्ताक्षर किए गए जिनमें आने वाले वर्षों में, अनेक कार्यक्षेत्रों में पारस्परिक आधार पर विनिमय की परिकल्पना की गई है।

6. अपने दिवंगत प्रख्यात नेताओं, जिन्होंने राष्ट्र के सामाजिक-राजनैतिक क्षेत्र में महान योगदान दिया है, उन्हें सम्मानित करने के निश्चय को ध्यान में रखते हुए, वर्ष 1988-89 में छः शताब्दियां मनाई गईं, राष्ट्रीय शंकर जयन्ती महोत्सव के अतिरिक्त,



राष्ट्र ने गोविन्द वल्लभ पंत, डा. एस. राधाकृष्णन, के.एम. मुंशी, मौलाना आजाद और डा. श्री कृष्ण सिन्हा जैसे प्रकाश पुंजों को सम्मानित किया। उद्घाटन और समापन समारोह (कई मामलों में समापन समारोह अभी आयोजित होने हैं) अत्यन्त विशिष्ट व गम्भीर सभा के रूप में आयोजित किए गए। डाकटिकट जारी करना और पुस्तक विमोचन, अर्धप्रतिमा या प्रतिमा अनावरण, केन्द्र और उपयुक्त क्षेत्रीय स्तर पर सेमिनारों और प्रदर्शनियों का आयोजन वर्ष पर्यन्त समारोहों के मुख्य आकर्षण थे।

7. अकादमियों के क्षेत्र में — राष्ट्रीय सांस्कृतिक परिषद् के निर्णय के अनुसरण में, श्री पी.एन. हक्सर की अध्यक्षता में एक उच्च-स्तरीय पुनरीक्षण समिति तीनों अकादमियों अर्थात् साहित्य अकादमी, संगीत नाटक अकादमी, ललित कला अकादमी और राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के कार्य-संचालन का पुनरीक्षण करने के लिए गठित की गई है। रिपोर्ट एक वर्ष के अंदर मिलने की आशा है। अकादमियां वर्ष भर कार्यशील रहीं और इस संदर्भ में एक परम्परागत मृण्मूर्ति प्रदर्शनी का आयोजन उल्लेखनीय है जो मद्रास में पहले हुई सार्क मृण्मूर्ति कार्यशाला का ही प्रतिफल है। ललित कला अकादमी ने, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास की पुस्तकों सहित चीन में, पेइचिंग शहर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक मेले में भाग लिया। इसी अकादमी ने पोलैंड के साथ विनिमय कार्यक्रम के अंतर्गत दिल्ली और मद्रास में पोलैंड की आधुनिक कला की एक प्रदर्शनी भी आयोजित की। संगीत नाटक अकादमी ने श्री कुमार गंधर्व को अध्येतावृत्ति प्रदान की और अभिनय कलाओं के विभिन्न क्षेत्रों के 24 कलाकारों को पुरस्कार भी दिए गए।

8. लोक-उत्सव जिसे कि 1984 में आरम्भ किया गया था, देश के कलाकारों के पारम्परिक संगीत, नृत्य और थियेटर प्रदर्शनों से एक चिरस्मरणीय पर्व बन गया है। संगीत नाटक अकादमी द्वारा आयोजित पांचवा लोक-उत्सव, अक्तूबर, 1988 में नई दिल्ली में आयोजित किया गया जिसमें 250 लोक और जनजातीय कलाकारों ने भाग लिया।

9. हमारे संग्रहालय, गैलरियां और अभिलेखागार हमारी सांस्कृतिक विरासत के आधार स्तम्भ बने रहे साथ ही हमारी पुरातत्त्व और मानव विज्ञान संस्थाओं ने, अतीत की खोज में नई उपलब्धियाँ हासिल करने और हमारे विकास-क्रम के विषय में हमारे ज्ञानवर्धन के लिए अपने प्रयास जारी रखे।

10. राष्ट्रीय संग्रहालय ने भारत महोत्सव के भाग के रूप में, जापान में आयोजित नारा सिल्क रोड प्रदर्शनी में भाग लिया। भारत में सोवियत रूस महोत्सव के अंतर्गत "क्रेमलिन के राजकीय संग्रहालय की कला निधियां" पर एक प्रदर्शनी इस वर्ष का सबसे महत्वपूर्ण संग्रहालय आयोजन था। इस प्रदर्शनी में अस्त्र, सोने और चांदी के जेवरातों को दिखाया गया जो कि मास्को के 17वीं शताब्दी के उत्कृष्ट संग्रह का एक नमूना था।

11. भारतीय संग्रहालय, कलकत्ता ने, राजकीय संग्रहालय, मेघालय और संग्रहालय निदेशालय, असम के सहयोग से भारत सरकार के संस्कृति विभाग द्वारा प्रायोजित "हमारी सृजनात्मक कलाओं की सम्पदा" पर दो अंतर्राज्यीय प्रदर्शनियां आयोजित कीं।

12. संग्रहालय में 31 मई, 1988 से 6 जून, 1988 तक नवाब मीर यूसुफ अली खान बहादुर सालारजंग 3 का 102वां जन्म दिन मनाया गया। समारोह का उद्घाटन आंध्रप्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण और पर्यटन मंत्री डा. अल्लादी पी. राजकुमार द्वारा किया गया।

राष्ट्रीय आधुनिक कला दीर्घा, नई दिल्ली द्वारा सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम के तहत विभिन्न देशों के साथ निम्नलिखित प्रदर्शनियों का आदान-प्रदान किया गया :—

बाहर जाने वाली प्रदर्शनियां — "भारतीय महिला कलाकार" बुल्गारिया (सोफिया) और पोलैंड भेजी गई, "भारतीय समकालीन कला "जापान" भेजी गई, "रवीन्द्रनाथ टैगोर के चित्र और उनके स्मृतिचिन्ह" जापान भेजे गए।

आने वाली प्रदर्शनियां — जर्मन संघीय गणराज्य "पोयट्री थ्रू मैटीरियल, लाइट एंड मूवमेंट", भारत में सोवियत महोत्सव के तत्वावधान में 19वीं से 20वीं शताब्दी के प्रारम्भ तक की "रूसी पेन्टिंगें", कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय से "विज़न्स ऑफ इनर स्पेस", भारत में सोवियत महोत्सव के तत्वावधान में "सोवियत कलाकारों की दृष्टि में भारत", जर्मन संघीय गणराज्य से सातवें दशक की ग्राफिक्स, "गुटनिरपेक्ष देशों की जोसिफ ब्रॉज टीटो आर्ट गैलरी, टीटोग्राद; युगोस्लाविया से संग्रह"।

13. नेहरू स्मारक संग्रहालय जिसमें जवाहरलाल नेहरू के जीवन और काल को दृश्य सामग्रियों के जरिए समझाया गया है, भारत और विदेशों से आने वाले पर्यटकों के लिए रुचि का केन्द्र बना रहा। लगभग आठ लाख दर्शक संग्रहालय आए जिसका अर्थ है कि कार्यदिवसों को प्रतिदिन औसतन उपस्थिति 3817 रही; और रविवार तथा अन्य छुट्टी वाले दिन 4337 दर्शक। भारत और विदेशों से राजधानी आने वाले विशिष्ट व्यक्तियों द्वारा देखे गए परिभ्रमण स्थलों की सूची में इसका प्रमुख उल्लेख रहा। दर्शकों ने प्रदर्शनियों में भी, जो इस संग्रहालय का स्थायी अंग हैं, गहरी दिलचस्पी ली।

14. नेहरू स्मारक पुस्तकालय, जिसमें भारत के आधुनिक इतिहास तथा समाज विज्ञान पर मुख्य ध्यान दिया गया है, ने जहाँ अपने संग्रहों में वृद्धि की, वहाँ अपनी सेवाओं की कोटि में भी सुधार किया। 3685 पुस्तकें और जोड़ी गईं जिससे उनकी संख्या अब 1,16,652 हो गई। नेहरू आना शीर्षक की पुस्तकें 1,095 तक, गांधीयाना की 1,677 तक पहुँच गई है तथा इंदिराना शीर्षक की 282 पुस्तकें हैं। इन तीनों भागों के अंतर्गत प्राप्त की गई पुस्तकें अंग्रेजी, हिन्दी और विभिन्न अन्य भारतीय तथा विदेशी भाषाओं में हैं। समाचार-पत्रों की फाइलें तथा शोध प्रबंधों (माइक्रोफिल्मों पर) की संख्या क्रमशः 4,668 तथा 825 तक बढ़ गई। पुस्तकालय के फोटो अनुभाग में उसके फोटो संग्रहों की संख्या 74,482 तक बढ़ी है।

7 राष्ट्र की सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि को समृद्ध करने वाले अपने सुविख्यात दिवंगत नेताओं को सम्मानित करने के अपने निर्णय के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में निम्नलिखित व्यक्तियों की शताब्दियां मनाई गईं :

1. आचार्य काका कालेलकर
2. रवीन्द्र नाथ टैगोर
3. पं. मदन मोहन मालवीय
4. मैथिलीशरण गुप्त
5. पं. गोविन्द बल्लभ पंत
6. डा. श्रीकृष्ण सिंह
7. डा. एस. राधाकृष्णन
8. मौलाना अबुल कलाम आज़ाद
9. राजा सवाई जय सिंह - द्वितीय
10. बहादुर शाह ज़फर
11. श्री के.एम. मुंशी

इनके अतिरिक्त, राष्ट्र ने शंकर जयन्ती महोत्सव का भी आयोजन किया।

8 केन्द्र की अवधारणात्मक योजना के अनुसार इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (आई.जी.एन.सी.ए.) के कार्यक्रमों को केन्द्रीभूत करने के लिए कला विभाग में भी कार्य शुरू किया गया। प्रारम्भ किए जाने वाले महत्वपूर्ण कार्यों में शामिल हैं : सांस्कृतिक संदर्भ पुस्तकालय का विस्तार और कला, मानविकी तथा सांस्कृतिक विरासत सम्बन्धी संगणकीकृत राष्ट्रीय सूचना प्रणाली और आँकड़ा बैंक को सुयोजित करना। दूसरा महत्वपूर्ण कार्य जनजातीय कला एटलस तैयार करने की योजना है। इं.गां.रा.क. के. का पंजीकरण एक स्वायत्त न्यास के रूप में हुआ जिसके अध्यक्ष श्री राजीव गांधी हैं और इसकी कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष श्री पी.वी. नरसिंह राव।

9 1861 में स्थापित भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने विभिन्न क्षेत्रों में अपने कार्यकलाप जारी रखे। खुदाई के दौरान पंजाब के लुधियाना जिले में संघोल से लाल बलुआ पत्थर से बनी मुंडेर के तक्षित 117 टुकड़ों की खोज उल्लेखनीय सिद्ध हुई।

10 कंसाई विश्वविद्यालय, जापान के सहयोग से "उत्तर प्रदेश और बिहार में बौद्ध स्थलों का उत्खनन सर्वेक्षण और श्रावस्ती में उत्खनन" नाम से एक संयुक्त परियोजना प्रारम्भ की गई। खुजराहो के मन्दिरों, अजन्ता-एलोरा की गुफाओं और अन्य महत्वपूर्ण स्थलों और स्मारकों में विस्तृत रासायनिक परिरक्षण का कार्य जारी है। हमारे स्मारकों और स्थलों में से 13 को विश्व सम्पदा सूची में अब तक अंकित किया जा चुका है। श्रीमती इन्दिरा गांधी के जन्म दिवस के साथ हम प्रतिवर्ष 19 नवम्बर, 1988 से विश्व सम्पदा सप्ताह मनाते हैं, क्योंकि श्रीमती गांधी का सांस्कृतिक और प्राकृतिक सम्पदा के प्रति स्नेह और अनुराग सुप्रसिद्ध है।

11 "सार्क" कार्यक्रम के अन्तर्गत अन्य सदस्य देशों के सहयोग से विभिन्न स्थानों पर नियमित सेमिनार और कार्यशालाएं आयोजित की गई हैं।

12 एक पुरातत्वीय दल संरचनात्मक मरम्मतों के साथ-साथ अंकोरवाट के प्रसिद्ध मन्दिर परिसर के रासायनिक परिरक्षण के लिए कम्पूचिया भेजा गया है।

13 एन्थ्रोपोलोजिकल सर्वे आफ इण्डिया ने "भारत के लोग" परियोजना के अन्तर्गत 3695 समुदायों का अध्ययन अब तक पूरा किया है।

14 राष्ट्रीय सांस्कृतिक परिषद् के निर्णय के अनुपालन में अकादमियों के क्षेत्र में श्री पी.एन. हक्सर की अध्यक्षता में गठित एक उच्चाधिकार प्राप्त समीक्षा समिति का गठन किया गया है जो तीन अकादमियों — साहित्य, संगीत नाटक और ललित कला तथा राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के कार्यों की समीक्षा करेगी। एक वर्ष के भीतर रिपोर्ट आने की उम्मीद है।

15 देश के सभी भागों से लोक और शास्त्रीय कलाकारों तथा शिल्पकारों के एक प्रभावशाली समूह को एक साथ लाकर 1986 में नई दिल्ली में अपना उत्सव आयोजित किया गया था। ऐसा ही एक उत्सव बम्बई में 1989 में आयोजित किया गया।

16 भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार, नई दिल्ली ने स्वयं को अभिलेखों के परिग्रहण और परिरक्षण से सम्बन्धित कार्यकलापों में लगाया है। मूल दस्तावेजों और छायाचित्रों सहित हमारे स्वतंत्रता-संग्राम की कथा से संबंधित "आजादी की ओर" तथा "नियति से एक भेंट" नाम से दो महत्वपूर्ण प्रदर्शनियां आयोजित की गई थीं।

17 संस्कृति विभाग नृत्य-नाटक और रंगमंच समष्टियों के साथ-साथ स्वैच्छिक सांस्कृतिक संगठनों को निरन्तर वित्तीय सहायता देता है और विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में कलाकारों को छात्रवृत्तियां, शिक्षावृत्तियां और वित्तीय सहायता प्रदान करता है। वर्ष 1987-88 में अनेक बौद्ध/तिब्बती संगठनों को भी, लगभग 45 लाख रुपए का अनुदान दिया गया।

24. संस्कृति विभाग के अधीन एक स्वायत्त संगठन राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल देश और काल में मानवता की कथा के चित्रण के प्रति समर्पित है।

"ट्राइबल हैबिटेट" नामक आदिवासी घरों की एक खुली प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें वातावरण दृश्यों, जीवन शैली, भौतिक संस्कृति, वास्तुकला आदि जैसे पक्षों को उजागर किया गया। यह जनता के लिए खोली गई राष्ट्रीय मानव संग्रहालय की पहली स्थायी प्रदर्शनी थी।

25. निम्नलिखित अभिलेखों की प्राप्ति के द्वारा भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार का संग्रह और अधिक समृद्ध हुआ — सार्वजनिक अभिलेख-1873-1950 की अवधि की निम्नलिखित मंत्रालयों/विभागों से संबंधित 5147 फाइलें प्राप्त की गईं : रक्षा मंत्रालय, विदेश मंत्रालय तथा मंत्रिमंडल सचिवालय; निजी कागजात — 1905-48 की अवधि के गांधी जी के कागजात का एक सेट जिसमें गांधी-पोलक पत्र-व्यवहार के नाम से ज्ञात 4335 विषय भी शामिल हैं, जिन्हें सॉथेबीज लंदन में हुई सार्वजनिक नीलामी के जरिए भारत सरकार द्वारा प्राप्त करने के बाद भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार की अभिरक्षा को हस्तांतरित कर दिया गया है। संग्रह में पत्र, तार, टिप्पणियां, लेख, मुद्रित सामग्रियां, प्रेस कतरनें, फोटोग्राफ आदि शामिल हैं। अधिकांश पत्र गांधी जी द्वारा जोन्सबर्ग में अपने आर्टिकल्ड क्लर्क और कानूनी भागीदार हेनरी पोलक को लिखे गए हैं।

26. राष्ट्रीय पुस्तकालय देश में सबसे बड़ा पुस्तकालय है। इसमें लगभग 19.60 लाख पुस्तकें है और यह मुख्यतः बेल्वेदेर, कलकत्ता में है। यह पुस्तक परिदान अधिनियम 1954 (1956 में संशोधित) के प्रावधानों के अधीन एक प्रापी पुस्तकालय है और संयुक्त राष्ट्र देशों के अभिलेखों का प्रमुख भण्डार है। यह शोधकर्ताओं के लिए संदर्भ केन्द्र के रूप में भी कार्य करता है।

भारत में प्रकाशित वर्तमान पुस्तकों, समाचार-पत्रों और पत्रिकाओं की प्राप्ति का मुख्य स्रोत पुस्तक परिदान अधिनियम के अधीन है। विदेशों में प्रकाशित होने वाली अंग्रेजी पुस्तकें और पत्रिकाएं खरीद के जरिए प्राप्त की जाती हैं। इस पुस्तकालय का 80 देशों की 192 संस्थाओं के साथ पुस्तक विनिमय कार्यक्रम है। यह कार्यक्रम विदेशी प्रकाशनों की प्राप्ति का उत्कृष्ट स्रोत है जो अन्यथा सामान्य व्यापार माध्यमों के जरिए सुलभ नहीं होते।

वर्ष के दौरान राष्ट्रीय पुस्तकालय ने चार प्रकाशनों को प्रकाशित किया : (1) पुस्तकालय सामग्रियों का संरक्षण; (2) रवीन्द्र ग्रन्थ सूची (बंगाली, में) स्वप्न मजूमदार द्वारा संकलित की गई; (3) भारत में ग्रन्थ सूची केन्द्र; (4) भारत-विद्या अध्ययन और दक्षिण एशिया ग्रन्थ-सूची;

27. केन्द्रीय सचिवालय पुस्तकालय में, हिन्दी और क्षेत्रीय भाषा खण्ड जो बहावलपुर हाउस में है, और रामकृष्ण पुरम, नई दिल्ली का एक शाखा पुस्तकालय शामिल है। यह पुस्तकालय सरकारी संगठनों, पुस्तकालय के सदस्यों, अनुसंधान अध्येताओं और अन्य लोगों को अनुसंधान एवं संदर्भ सेवाएं प्रदान करने में लगा है। इसमें अंग्रेजी हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं में केवल सदस्यों के लिए छोटा संग्रह है।

इस पुस्तकालय में सात लाख से भी अधिक पहले के मुख्य संग्रह में हिन्दी, अंग्रेजी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं की लगभग 8661 पुस्तकें और जोड़ी गईं। इसके अतिरिक्त, पुस्तकालय को गजट, कानूनी अभिलेखों और विधायी निकायों की कार्यवाहियों सहित केन्द्र और राज्य सरकारों के प्रकाशनों की 32177 मदें प्राप्त हुई। यूनेस्को, संयुक्त राष्ट्र, आई.एल.ओ. और अन्य देशों की सरकारों जैसी अंतर्राष्ट्रीय एजेन्सियों से प्राप्त सरकारी प्रकाशनों की संख्या 2330 से बढ़ गई है। पुस्तकालय को माइक्रोफ़िश रूप में अमरीका सरकार के 400 प्रकाशन प्राप्त हुये।

28. एक स्वायत्त संगठन राजा राममोहन राय लाइब्रेरी प्रतिष्ठान, कलकत्ता, देश में पुस्तकालय सेवाएं बढ़ाने में लगा है, जिसे, यह राज्य/संघ शासित क्षेत्रों की सरकारों के सहयोग से करता है।

देश में सार्वजनिक पुस्तकालय सेवाओं में सुधार के लिए इसने बराबर और गैर-बराबर सहायता की नौ योजनाएं क्रियान्वित की हैं। वर्ष 1987-88 के दौरान सहायता की कुल राशि 189.00 लाख रुपये थी। विभिन्न स्तरों पर लगभग 6000 पुस्तकालयों को सहायता दी गई।

29. खुदाबख्श प्राच्य पब्लिक लाइब्रेरी, उपमहाद्वीप में 1600 से ऊपर पाण्डुलिपियों, 90,000 प्राचीन और दुर्लभ मुद्रित पुस्तकों और 200 से ऊपर मुगल राजपूत, ईरानी और तुर्की शैलियों के चित्रों के संग्रह सहित समृद्धतम लाइब्रेरियों में से एक के रूप में उभरी है। इसे संसद के एक अधिनियम द्वारा राष्ट्रीय महत्व की एक संस्था घोषित करते हुए भारत सरकार ने 1969 में इसका नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया था। इसका प्रबन्ध अब बिहार के राज्यपाल के नेतृत्व में एक बोर्ड द्वारा किया जाता है।

30. सांस्कृतिक संसाधन और प्रशिक्षण केन्द्र जो कि भारत सरकार द्वारा पूर्णतया वित्त पोषित एक स्वायत्त निकाय है, कालेज और स्कूल के छात्रों के बीच संस्कृति के प्रचार के लिए उत्तरदायी है।

वर्ष के दौरान केन्द्र ने छः अनुस्थापन पाठ्यक्रम आयोजित किये जिनमें विभिन्न राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों के 414 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। शिक्षकों व छात्रों के लिए देश के विभिन्न भागों में अनेक कार्यशालाएं आयोजित की गईं।

शिक्षा के लिए कठपुतली कला में शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए पांच कार्यक्रम चलाए गए जिनमें 400 शिक्षकों ने भाग लिया। "शिक्षक-प्रशिक्षक और शिक्षा प्रशासक" कार्यक्रम के अन्तर्गत 180 शिक्षकों के साथ छः सेमिनार आयोजित किये

गये। जुलाई-अगस्त, 1988 में अमरीकी स्कूल और कालेज शिक्षकों के लिए "प्राचीन और आधुनिक भारत" पर एक विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

31. सांस्कृतिक संसाधन और प्रशिक्षण केन्द्र ने नई शिक्षा नीति के अंतर्गत कार्रवाई योजना से जुड़ी पांच योजनाओं को शुरू किया है। "संग्रहालयों में भारत की कलात्मक विरासत" के जरिए महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्मारकों की यात्रा और अध्ययन के लिए दो हजार से ऊपर स्कूली छात्रों को शैक्षिक सुविधाएं प्रदान की गई। स्लाइडों, फोटोग्राफों और रिकार्डिंगों में अनेक कला रूपों को प्रलेखित किया गया।

32. सामुदायिक गायन के जरिए राष्ट्रीय और भावनात्मक एकता को बढ़ावा देने के लिए देश के विभिन्न भागों में 1982 से अनेक शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (एन.सी.ई.आर.टी.) इस योजना को कार्यान्वित कर रही है। वर्ष 1988-89 के दौरान एन.सी.ई.आर.टी. का 24 क्षेत्रीय स्तर के शिविर और 4 राष्ट्रीय स्तर के शिविर लगाने का इरादा है।

33. 1988 में प्रमाणित 773 फीचर फिल्मों में से 471 को "यू" प्रमाण-पत्र, 95 को "यू ए" और 207 को "ए" प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

1988 में प्रमाणित 118 विदेशी फीचर फिल्मों में से 52 को "यू" प्रमाण-पत्र, 11 को "यू ए" और 55 को "ए" प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। 43 विदेशी फिल्मों का प्रमाणन मना कर दिया गया।

केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड ने 1662 भारतीय लघु फिल्मों को (1630 को "यू" प्रमाणपत्र के साथ, 3 को "यू ए" के साथ और 29 को "ए" प्रमाणपत्र के साथ) प्रमाणित किया, जबकि प्रमाणित विदेशी लघु फिल्मों की संख्या 486 थी (464 को "यू" प्रमाणपत्र के साथ, 3 को "यू ए" के साथ और 12 को "ए" के साथ तथा 7 को "एस" प्रमाणपत्र के साथ।

वर्ष 1988 के दौरान प्रमाणित लम्बी भारतीय और विदेशी फिल्मों की संख्या क्रमशः 5 और 4 थी।

424 फिल्में मुख्यतः शैक्षिक फिल्मों के रूप में वर्गीकृत की गईं।

34. केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड ने 589 वीडियो फिल्मों को प्रमाण-पत्र जारी किए। इनमें से 41 भारतीय फीचर फिल्में, 42 लम्बी भारतीय फिल्में (फीचर फिल्मों से अलग), 6 विदेशी लम्बी फिल्में थीं। 570 वीडियो फिल्मों ने "यू" प्रमाणपत्र प्राप्त किए, 2 ने "यू ए", 6 ने "ए" और 11 ने "एस" प्रमाण-पत्र प्राप्त किए। 66 भारतीय लघु और 434 विदेशी लघु फिल्मों को भी प्रमाणपत्र जारी किए गए।

35. वित्तीय सहायता — यह योजना साहित्य कला और जीवन के ऐसे ही अन्य क्षेत्रों में ख्याति प्राप्त व्यक्तियों को जो गरीबी की हालत में हैं और 58 वर्ष से अधिक आयु के हैं को वित्तीय सहायता प्रदान करती है। कुछ मामलों में उनके आश्रितों पर भी जिनका और कोई साधन नहीं है, योजना के तहत विचार किया जाता है। इस योजना के अन्तर्गत खर्च भारत सरकार और संबंधित राज्य सरकारों द्वारा 2:1 अनुपात में वहन किया जाता है। आपवादिक मामलों में सम्पूर्ण व्यय भारत सरकार द्वारा वहन किया जाता है। वर्तमान में 474 लाभाग्राही हैं और वर्ष 1988-89 में 60 व्यक्ति चुने गये।

36. गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति ने आवधिक प्रदर्शनियां, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक कार्यक्रम, सेमिनार, सम्मेलन, शिविर, प्रकाशन, प्रतियोगिताएं, वाद-विवाद तथा गांधीजी व अन्य राष्ट्रीय नेताओं पर फिल्म शो आयोजित किये।

समिति एक सूचना और प्रलेखन केन्द्र स्थापित कर रही है और गांधी-साहित्य का एक सम्पूर्ण संदर्भ पुस्तकालय स्थापित करने का प्रस्ताव रखती है।

समिति गांधी जी पर साहित्य, मोनोग्राफी आदि प्रकाशित करने का प्रस्ताव रखती है और उन्हें विद्वानों, पुस्तकालयों और अन्य रुचि रखने वाले पक्षों को उपलब्ध कराना चाहती है।

37. इसका सिर्फ युवाओं और बच्चों के लिए कार्यक्रम तैयार करने का भी प्रस्ताव है और 'स्कूल चलें गांधी की ओर' नामक योजना विद्यमान है।

गांधी स्मृति और दर्शन समिति ने उन संस्थाओं को, जिनके लक्ष्य और उद्देश्य विचार और व्यवहार की दृष्टि से गांधीवादी हैं, को फोटोग्राफों की सप्लाई के जरिए गांधी जी को लोकप्रिय बनाने की योजना की भी परिकल्पना की है।

38. सरकार द्वारा नालन्दा में निर्मित ह्वेनसांग मेमोरियल हाल का नव नालन्दा महाविहार, नालन्दा में विलय का प्रस्ताव बिहार सरकार के परामर्श से भारत सरकार के विचाराधीन है।

39. संस्कृति विभाग को राजभाषा नियम, 1976 के नियम 10(4) के अधीन इस आधार पर अधिसूचित किया गया था कि विभाग के 80% स्टाफ को हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान है। हिन्दी के प्रगामी प्रयोग के लिए राजभाषा विभाग से वार्षिक कार्यक्रम प्राप्त हुआ है और इसे सभी संबंधित लोगों के ध्यान में लाया गया है।

40. ऊपर संस्कृति विभाग के प्रमुख कार्यकलापों का सारांश दिया गया है। अगले अध्यायों में विभिन्न शीर्षकों के अन्तर्गत कार्यकलापों की विस्तृत समीक्षा की गई है।

अध्याय 1

संगठन

1.1 संस्कृति विभाग भारत सरकार (कार्य विभाजन) नियम, 1961 के 174वें संशोधन के अन्तर्गत स्थापित तथा मानव संसाधन विकास मंत्रालय का एक भाग है। मानव संसाधन विकास मंत्री के समग्र प्रभार में यह विभाग राज्यमंत्री के नेतृत्व में कार्य करता है। सचिव, विभाग सचिवालय के प्रमुख है जिनकी सहायता के लिए एक अपर सचिव तथा दो संयुक्त सचिव हैं। भारत महोत्सव सैल के प्रमुख, महानिदेशक, भारत महोत्सव हैं, जो सीधे सचिव की देखरेख में काम करते हैं। संस्कृति विभाग का संगठनात्मक स्वरूप परिशिष्ट-1 पर दिए गए चार्ट में दर्शाया गया है।

1.2 विभाग के दो संबद्ध कार्यालय, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण तथा भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार हैं। उसके अधीन अनेक अधीनस्थ कार्यालय तथा अन्य स्वायत्त संगठन हैं।

1.3 संस्कृति विभाग अनेक नवप्रवर्तित सहायता योजनाओं का संचालन करता है, जिनकी संस्कृति के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका है। क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र योजना के अन्तर्गत, पटियाला, शांतिनिकेतन, तंजावूर, नागपुर, कोहिमा, उदयपुर तथा इलाहाबाद में 7 क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र पंजीकृत सोसाइटियों के रूप में स्थापित किए गए हैं।

1.4 संस्कृति विभाग के कुछ महत्वपूर्ण कार्य हैं : राष्ट्रीय महत्व के पुस्तकालयों व संग्रहालयों का प्रबन्ध करना; अभिनय, प्लास्टिक व साहित्यिक कलाओं को प्रोत्साहित करना; कला व संस्कृति के क्षेत्र में छात्रवृत्तियाँ प्रदान करना; महत्वपूर्ण व्यक्तियों की शताब्दियों व वर्षगांठों का आयोजन, स्मारकों का रखरखाव तथा विदेशों के साथ सांस्कृतिक करार व सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों का आयोजन। विभाग, भारत महोत्सव के अन्तर्गत अमेरिका, फ्रांस, यू.के., स्वीडन, सोवियत रूस तथा इसी प्रकार की अन्य बाहर जाने वाली व विदेशों से आने वाली प्रदर्शनियों के समन्वय सम्बन्धी कार्य भी करता है।

बजट

1.5 संस्कृति विभाग के लिए वर्ष 1988-89 तथा 1989-90 का बजट प्रावधान निम्नलिखित है :-

(लाख रुपये में)

विवरण	बजट अनुमान 1988-89	संशोधित अनुमान 1988-89	बजट अनुमान 1989-90
मांग सं. 50 (अब संशोधित) कला व संस्कृति	123,59	123,59	117,14

टिप्पणी : इसमें सचिवालय तथा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण का प्रावधान शामिल है।

1. सम्बद्ध कार्यालय

1. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, नई दिल्ली।
2. भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार, नई दिल्ली।

2. अधीनस्थ कार्यालय

1. भारतीय मानवविज्ञान सर्वेक्षण, कलकत्ता।
2. राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली।
3. राष्ट्रीय आधुनिक कला वीथि, नई दिल्ली।
4. राष्ट्रीय पुस्तकालय, कलकत्ता।
5. केन्द्रीय सन्दर्भ पुस्तकालय, कलकत्ता।
6. राष्ट्रीय सांस्कृतिक सम्पदा संरक्षण अनुसंधान प्रयोगशाला, लखनऊ।
7. केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड, लखनऊ।

3. स्वायत्त संगठन

1. राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल।
2. राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद, कलकत्ता।
3. नेहरू स्मारक संग्रहालय और पुस्तकालय, नई दिल्ली।
4. संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली।
5. साहित्य अकादमी, नई दिल्ली।
6. ललित कला अकादमी, नई दिल्ली।
7. राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली।
8. सांस्कृतिक संसाधन व प्रशिक्षण केन्द्र, नई दिल्ली।
9. गांधी स्मृति और दर्शन समिति, नई दिल्ली।
10. इलाहाबाद संग्रहालय, इलाहाबाद।
11. दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी, दिल्ली।
12. राजा राममोहन राय पुस्तकालय प्रतिष्ठान, कलकत्ता।
13. केन्द्रीय उच्च तिब्बती अध्ययन संस्थान, वाराणसी।
14. केन्द्रीय बौद्ध अध्ययन संस्थान, लेह (लद्दाख)।
15. विक्टोरिया मेमोरियल हाल, कलकत्ता।
16. भारतीय संग्रहालय, कलकत्ता।
17. एशियाटिक सोसाइटी, कलकत्ता।
18. सालारजंग संग्रहालय, हैदराबाद।
19. खुदाबख्श ओरियंटल पब्लिक लाइब्रेरी, पटना।
20. रामपुर रज़ा पुस्तकालय, रामपुर।
21. जलियांवाला बाग राष्ट्रीय स्मारक न्यास, अमृतसर।
22. टी.एम.एस.एस.एम. पुस्तकालय, तंजावूर।



अध्याय 2

पुरातत्त्व

भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण

2.1 भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण, जिसकी स्थापना पुरातत्वीय अवशेषों का पता लगाने, उन्हें संरक्षित करने तथा उनका अध्ययन करने के उद्देश्य से 1861 में हुई थी, निरन्तर अपने कार्यों को प्रभावी ढंग से पूरा कर रहा है। निदेशालय का मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है और यह एक विशाल संगठन के रूप में विकसित हो चुका है जिसके अंतर्गत देश के विभिन्न भागों में 16 मंडल, दो लघु मंडल, तेरह विशिष्ट अध्ययन शाखायें तथा कुछ अन्य इकाइयां स्थित हैं।

2.2 उक्त सर्वेक्षण के मुख्य कार्यों में शामिल है : केन्द्र द्वारा सुरक्षित स्मारकों, पुरातत्वीय स्थलों तथा अवशेषों का संरक्षण एवं परिरक्षण, स्मारकों के चारों ओर बागों की स्थापना, पुरातत्वीय स्थलों तथा पुरावस्तुओं का रासायनिक परिरक्षण, प्राचीन स्थलों की खोज और उनका उत्खनन, अभिलेखों की खोज तथा उनका अध्ययन, स्थल संग्रहालयों की स्थापना तथा उनका रख-रखाव, पुरातत्त्व संस्थान के माध्यम से पुरातत्त्व की विभिन्न शाखाओं में विशिष्ट अध्ययन को प्रोत्साहन, धार्मिक तथा धर्मनिरपेक्ष इमारतों का वास्तुशिल्पीय सर्वेक्षण, भारत तथा विदेशों में पुरातत्त्व के विभिन्न पहलुओं पर अध्ययन का आयोजन, स्मारकों, पुरातत्वीय स्थलों तथा अवशेषों से संबंधित उत्खनन रिपोर्ट, गाइड बुक, स्थापत्य संबंधी मोनोग्राफ तथा रंगीन तथा सादे पोस्टकार्ड आदि का प्रकाशन।

2.3 उक्त सर्वेक्षण के कार्यों में पुरावस्तु तथा कलानिधि अधिनियम 1972 को लागू करना भी शामिल है ताकि पुरावस्तुओं तथा कलानिधियों के निर्यात व्यापार को नियमित किया जा सके तथा इस क्षेत्र में होने वाली तस्करी और धोखाधड़ी को रोका जा सके।

2.4 असम, गुजरात, जम्मू और कश्मीर, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के विभिन्न भागों में गांव-गांव के सर्वेक्षण और खोज के दौरान अनेक स्थल प्रकाश में आए हैं जिससे प्रागैतिहासिक काल से मध्यकाल तक की अवधि के पुरावशेष प्राप्त हुए हैं। महत्त्वपूर्ण एवं उल्लेखनीय उपलब्धियां इस प्रकार हैं :— असम के गोआलपाड़ा जिले में मध्यकाल के मन्दिर और पृथक प्रतिमाएं; लोथल (जिला अहमदाबाद, गुजरात) के निकट प्राप्त एक आयताकार हड़प्पीय मृण्मुद्रा; जिला सूरत (गुजरात) में ब्राह्मण देवी-देवताओं की मूर्तियां, वीरगल, सूक्ष्माश्म, एक मध्यकालीन बांध तथा पुराश्म उपकरण; जिला करनाल (हरियाणा) के अंतर्गत अटा में एक मन्दिर समूह, वसेरा में एक टीला, चूलूकाना में एक बावली सहित एक सराय और पुराना अष्टभुजी शिखरयुक्त मन्दिर, जुरासास जट्टीपुर में एक प्राचीन कूप तथा बड़ा टीला, रक्षरा में एक ईदगाह तथा शहर मालपुर में एक मध्यकालीन शिव मन्दिर, जिला मंडी (हिमाचल प्रदेश) में प्रस्तर प्रतिमाएं तथा बावलीयुक्त काष्ट एवं पत्थर के मंदिर; जिला लद्दाख (जम्मू और कश्मीर) में आलची में एक पाषाणयुगीन स्थल, स्तोक, रणधीरपुरा तथा निम्मो में ऐतिहासिक स्थल, रुंडदम, पदम, फे, सानी, जोंखुल, करसारिंजिड़, तोन्दे और जाडूला में तक्षित शिलायें तथा जन्सकार घाटी में कर्छेखार और जाड़ला में शिलाघटित शिल्पाकृतियां;

जिला बेल्लारी (कर्नाटक) के तोरंगल नामक स्थान में लोहा गलाने के स्थान तथा बुर्ज, कोलार जिले के मुलबागल तालुक में कुछ मध्ययुगीन बस्तियों के अवशेष, तिम्मरवा तनहली तथा दूसरे स्थानों में 9वीं-10वीं शतियों की कन्नड़ लिपि में अंकित

अभिलेख तथा वीरगल; इसुर, जिला शिमोगा, में राष्ट्रकूटकालीन एक अभिलेख और एक द्वयस्र मंदिर, तुमकुर जिले में पट्टादेवरहल्ली में होपसल मंदिर तथा दो अभिलेख, जिला माण्डया, मुरकुनाहल्ली तालुक के सिध्दघट्टा नामक स्थान में होयसाल काल की मूर्तियां, आईहोल, जिला बीजापुर (कर्नाटक) में आरंभिक चालुक्य काल की क्षत-विक्षत भैरव मूर्ति, मध्य प्रदेश में गुलना, जिला धार में परमार कालीन एक सीढ़ी सहित कुंआ, बड़केश्वर, जिला होशंगाबाद के निकट परमार कालीन मन्दिर समूहों के अवशेष, गांव कोटवार, जिला मोरेना के निकट एक ताम्राश्मयुगीन स्थल, पूर्वी निमाड़ जिले के बलवाड़ा तथा बीजापुर कल्याण में पूर्व पुराश्मयुगीन उपकरण, कुकडल में मध्यपुराश्मिक उपकरण, करोली में सूक्ष्माश्म, कोटरा में अलंकृत ईंटें, लोहे की वस्तुएं तथा ताम्बे का छल्ला; विजलपुरकलां में एक ऐतिहासिक स्थल, जोगीबिडा में मूर्तियुक्त मन्दिर के अवशेष तथा विजलपुरकलां में स्मारकीय-फलक; लोहटगांव में देवी भदगवारी की क्षतिग्रस्त मूर्ति, शिवलिंग और गणेश प्रतिमा, मदलमाई में सीढ़ीदार कुंआ तथा ब्राह्मणीय प्रतिमाएं, मनमोदीवारी में एक मध्ययुगीन बांध तथा खण्डोबा मंदिर, सिन्ध खेड़ में दुर्गा मंदिर और स्थानभ्रष्ट प्रतिमाएं, कोलेगांव में हिन्दू मूर्तियां, मध्ययुगीन मंदिर तथा एक देवनागरी लेख, रायगढ़ जिले के वकरूल में दो खम्भे और मण्डपयुक्त अपूर्ण शिलाघटित गुफा और नागपुर के अदम नामक स्थल में पक्की मिट्टी के मण्डलकूप तथा मिट्टी के ठीकरे और किला में दो अरबी लेखयुक्त सिक्के, उड़ीसा के जिला ढेकानल में मंदिरों के अवशेष और जिला कालाहांडी के सरयार नामक स्थान में चित्रित शिलाश्रय तथा किसी राजा का ग्रीष्मकालीन स्नानागार; राजस्थान के भरतपुर जिले में दो प्राचीन स्थल तथा एक हवेली के अवशेष, उत्तर प्रदेश के जिला इटावा में उमराई, चकवा बुर्ज और लांगपुर में मध्यकालीन मंदिर, दुगावली में एक पुरानी मस्जिद, पचदेवरा, जसवंतनगर, लचवाली, कमेत मानकपुर, बिसु, महाराजापुर और सराय में एकदिल में मन्दिर; तमिलनाडु के चिंगलपट्ट जिले में एरिकलंगल में प्रारम्भिक ऐतिहासिक स्थल और तमिल लेख, सिरखनाकुनरम में दुर्गामन्दिर, वेडक्कुपुत्तु में एक ध्वस्तप्रायः मन्दिर, बिखरी हुई मूर्तियां, अम्मन मन्दिर, पीतल की दुर्गा तथा भिक्षाटन प्रतिमायें, एकाश्मीय दीप तथा आइयेनार मंदिर; कोंजाराय मानबट्टू में महाशमीय स्मारक, प्रारम्भिक ऐतिहासिक युग की शिलें, शिला फलक पर तामिल लेख, पंचमुखी सर्प सहित शिव मंदिर, विष्णु और लक्ष्मी की मूर्तियुक्त लक्ष्मीनारायण जिला चेंगल पट्टू के उरथी में नवाश्म और सूक्ष्माश उपकरण, 18 पंक्तियों का तामिल लेख तथा एकाश्मदीपयुक्त विष्णु मंदिर, उत्तरी अर्काट जिले में पैरियाकुप्पम् में वीरगल तथा वीमाकुलम में नवाश्म उपकरण और तमिलनाडु के उत्तरी क्षेत्र और पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिले में बागोल, गन्टी, जलिथा, मदनमोहनपुर और शिरोमणिपुर में मध्यकालीन मंदिर, हुगली जिले में 11 सोने के सिक्के, 45 सोने के मनके, जलपइगुड़ी जिले में 786 चांदी के सिक्के एवं पश्चिम दीनाजपुर जिले में विष्णु की प्रस्तर प्रतिमा।

स्थापत्य — सर्वेक्षण

2.5 मध्य प्रदेश में रावेर जिला खरगोन में प्राचीन सराय पेशवा बाजीराव-1 की छतरी का प्रलेखीकरण तथा देवास, उज्जैन, धार और मन्दसौर जिलों में परमार मन्दिरों का सर्वेक्षण किया गया। पुरगीलाना तथा कोठारी जिला झालावार, राजस्थान में परमार मन्दिरों का विस्तृत अध्ययन और प्रलेखन के प्रयोजन के लिए सर्वेक्षण किया गया।

कर्नाटक में चोल मन्दिरों का सर्वेक्षण किया जा रहा है। दिल्ली में दारा शिकोह के पुस्तकालय जैसे धर्मनिरपेक्ष भवनों, फ्लैग स्टाफ टावर के आसपास का क्षेत्र, बदली की सराय, रंगमहल क्षेत्र, सुलतान गारी मकबरे के अवशेषों, उत्तर प्रदेश में कनखल, जिला सहारनपुर, तथा राजस्थान के जिला जैसलमेर के भवनों तथा पुरावस्तुओं संबंधी अवशेषों का अध्ययन तथा प्रलेखन के लिए सर्वेक्षण किया गया था।

खुदाई

2.6 बिहार के जिला मुज्जफ्फरपुर में कुशी, ज़िला कुरुक्षेत्र के थानेश्वर में, जिला हिसार; (हरियाणा) के बनवाली, हम्पी, ज़िला बेल्लारी और सन्नती, ज़िला गुलबर्गा (दक्षिण एशियाई अध्ययन सोसायटी, लंदन के सहयोग से) कर्नाटक, खजुराहो जिला छतरपुर, (मध्य प्रदेश), दौलताबाद ज़िला औरंगाबाद, (महाराष्ट्र), ललितगिरी तथा उदयगिरी जिला कटक (उड़ीसा), संघोल ज़िला लुधियाना (पंजाब); श्रावस्ती, ज़िला बहराइच (उत्तर प्रदेश) (कनसाई विश्वविद्यालय, जापान के सहयोग से), बल्लालदिपी, जिला नदिया (पश्चिम बंगाल) में खुदाइयां शुरु की गई थीं।

रोचक संरचनात्मक अवशेषों तथा अनेक पुरावस्तुओं को उत्खनन के फलस्वरूप प्रकाश में लाया गया। उनमें से प्रमुख हैं : कुशी में मृण्मय आकृतियां, मनके, शंकुक-वस्तुएं, मोहर तथा मुद्रांकन, प्लेट्स, ईंट-भट्टें तथा कुषाणकालीन बर्तन, थानेसर में उत्तर मध्यकालीन इतिहास की पुरावस्तुएं, हम्पी में मंडप के चिन्ह, पत्थर का जलाशय, जल एकत्र करने और बन्द नाली, कुंओं की ओर ले जाने वाली मिट्टी के पाइपों सहित ढका हुआ मार्ग, एक महाद्वार, वीरभद्र मन्दिर का अर्ध मंडप, नवरंग, अनेक वास्तुकला संबंधी वस्तुएं, चबूतरों के अवशेष तथा उत्तर-दक्षिण की ओर एक नाली, सन्नाती में स्तूप के दक्षिण भाग पर एक वर्गाकार ईंटों का चबूतरा, सातवाहन के कांस्य सिक्के, शीशे के मनके तथा ताम्बा मिश्रित धातु की वस्तुएं, दौलताबाद में ध्वस्त लेखांकित प्रस्तर खंड, एक आयताकार ईंट का प्लेटफार्म, मिट्टी के मनके, कुण्डल, पशु आकृतियां, गोट, एक कटार, भाले, मृदभांड, पत्थर व शीशे के मनके, मोहरे, लोहे के बाण के सिरे, मिट्टी के लैम्प, तकलियां, कीलें, एक तलवार, कौड़ी, मिट्टी की पशु-आकृतियां मानव-सिर, माला-कुण्डल, यादव और मुस्लिम काल के गहने और मिट्टी के बर्तन आदि अनेक पुरावस्तुएं हैं।

पुरालेखविद्या

2.7 पुरालेखीय सर्वेक्षण के दौरान, अध्ययन के लिए भारत के विभिन्न भागों से 316 पत्थर के शिलालेख, 95 ताम्र पत्रों की प्रतियां तैयार की गई हैं। विभिन्न पुरालेखीय खोजों में प्रभुत्व है — हेमावती आंध्र प्रदेश से 12वीं शती का कन्नड़ रिकार्ड, जो मन्दिरों के पुनर्निर्माण के संबंध में है; 12वें और 14वें अशोकीय शिलालेखों से मिलता-जुलता सन्नति कर्नाटक से एक क्षतिग्रस्त चित्रित ब्राह्मी शिलालेख, द्विबरनाला, मध्य प्रदेश में; उड़ीसा में ललितगिरी का ब्राह्मी में प्राकृत अभिलेख; तमिलनाडु में तंजावूर से एक स्तम्भ शिलालेख; इलाहाबाद से एक सालन्कायान शिलालेख, मथुरा से प्राकृत और संस्कृत में अंकित अभिलेख, लखनऊ, उत्तर प्रदेश से मौखरी शासक ईशानवर्म्मन के एक संस्कृत प्रलेख।

बिहार, गुजरात, हरियाणा, राजस्थान, तथा तमिलनाडु से विस्तृत अध्ययन के लिए 111 फारसी और अरबी के शिलालेखों की प्रतियां तैयार की गई हैं।

स्मारकों का संरक्षण, परिरक्षण और पर्यावरण-संबंधी विकास

2.8 सामान्य देखभाल और रख-रखाव के अतिरिक्त भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण ने-7 पंचवर्षीय योजना के दौरान विशेष ध्यानार्थ 153 स्मारकों/स्थलों का विशेष संरक्षण किया है। संरक्षण कार्यक्रमों में स्मारकों और राष्ट्रीय महत्व के अवशेषों, जिनकी खुदाई की गई है, की संरचनात्मक मरम्मत और स्मारकों का रासायनिक परिरक्षण, दोनों शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 452 स्मारकों/स्थलों का कार्य भी शुरू किया जा रहा है।

आगरा के ताजमहल परिसर में ध्वस्तप्राय डासा अलंकरण, सीढ़ियों, बरामदों और फर्श के पत्थरों का नवीनीकरण, तथा झड़े हुए तथा जीर्ण-शीर्ण प्लस्तर की परतों को फिर से बनाया गया। क्षतिग्रस्त तथा विनष्ट पत्थरों को फिर से लगाया गया; जोड़ों पर टीप की गई तथा तक्षित एवं अलंकृत पत्थरों तथा पीने के पानी का प्रावधान किया गया और पश्चिम की ओर के फव्वारों का अनुरक्षण किया गया।

2.9 आगरा किला परिसर में क्षीण तथा खोये हुए पत्थरों को पुनः लगाने, कंगूरों का पुनर्निर्माण, टीपकारी व प्लास्टर का कार्य पूर्ण किया गया था। जामा-मस्जिद, आगरा में दो मीनारों के क्षत-विक्षत भाग का पुनर्निर्माण, अकबर के मकबरे के मुख्य छत की पुरानी गचकारी का नवनिर्माण तथा बाहरी दीवारों के पुनः प्लास्टर का कार्य भी किया गया है तथा चीनी-के-रोज़े, आगरा में नदी की ओर लाखोरी ईंट की रक्षण दीवार भी बनाई गई है।

बद्रीनाथ मंदिर, द्वाराहट पर टूटी तारों तथा गिरी हुई दीवारों की मरम्मत, टूटी तथा खराब पत्थर की दीवार का पुनर्निर्माण तथा राधा वल्लभ मंदिर, वृंदावन पर ध्वस्त पत्थरों की टीपकारी करना भी शामिल है।

औरंगाबाद मंडल में ऊबड़ खाबड़ पत्थर के फर्श को पुनः ठीक करने के साथ-साथ प्लास्टर को हटाने और दौलताबाद किले पर हेमाड़पंथी मंदिर का जीर्णोद्धार और अंजता, एलोरा पर मरम्मत का कार्य चल रहा है। ताम्बदे सुर्ला के महादेव मंदिर की छत के टूटे और खोये हुए छत के पत्थर बदलने और मंदिर के आसपास मखमरी पत्थर की पटरी का कार्य से कैथड्रल के दरवाजे, खिड़कियों की मरम्मत का कार्य तथा लकड़ी पर परिरक्षण रसायन लगाने; सेंट आगास्टीन चर्च की सतह को दिखाने हेतु मलवा साफ करने; वेलहा गोवा के बोम जीसस चर्च के जीर्ण शीर्ण और खोए हुए भाग की मरम्मत और ओगोडा किले की दीवार के गिरे भाग की दरारों को भरने, और कुर्दी के महादेव मंदिर को स्थानांतरित करने के लिए नींव रखने का कार्य सम्पन्न होने के विभिन्न चरणों में है।

बंगलौर मंडल में, असार महल बीजापुर की चारदीवारी का पुनर्निर्माण तथा किनारे के पत्थरों को पुनः लगाने, तालाब के किनारे सीमेंट कंकरीट बिछाने तथा अमरुतेश्वर मंदिर की नींव सुदृढ़ करने के पश्चात् पूर्वीय तथा दक्षिण प्राकारा के धंसे हुए भाग की पत्थर दीवार की मरम्मत का कार्य चल रहा हैं।

2.10 भोपाल मंडल में 4 व 6 गुफाओं में आर सी सी के निर्माण और बाग गुफाओं की छत पर चूना कंकरीट बिछाने, कोशक महल के फेसिंग पत्थरों की मरम्मत, चंदेरी में जामा मस्जिद, गुम्बदों की वाटर टाईटिंग, सतह प्लेटफार्म की मरम्मत तथा खजुराहो के मंदिर के चारों ओर के पुरातत्त्व क्षेत्र को चारदीवारी से घेरने का कार्य पूर्ण होने के विभिन्न स्तरों पर है।

कलकत्ता मंडल में, कूच बिहार के महल में भोजनशाला तथा नाच घर की मरम्मत, विष्णुपुर के मुरली मोहन तथा दूसरे मंदिरों का अनुरक्षण, वैदपुर कालना में रामचन्द्र मंदिर समूह और मालदा की लोटन, गुनमंत, चामकटी मस्जिदों, लूकाचरी दरवाजा अदीना मस्जिद आदि में मरम्मत का कार्य; बासबेड़ियों की हंसेश्वरी तथा वासुदेव मंदिरों की चारदीवारी; मुर्शिदाबाद में हजारद्वारी महल और कटरा में मुर्शीद कुली खान की मस्जिद और उसके मज़ार के मरम्मत का कार्य सम्पाप्ति पर है।

चंडीगढ़ मंडल में लाहौल और स्पीति घाटी के ऐतिहासिक बौद्ध विहार ताबु की संरचनात्मक मरम्मत; कांगड़ा किले के अंदर हम्माम और कब्रगाह के पास तथा जहांगीरी तथा अंधेरी द्वारों के बीच पुश्ता दीवारों का पुनर्निर्माण, आदिनाथ तथा अम्बिका देवी के मंदिरों के चारों ओर से मलवा हटाने का कार्य और किले की कोठरियों के फर्श की मरम्मत चम्बा की चामुंडा देवी की भग्न पुश्ता दीवार का निर्माण तथा खरंजा लगाने का कार्य और मंडी के अर्द्धनारीश्वर मंदिर के चबूतरे का परिरक्षण शीघ्र ही पूरा किये जाने की स्थिति में है।

दिल्ली मंडल के अन्तर्गत आदिलाबाद किले के भग्न भागों और ढहती दीवारों का जीर्णोद्धार, कुतुबमीनार की पहली मंजिल में जंग खाये हुये लोहे की चिमटों का बदलाव, हुमायुं के मकबरे का स्थापत्यीय अनुरक्षण, ईसा खान के मकबरा, बावली मस्जिद और उसके निकट दूसरी मस्जिद के छत और फर्श की मरम्मत, कोटला फिरोजशाह के परकोटे के दक्षिणी भाग का पुनर्निर्माण और लाल किले की पूर्वी दीवार में संगमरमर की चौखटें लगाने का कार्य लगभग पूर्ण होने को है।

हैदराबाद मंडल में चंद्रगीरी किले के भीतर राजा-रानी महल के छत की मरम्मत तथा छज्जे के टूटे और खोये हुए पत्थरों के लगाने का कार्य, गुलबर्गा की मस्जिद की छत और गुम्बदों के प्लस्तर का नवीनीकरण तथा इस स्मारक में जाली लगाने का कार्य, गूटी किले की दीवार की दरारों को भरने का कार्य, ताडीपतरी के श्री चीनतला वेंकटरमन्ना मंदिर के झुके हुए कल्याण मंडप का पुनर्निर्माण, लेपाक्षी मंदिर के एकाश्म वृष के आसपास क्षेत्र में सुधार; नंदलर के श्री सोमायानंद मंदिर के गोपुर की बाहरी भाग के प्लास्टर का नवीनीकरण और गोलकुण्डा दुर्ग की कोठरियों के फर्श तथा छतों की मरम्मत का कार्य प्रगति पर है।

2.11 जयपुर मंडल में इस वर्ष के लिए भरतपुर किले की खाई, दीवारों की संरचनात्मक मरम्मत, किले की दीवारों के दरार वाले भागों का पुनर्निर्माण, डीग महल के गोपाल भवन में महारानी के कमरे में टूटी कड़ी को बदलने, भरतपुर में जवाहर बुर्ज के तटबंध को भरने, देव सोमनाथ की टूटे पत्थर कड़ी और सरदल बदलने, जैसलमेर किले के टूटे हुए भाग का पुनर्निर्माण, टोंक तथा चित्तौड़गढ़ में स्मारकों की संरचनात्मक मरम्मत तथा लखनऊ मंडल में गुलाब बाड़ी, फैजाबाद के बाहर चार दीवारी पर स्पष्ट तथा सांचे में ढले चूना प्लास्टर का पुनर्निर्माण, पीपरावाहाके स्तूप व विहार की नयी नींव रखने और टीपकारी के कार्य; झांसी किले में दीवारों का चूना प्लास्टर करने, कक्षों की मरम्मत तथा फर्श बिछाने के कार्य इस वर्ष आरंभ किए गए हैं।

मद्रास मंडल में पांडिचेरी के पंचनंदेश्वर मंदिर के अन्तर्गत अमन देवालय की टूटी कड़ियां बदलने, कुदमियाँ मलै पुदुकोटै के श्री शिखानाथ स्वामी के मंदिर के मलयाण मंडप की छत तथा छज्जे के पत्थरों का पुनर्निर्माण और मरम्मत; कलत्तर श्री सुंदरचोटीश्वर मंदिर की छत की टपकन की रोक; मत्तकोइल नंगुपट्टी के अमन मंदिर और मंडप के खम्भों, बल्लियों और छत के प्लस्टरों का पुनर्निर्माण और तुरुमुरुगा पोण्डी पेरियर के मुरुगनाथ स्वामी मंदिर के प्राकार की मरम्मत और पटना मंडल में सारनाथ के धार्मिक स्तूप और अनुग्रह स्तूप, नालंदा के अवशेषों की मरम्मत कराई और सासाराम के हुसैन शाह और शेरशाह के मकबरों और कुम्राहार के अवशेषों के लिए रास्ते बनाये और कुम्राहार के आहाते की मरम्मत की।

इसी प्रकार श्रीनगर तथा बड़ोदरा में भी संरचनात्मक मरम्मत और जीर्णोद्धार के आरंभ किए गए कार्य पूर्ण किए जा रहे हैं।

रासायनिक परिरक्षण

2.12 भारत के पुरातत्त्वीय सर्वेक्षण की विज्ञान शाखा ने देहरादून में अपने मुख्य कार्यालय तथा भुवनेश्वर, हैदराबाद, अजंता, इंदौर, आगरा, मद्रास, पटना, चंडीगढ़, औरंगाबाद, मैसूर, बड़ोदरा और दिल्ली में क्षेत्रीय व मंडलीय कार्यालयों के साथ केन्द्रीय अनुरक्षित स्मारकों, अवशेषों तथा स्थलों पर रासायनिक संरक्षण कार्य आरंभ किया था।

असम में शिवसागर में शीवदोल तथा विष्णुदोल में तथा दमन के संघ शासित क्षेत्र में काई की बढ़ोतरी को हटाने के लिए रासायनिक सफाई तथा पवित्र जीसस चर्च के दूषित व खराब हुए चित्रों की रासायनिक उपचार आरंभ किया गया।

गुजरात में रासायनिक अनुरक्षण कार्य से पाटन में रानी-की-वाव की भूमि पर भगवान शिव, विष्णु तथा वराह की मूर्तियों की सुंदरता दिखाई पड़ती है। मोढेरा में सूर्य मंदिर के ढांचे और मूर्तियों के विघटित पत्थर को संरक्षित करने के उद्देश्य से रासायनिक यांत्रिक साधनों द्वारा चूना प्लास्टर के पुराने और सख्त अन्तवर्कता को हटाने का कार्य पूर्ण होने को है।

2.13 मध्य प्रदेश में, बाग गुफाओं में से इपोक्सी रेज़ीन तथा गुफा सं. 4 से फाइबर ग्लास में भित्ति चित्र तैयार किया गया है तथा खुजराहो के कंदरिया महादेव मंदिर के महामंडप के उत्तर की ओर पुरोहरण बढ़ोतरी को रसायनिक तौर से हटाया गया है तथा मूल संरचना और सुंदरता को बनाए रखने के लिए मरम्मत की गई थी। महाराष्ट्र में अजंता गुफाओं में विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के अनुसार माडल कार्य के अतिरिक्त गुफा सं. 17 की पूर्वी दीवार पर रासायनिक उपचार द्वारा मानव के सुंदर चित्रों के साथ जानवरों के पेवलियन प्रस्तुत तथा संरक्षित किए गए है तथा ऐलोरा के कीर्ति स्तंभ, ध्वज स्तंभ और कैलाश मंदिर (गुफा सं. 16) की मूर्तियों का रासायनिक उपचार किया जाना था।

ऐलोरा (महाराष्ट्र) में रासायनिक उपचार के फलस्वरूप बौद्ध धर्म से सम्बद्ध तीन ताल गुफा (गुफा नं. 12) में कुछ उड़ती हुई आकृतियां बोधिसत्व के दोनों ओर खड़े परिचारक तथा पत्रलता को दर्शाते हुए नये भित्ति चित्र प्रकाश में आए।

उड़ीसा में कोणार्क सूर्य मंदिर के उपचार किए गए भागों के संरक्षण के साथ जगमोहन मन्दिर की सतह दीवार से काई की बढ़ोतरी को समाप्त करने के लिए रसायनिक सफाई जारी थी तथा तमिलनाडु में तंजावूर में बृहदेश्वर मंदिर की मुख्य प्रतिमा के मार्ग के कक्ष सं. 10 में डीस स्टेको प्रक्रिया द्वारा नायिका चित्रों को अलग करके चोलकालीन भगवान विष्णु के एक सुंदर चित्र तथा खड़ी हुई मुद्रा में दो महिलाओं के चित्रों को स्पष्ट किया गया है।

उत्तर प्रदेश में ताजमहल आगरा की बाहरी संगमरमर दीवार पर ऊपरी सतह के कारण आए पीलेपन को हटाने के लिए मिट्टी पैक तकनीक आरंभ की गई। शहज़ादा खुसरो के मकबरे की दीवारों को बाहर से मिट्टी, गंदगी तथा सूखी काई की बढ़ोतरी की अभिवृद्धि को हटाने के लिए उनकी रासायनिक तरीके से सफाई की गई। इसके साथ-साथ इलाहाबाद में खुसरो बाग में

फफूंदी नाशक उपचार तथा अभिरक्षण किया गया। अल्मोड़ा में जगेश्वर मंदिरों की बाहरी सतह पर से अलगे, फुंगी तथा पश्चिम बंगाल के हजारद्वारी महल में विभिन्न संग्रहालय वस्तुएं जैसे चित्र, संगमरमर वस्तुएं, हाथी दांत की वस्तुएं, धातु के शो पीस, लकड़ी का फर्नीचर तथा पुस्तकालय में संग्रह की गई पुस्तकों का रसायनिक उपचार किया जा रहा है।

प्रयोगशालाएं

2.14 आगरा में वायु प्रदूषण प्रयोगशाला आगरा के प्रसिद्ध स्मारकों पर प्रभाव डालने वाली सल्फर गैसों तथा विभिन्न अन्य तत्वों का लगातार अनुश्रवण कर रही है तथा उन्हें रोकने के लिए अनुसंधान कर रही है। देहरादून में ए.एस.आई. की केन्द्रीय प्रयोगशाला स्मारकों, पुरावस्तुओं तथा चित्रों का संरक्षण तथा रासायनिक उपचार की सहायता विभिन्न समस्याओं से सम्बन्धित भिन्न-भिन्न अनुसंधान परियोजनायें चला रहा है। इसी प्रकार मृदभाण्ड तथा अन्य वस्तुओं पर भी प्रयोगशाला में अध्ययन किया जा रहा है।

ताबू मठ, खुसरो बाग, डीग महल, किला अंदरून (पटियाला) से प्राचीन चित्रों से रंगद्रव्यों का अध्ययन आरंभ किया गया है। अंकोर वट मंदिर कम्पूचिया पर कार्य कर रही रसायन शाखा से ए.एस.आई. दल के विशेषज्ञ रासायनिक उपचार तथा परिरक्षण का कार्य कर रहे हैं। प्रक्रिया में क्राईप्टोगेमिक बढ़ोतरी कनसोलीडेशन को हटाने के लिए रसायन तथा विरोधी सूक्ष्म जीव-विज्ञानी उपचार और परिरक्षण शामिल है।

भूटान सरकार की इच्छानुसार विज्ञान शाखा से एक दल विभिन्न मठों में चित्रों को ठीक करने का कार्य कर रहा है।

पर्यावरणात्मक विकास

2.15 उद्यान विज्ञान शाखा द्वारा आगरा में अपने मुख्य कार्यालय तथा दिल्ली, आगरा और मैसूर में मंडलीय कार्यालयों के साथ मुख्य उद्यान वैज्ञानिक के अधीन पर्यावरण संबंधी तथा उद्यान विज्ञान कार्यों का पर्यवेक्षण किया जा रहा है। जम्मू व कश्मीर में अवंतीपुर में परिहासपुर, अवंतीस्वामी मंदिर तथा अवंतीश्वर मंदिरों में तंजावूर में वृहदेश्वर मंदिर, तमिलनाडु में गंगायकोन डेचोलापुरम, पश्चिम बंगाल के विश्नपुर में कलाचंद तथा राधामाधव मंदिर, उत्तर प्रदेश जौनपुर में शाही किले में भू-दृश्य तथा नए पुरातत्वीय उद्यान विकसित किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

ताजमहल आगरा, उत्तर प्रदेश, हुमायूँ का मकबरा तथा लालकिला नई दिल्ली, बीबी का मकबरा औरंगाबाद तथा शनवारखड़ा, पुणे, महाराष्ट्र, चित्तौड़गढ़ किला, राजस्थान, वेल्हा गोवा, गोवा में चर्च के आस-पास प्रसिद्ध पुरातत्वीय उद्यानों का उचित रूप से पर्यवेक्षण किया जा रहा है।

स्थल संग्रहालय

2.16 सर्वेक्षण की संग्रहालय शाखा देश में फैले 29 स्थल संग्रहालयों की देखभाल करती है। यह शाखा कलकत्ता में मुख्य कार्यालय के साथ दिल्ली, कलकत्ता, मद्रास तथा वेल्हा गोवा में स्थित चार क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ कार्य कर रही है।

2.17 सिंहपुर महल, चंदेरी, ग्वालियर का किला, मध्य प्रदेश; हजारद्वारी महल, मुर्शीदाबाद, पश्चिम बंगाल; राजामहल चंद्रगिरि, आंध्र प्रदेश में नए संग्रहालय स्थापित करने का कार्य प्रगति पर है। हजारद्वारी महल, मुर्शीदाबाद में 9 वीथियों के संगठन और रसायनिक उपचार तथा पांडुलिपियों और पुस्तकों का प्रबंध का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। दिल्ली के लाल किले में स्थित संग्रहालयों, पुराना किला और भारतीय युद्ध स्मारक संग्रहालयों में, आंध्र प्रदेश में कोंडापुर, अमरावती और नागार्जुनकोंडा, बिहार में बौद्ध गया, नालन्दा और वैशाली, गुजरात में लोथल, गोवा में वेल्हा गोवा; कर्नाटक में ऐहोल बादामी, बीजापुर, हम्पी, हड़ेविदुर और श्रीरंगपटनम, मध्य प्रदेश में खजुराहो और सांची, उड़ीसा में कोणार्क, राजस्थान में कालीबंगा और उत्तर प्रदेश में सारनाथ में वीथियों के पुनर्संगठन का कार्य प्रगति पर है।

2.18 सारनाथ के स्थल संग्रहालय में भारी संख्या में आने वाले दर्शकों के लिए आवधिक व्याख्यान के लिए एक निकट वृत्तीय दूरदर्शन यंत्र लगाया गया है।

ऊपर दी गई सूची के विभिन्न संग्रहालयों में प्रदर्शित वस्तुओं के सूचकांक और चित्र प्रलेखन के कार्य में काफी प्रगति हुई है।

2.19 रत्नागिरि में स्थल संग्रहालय के लिए भवन का कार्य लगभग पूरा होने को है। रोपड़ में स्थल संग्रहालय के लिए भवन का कार्य हाल ही में शुरू किया गया है और वीथियों के गठन के लिए तैयार किया जा रहा है।

2.20 विभिन्न स्थानीय प्रदर्शनियों के अतिरिक्त इन अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियों के लिए पुरातत्व और कला वस्तु उपलब्ध कराई गई थीं:

सोवियत संघ मास्को में भारत महोत्सव, के दौरान "द्रुज्बा दोस्ती",

जापान में भारत महोत्सव के दौरान नारा में "सिल्क रोड एक्सपोजीशन"।

2.21 19.11.88 से 25.11.1988 के बीच मनाये गए "विश्वदाय सप्ताह" के दौरान आंध्र प्रदेश, बिहार, दिल्ली, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में स्मारकीय दाय पर चित्र प्रदर्शनियां आयोजित की गईं।

नवम्बर 1988 में महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय की तीसरी शताब्दी मनाई गई।

यूनेस्को आई.सी.ओ.एम. ओ.एस.

2.22 16 नवम्बर 1972 को यूनेस्को के 17वें सत्र में आम सभा द्वारा पारित किए गए विश्व सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत संरक्षण के लिए सम्मेलन आयोजित किया गया और 1977 में भारत द्वारा इसकी अभिपुष्टि की गई।

2.23 विश्वदाय समिति ने 1977 में हुई अपनी बैठक में विशिष्ट सार्वभौमिक मूल्यों के सांस्कृतिक और प्राकृतिक स्थलों को शामिल करने के लिए नामांकन पत्र आमंत्रित करने का निर्णय किया गया है। भारत ने 25 सांस्कृतिक स्थलों के संबंध में प्रस्ताव भेजा है जिनकी सूची संलग्न है। इसके अतिरिक्त कथित सूची में 9 राष्ट्रीय स्थलों को भी शामिल करने का प्रस्ताव है। 1987 के अंत तक 25 सांस्कृतिक स्थलों में से 13 विश्व विरासत सूची में शामिल किए जा चुके हैं।

2.24 भारत सरकार के निर्णयानुसार भारत में विश्वदाय स्मारकों और स्थलों की उन्नति के लिए 18 अप्रैल, 1988 को विश्वदाय दिवस मनाया गया। तदनुसार 13 विश्वदाय स्मारकों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। दर्शकों को यादगार के लिए एक सुरुचिपूर्ण सांकेतिक पास भी दिया गया। धातु पट्टिकाएं जिन पर विश्वदाय शब्द लिखे हुए थे और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने उपरोक्त सभी स्मारकों का विश्वदाय के स्तर की शिलालेखों से प्रचार किया और इन समारोहों पर प्रकाश डालने के लिए कपड़े के बैनर लगा दिए। इन स्मारकों के विशिष्ट संदर्भ में भारतीय विरासत पर फिल्म शो और पुरातन कलाओं और ऐतिहासिक कलाओं पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन इस समारोह का एक भाग थे।

2.25 भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण ने भारत की स्वर्गीय प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की वर्षगांठ के अवसर पर सारे देश में 19 नवम्बर से 25 नवम्बर तक विश्वदाय सप्ताह मनाया। दिल्ली में, भारत में विश्वदाय स्मारकों पर दो चित्र प्रदर्शनियां, बाल भवन में कलाकारियों, पक्षियों और जानवरों के चित्रांकन, खेलों और पुरातन मनोरंजन के तरीकों, बौद्ध दन्त कथाओं आदि पर बल दिया गया।

पुरातत्त्व संस्थान

2.26 भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण ने, पुरातत्त्व के विभिन्न विषयों में प्रशिक्षण और अनुसंधान की बढ़ती हुई आवश्यकताओं को जुटाने के लिए 1959 में एक पुरातत्त्व स्कूल स्थापित किया। व्यावहारिक प्रशिक्षण देने के लिए इसका नाम बदल कर पुरातत्त्व संस्थान रखा गया और 1986-88 में इसका पहला सत्र शुरू किया गया।

2.27 1986-88 के वर्ग का पुरातत्त्व प्रशिक्षण में दो वर्ष का स्नातकोत्तर डिप्लोमा पूर्ण हो गया है। सितम्बर 1988 में प्रशिक्षणार्थी संस्थान से चले गये, 1987-89 के वर्ग के विद्यार्थियों का प्रशिक्षण प्रगति पर है और 1988-90 के लिए चयन का कार्य पूर्ण हो गया है और 15 प्रशिक्षणार्थी चुन लिए गए हैं। इस वर्ग के विद्यार्थी हरियाणा में थानेश्वर क्षेत्र में उत्खनन का प्रशिक्षण ले रहे हैं।

2.28 जून-जुलाई 1988 में हिमाचल प्रदेश में कांगड़ा में संरचनात्मक तथा रसायन संरक्षण में एक अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें संस्थान के 87-89 के वर्ग के विद्यार्थियों और भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण के 16 मनोनीत व्यक्तियों और पुरातत्त्व राज्य विभागों और अन्य संस्थानों द्वारा भाग लिया गया। पुरालेखों और मुद्राशास्त्र पर एक अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वर्ष 1988-89 के दौरान पुरालेख में उच्च अध्ययन/अनुसंधान, पुरातत्त्व, लुप्त भाषाओं, लिपियों और मुद्राशास्त्र के लिए अध्येतावृत्ति प्रदान करने के लिए 6 आवेदकों का चयन किया गया है।

प्रकाशन

2.29 सुरकोटाडा उत्खनन की रिपोर्ट प्रेस में है। मंदिरों के पुरातत्त्व सर्वेक्षण की शृंखला में "प्रतिहार मंदिर" और "खुजराहो मंदिर" भी प्रेस में है।

पुरालेख पर पुस्तकें, 1974-75, 1979-80 और 1980-81 वर्षों की वार्षिक रिपोर्ट, एपीग्राफिका इंडिका खंड 40 (भाग 3-7), 41 और 42 सभी छापे जायेंगे। इन्सक्रिप्सन्स कारपस इण्डिकेरम् की श्रृंखला में खंड सात (भाग 2) और दक्षिण भारतीय शिलालेख खंड 26 भी पूरे किये जायेंगे। पुनर्प्रकाशन कार्यक्रम के अन्तर्गत, सूचकांक और अन्य प्रकाशन जो इस समय स्टॉक में नहीं है, भी छापे जायेंगे।

केन्द्रीय पुरातत्त्व पुस्तकालय

2.30 भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण के केन्द्रीय पुरातत्त्व पुस्तकालय में 87,791 पुस्तकें है जिनमें अधिकतर पुरातत्त्व की विभिन्न शाखाओं पर दुर्लभ पुस्तकें है। 1988-89 के दौरान 1949 नई पुस्तकें और पत्रिकाएं संग्रह में शामिल की गई हैं।

विदेशों में अभियान

2.31 गत वर्ष के कार्यक्रम के क्रम में भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण के 13 सदस्यों का एक दल अंकोर वट के मन्दिर परिसर के रसायनिक संरक्षण और संरचनात्मक अनुरक्षण के लिए कम्पूचिया भेजा गया और भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण के सभी सदस्यों का एक दल लुआंडा- (अंगोला), में "केन्द्रीय सशस्त्र सेवा संग्रहालय का नवीकरण" परियोजना कार्य के लिए प्रतिनियुक्त किया गया।

सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम

2.32 भारत-नीदरलैण्ड सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम के अंतर्गत दो प्रतिनिधि अप्रैल, 1988 में आये, भारत-अफगान के अन्तर्गत अगस्त 1988 में एक प्रतिनिधि आया, भारत-सोवियत संघ के अंतर्गत नवम्बर-दिसम्बर, 1988 में एक प्रतिनिधि आया, और भारत-जर्मन प्रजातांत्रिक गणतंत्र के अंतर्गत जनवरी, 1989 में दो प्रतिनिधि आए।

2.33 भारत-अफगान; भारत-बहरीन; भारत-बंगलादेश; भारत-मिस्र; भारत-फ्रांस; भारत-इटली; भारत-यूनान; और भारत-चैक के सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रमों के आदान-प्रदान को कार्यान्वित करने की कार्रवाई की गई।

2.34 भारत-फ्रांस विनिमय कार्यक्रम के अंतर्गत फ्रांस से 8 सदस्यों के एक दल ने भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण के सहयोग से हरियाणा के रोहतक-जींद-हिसार क्षेत्र का संयुक्त पुरातात्विक कार्य शुरू किया है और क्षेत्र के सांस्कृतिक क्रम को सुनिश्चित करने के लिए परीक्षण खाइयां खोदी गईं।

सार्क कार्यकलाप

2.35 भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण से 4 सदस्यों का एक प्रतिनिधि मंडल दिसम्बर, 1988 में इस्लामाबाद गया और तीसरे दक्षिणी एशियाई पुरातात्विक कांग्रेस में भाग लिया।

स्मारक और पुरावस्तु

2.36 प्राचीन स्मारक, पुरातात्त्विक स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 में किए गए प्रावधान के अनुसार निम्नलिखित 16 स्मारक राष्ट्रीय महत्त्व के घोषित किए गए हैं :—

सराय शाहजी में स्मारक समूह,दिल्ली; सुरकोटाडा, जिला कच्छ, गुजरात में प्राचीन स्थल; गांव गोराज, ज़िला वडोदरा, गुजरात में प्राचीन स्थल; तिसारू, लेह, जम्मू एवं कश्मीर में प्राचीन स्तूप; नौरंगाबाद, जिला भिवानी हरियाणा में प्राचीन स्थल; अरातीपुर जिला मंड्या, कर्नाटक में प्राचीन जैन स्मृति चिन्ह बरहट, रेवा, मध्य प्रदेश में शिलाश्रय महाश्म और बिहार आदि; गऊ मुख नाथ मन्दिर, नचना, जिला पन्ना, मध्य प्रदेश; बटेश्वर में मन्दिरों का समूह, जिला मोरेना, मध्य प्रदेश; उक्काद में उकादेश्वर मन्दिर और महादेव मन्दिर, जिला भिंड, महाराष्ट्र; भुवनेश्वर महादेव मन्दिर भुवनेश्वर, जिला कटक, उड़ीसा; झोर में बाबर उद्यान स्थल, जिला धौलपुर, राजस्थान; दुब्दी मठ, सिक्किम, सिक्किम की प्राचीन राजधानी, रबेनत्से का स्थल युकसन के समीप नोरबूगंज का राज्याभिषेक स्थल, सिक्किम, और वक्षनगर में प्राचीन अवशेष, पश्चिमी त्रिपुरा, त्रिपुरा।

2.37 पुरावशेष एवं कला निधि अधिनियम, 1972 के कार्यान्वयन के संबंध में पर्याप्त प्रगति की गई है। सितम्बर 1988 तक 7419 पुरावशेषों को पंजीकृत किया गया।

2.38 रोकी गई कला वस्तुओं की जांच के लिए जो बैठकें हुई थीं उन सभी 17 अपील बैठकों में सीमा शुल्क केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो के साथ-साथ निजी मालिकों द्वारा भी भाग लिया गया था। भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण के अपीलीय प्राधिकरण द्वारा 210 वस्तुओं की जांच की गई थी, जिनमें से 66 वस्तुओं को पुरावशेष और शेष 144 वस्तुओं को पुरावशेष नहीं पाया गया।

2.39 विभिन्न विदेश प्रदर्शनियों में पुरावशेषों के लिए 12 अस्थायी निर्यात अनुमति-पत्र 4196 पुरावशेषों/चित्रकला के लिए जारी किए गए।

केन्द्रीय रूप से संरक्षित किए गए विभिन्न स्मारकों से मूर्ति की चोरी के 6 मामले तथा मूर्ति की क्षति का एक मामला सूचित कर दिया गया था। ये केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो को जांच के लिए सूचित कर दिए गए हैं। पुरावशेषों से संबंधित फर्मों के लाइसेंस के नवीनीकरण के लिए लाइसेंस अधिकारी द्वारा 5 पुरावशेष दुकानों का निरीक्षण किया गया था।

भारत उत्सव

2.40 सोवियत संघ में भारत उत्सव के दौरान भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण से 8 सदस्यों ने शीर्षक द्रुज्बा-दोस्ती पुरातत्त्व अनुभाग नामक प्रदर्शनी में भाग लिया और भारत उत्सव के दौरान नारा, जापान में "सिल्क रोड एक्सपोजीशन" प्रदर्शनी के लिए 10 कलावस्तुएं उधार दी गई थीं।

औद्धारिक पुरातत्व

2.41 नर्मदा घाटी परियोजना के दौरान इन्दिरा सागर परियोजना के आप्लावित क्षेत्र में महत्वपूर्ण पुरातत्व संबंधी सम्पत्ति के उद्धार के लिए एक व्यापक खोज की जा रही है।

2.42 गोवा में कुर्दी के महादेव मन्दिर के स्थानांतरण के लिए दूसरे स्थान में नींव रखे जाने का कार्य प्रगति पर है।

आंध्र में श्रीशैलम बांध निर्माण के कारण, आलमपुर में कुडावल्ली संगमेश्वर मंदिर को गिरा दिया गया था और दूसरे स्थान पर मूल रूप में इसका पुनर्निर्माण शुरु कर दिया गया था। नए स्थान आलमपुर में मंदिर का पुनर्निर्माण कार्य प्रगति पर है।

समुद्री पुरातत्त्व

2.43 अब भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण ने समुद्री पुरातत्त्व के लिए राष्ट्रीय समुद्री विज्ञान संस्थान गोवा के साथ सहयोग किया है। इसके लिए प्रशिक्षण एवं अन्य कार्यकलापों के लिए इसने अपने कर्मचारियों को प्रतिनियुक्त किया है।

अध्याय 3

संग्रहालय

1. भारतीय कला और पुरातत्त्व संग्रहालय

राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली

क्रय

3.1 82,37,842.50 रुपए की राशि की 840 कला-वस्तुओं का लिखित प्रमाण सामान्य प्राप्ति रजिस्टर में दर्ज किया गया।

श्री कृष्ण संग्रहालय, कुरुक्षेत्र के लिए दो कला वस्तुएं अर्थात् (1) पत्ते के फलक पर कृष्ण-लीला का दृश्य दिखाते हुए एक पेंटिंग और (2) कृष्ण-लीला पर 47 चित्रों सहित एक पांडुलिपि 45,000/- रुपए में क्रय की गई, तथा दर्ज की गई।

3.2 इस अवधि के दौरान खरीदी गई अन्य उत्कृष्ट कला-वस्तुएं हैं : मैसूर स्कूल पेन्टिंग्स, केरल के हाथी दांत की पालकी और कल्पसूत्र की चित्रों सहित पांडुलिपियां, ऊनी शालें, चार फुल्कारी, राजस्थानी पेन्टिंगें, पद्मटंका का सोने का सिक्का, नादिरशाह का सोने का एक सिक्का, एक क्लब, सोने की पच्चीकारी, एक सोने की पच्चीकारी वाली तोड़ेदार बंदूक; सोने की एक हंसुली, सोने और हीरे की चूड़ियों का एक जोड़ा, पालकी के चार पायों का एक सैट, फारसी में औरंगजेब का फरमान; एक चित्रित जैन पिछवई; कशीदे वाली चद्दरें; कशीदाकारी के ऊनी चोगे; वलूचर साड़ियां; एक चित्रित जैन पट; कांगड़ा शैली की पेंटिंगें, चांदी की सुराहियां, दीवार लटकनें; चित्रित पर्दे; चांदी का हुक्का; चांदी का एक फूलदान; घोड़े के जेवरों का एक सैट, हाथीदांत की पेंटिंगों सहित चांदी का एक पर्दा, महिषासुरमर्दिनी और रसिक-प्रिया की एक साधारण पेंटिंग।

दान : उपहार

3.3 (क) प्रधानमंत्री कार्यालय से 21 मानव-शास्त्रीय वस्तुएं।
(ख) अफगानिस्तान के राष्ट्रपति द्वारा भेंट किया गया संगमरमर का एक बॉक्स
(ग) स्वीडन की सुश्री सुज़ेना वेज्लेंड से तमिल में एक पत्ते के फलक पर लिखी पांडुलिपि
(घ) श्रीलंका के प्रधानमंत्री द्वारा चाँदी की एक प्लेट
(ङ) मास्को के रूब्लीव संग्रहालय द्वारा ताँबे की एक प्लेट।

कला क्रय समिति की बैठकों के दौरान 1,36,64,155.15 रुपए मूल्य द्वारा क्रय की गई 1928 उपार्जित कला-वस्तुओं का फोटो प्रलेख किया गया और विभिन्न विभागों को वितरित किया गया।

राष्ट्रीय संग्रहालय के संग्रह में जेवरातों और कीमती पत्थरों का मूल्य-निर्धारण किया गया। रिपोर्ट संस्कृति विभाग को दी गई।

सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम

3.4 भारत सरकार के विभिन्न देशों के साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम हैं और राष्ट्रीय संग्रहालय (1) संग्रहालय कार्मिकों के आदान-प्रदान (2) कला-प्रदर्शनियों के आदान-प्रदान (3) कला-प्रकाशनों के आदान-प्रदान और (4) कला वस्तुओं की प्रतिभूतियों (कला के कार्यों के पुनर्निर्माण) के आदान-प्रदान के संबंध में 88 देशों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ा है।

CENTRAL LIBRARY

3.5 राष्ट्रीय संग्रहालय ने "बुल्गारिया में भारतीय संस्कृति दिवस" के तत्वाधान में 69 लघु चित्रों की एक प्रदर्शनी सोफिया, बुल्गारिया भेजी।

राष्ट्रीय संग्रहालय चीन, इटली, आस्ट्रेलिया, अल्जीरिया, अफगानिस्तान, यूगोस्लाविया, क्यूबा और सोवियत संघ जैसे देशों के साथ भी पारस्परिक आधार पर प्रदर्शनियां लगाने के लिए बातचीत कर रहा है।

शिक्षा एवं संस्कृति पर भारत-अमरीका उप-आयोग

3.6 राष्ट्रीय संग्रहालय ने, सांस्कृतिक विरासत और उद्यम की संयुक्त समिति का सचिवालय होने के कारण समिति से संबंधित सभी कार्यों को उससे संबद्ध संगठनों तथा उप-आयोग के अमरीकी सचिवालय, आई.सी.सी.आर. तथा यू.एस.आई.एस. नई दिल्ली को अद्यतन बनाए रखा है।

इस समिति की वार्षिक बैठक भारत और अमरीका में बारी-बारी से होती है। इस वर्ष संयुक्त बैठक भारत में होगी और इसकी तैयारियां चल रही है।

भारत में प्रदर्शनियां

3.7 भारत में सोवियत महोत्सव के तत्वावधान में "क्रेम्लिन" मास्को के राजकीय संग्रहालयों से कला-निधियों का आयोजन।

नागालैंड, बस्तर, अंडमान और निकोबार और संथाल परगना बिहार से "आदिवासी कला"।

भारत महोत्सव के तत्वावधान में सोवियत रूस में आयोजित प्रदर्शनी के लिए भारत द्वारा उधार दी गई "तंजोर और मैसूर स्कूल पेन्टिंग्स" की कला-वस्तुएं।

भारत में फ्रांस-महोत्सव के लिए "फ्रेंच ब्रांजेज-रेनेसां रोदां-फ्राम द लारे, पेरिस" की उद्घाटन प्रदर्शनी।

मैक्समूलर भवन के सहयोग से "सिन्धु घाटी सभ्यता" की एक फोटो प्रदर्शनी आयोजन।

पांडुलिपि वीथि, प्रागैतिहासिक वीथि, केन्द्रीय एशियाई पुरातत्व वीथि और मानव शास्त्र वीथि का पुनर्गठन।

विदेशों में प्रदर्शनी

3.8 नारा राष्ट्रीय संग्रहालय जापान में "सिल्क रूट एक्सपोजिशन", भारतीय चित्र बुल्गारिया भेजे गए। भारत महोत्सव प्रदर्शनियों के लिए उधार ली गई कला-वस्तुएं संबद्ध व्यक्तियों को लौटा दी गईं।

शैक्षिक कार्यकलाप

3.9 संग्रहालय-शास्त्र में 20वां अल्पकालीन सेवाकालीन पाठ्यक्रम चलाया गया।

जिज्ञासुओं और छात्रों के लिए संग्रहालय-शास्त्र में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

"भारत के गौरवशाली वास्तुकार" सहित एक चल प्रदर्शनी बस एक माह के भ्रमण पर राजस्थान भेजी गई।

हर माह "घटनाओं के कैलेण्डर" की 1500 प्रतियां शैक्षिक संस्थाओं, संग्रहालयों और अन्य रुचि लेने वाले व्यक्तियों को भेजी गईं।

3.10 संग्रहालय में अतिविशिष्ट व्यक्तियों सहित 1,01,232 पर्यटक आए।

आम जनता और स्कूली बच्चों के लिए प्रतिदिन आठ सूचनादर्शी भ्रमण दौरे आयोजित किए गए।

प्रतिदिन चार फिल्म शो-प्रदर्शित किए गए।

प्रति माह चार वीथि-वार्ताओं की व्यवस्था की गई।

स्कूली बच्चों के लिए "भारतीय कला" पर ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम आयोजित किए गए।

"कला मूल्यांकन" पर चार माह का पाठ्यक्रम चलाया गया।

"भारतीय कला और संस्कृति" पर चार माह का एक पाठ्यक्रम शुरू किया गया।

"सिंधु घाटी सभ्यता" पर एक सेमिनार आयोजित किया गया।

विख्यात विद्वान श्री विओदिजमियर्स ब्रंज द्वारा पॉलिश कला पर दो व्याख्यान। बारह गैलरी शीट्स बिक्री के लिए रखी गईं।

इस वर्ष के दौरान 30 नवम्बर, 1988 तक 6000 स्लाइडें, तैयार की गई। इसके अतिरिक्त अमरीका से 1000 स्लाइडों का उपहार प्राप्त हुआ। 5000 से ऊपर स्लाइडों की पहचान की गई और उनका मूल्य-निर्धारण किया गया।

कला-इतिहास रक्षण तथा संग्रहालय-शास्त्र

3.11 कला का इतिहास, परिरक्षण और संग्रहालय-शास्त्र की संग्रहालय-शास्त्र संस्था को राष्ट्रीय संग्रहालय में स्थापित किया जा रहा है और शीघ्र ही इसे विश्वविद्यालय स्तर की मान्यता दी जाने की सम्भावना है।

संरक्षण

3.12 विभिन्न विभागों में 335 वस्तुओं पर कार्य पूरा हो गया है और 204 वस्तुओं पर कार्य प्रगति पर है।

तकनीकी अध्ययन के लिए दीर्घकालीन परियोजनाएं प्रारम्भ की गईं।

तैलीय और अन्य चित्रों की विश्लेषणात्मक और अनुप्रस्थ वर्गीय जांच की गई।

धातुरचना-विज्ञान की जांच के लिए स्तरीय नमूने तैयार किए गए।

3 पत्थर की वस्तुओं के विशिष्ट भार का पता लगाया गया। राष्ट्रीय संग्रहालय के ट्यूबवैल से पानी के नमूने का भारीपन ज्ञात किया गया। संदिग्ध रसायनों की शुद्धता का पता लगाया गया।

3.13 प्राप्त वस्तुओं के लिए फोटो-प्रलेखन, विवेचन चार्ट्स का निर्माण, रिकार्ड और सूची-पत्र बनाए गए। संरक्षण की प्रतिक्रियाएं दिखाने के लिए स्लाइडें तैयार की गईं।

नारा (जापान) प्रदर्शनी के पहले और बाद पत्थर की 24 पत्थर प्रतिमाएं, बुल्गारिया को भेजी गई, लघु चित्रों और सोवियत संघ से प्राप्त जेवरातों की प्रतिबन्धित रिपोर्ट की तैयारी।

वीथियों में पर्यावरणात्मक परिस्थितियों के मौके पर अध्ययन के लिए, एक स्टाफ-सदस्य को सोफिया, बुल्गारिया भेजा गया।

प्रतिरूपण (मॉडलिंग)

3.14 मूर्तियों की उत्कृष्ट कलाओं के 2591 कच्ची आकृतियों को प्लास्टर की पुताई करके तैयार किया गया। उसमें से 2491 आकृतियों को पूरा किया गया और 2373 आकृतियों पर रंग किया गया। इसके अतिरिक्त 13 उत्कृष्ट कलाकृतियां और रबर के दो ढांचे तैयार किए गए।

इन्दिरा गाँधी स्मृति संग्रहालय से प्राप्त 20 प्रतिमाओं की मरम्मत की गई।

रबर के नौ ढांचे और फाइबर ग्लास की 137 प्रतिकृतियां तैयार की गई।

श्रीकृष्ण संग्रहालय, कुरुक्षेत्र के लिए मूल प्रतिमाओं से दो नई प्रतिकृतियां और एक उसी आकार की एकरूप मूर्ति तैयार की जानी है।

प्रकाशन

संग्रहालय ने निम्न प्रकाशन जारी किए :

3.15 (क) डा. जाकिर हुसैन के जीवन पर एक चित्रमय एलबम
(ख) बच्चों के लिए "भारतीय कला पर ग्रीष्मकालीन पाठ्यक्रम" के लिए प्रमाण-पत्र
(ग) संग्रहालय-शास्त्र में बीसवें अल्पकालीन सेवा-कालीन प्रशिक्षण के लिए प्रमाण-पत्र
(घ) "राजस्थानी चित्रों" के प्रकाशन का प्रारूप
(ङ) "दक्षिण भारतीय चित्रों" की प्रदर्शनी के लिए 5000 चित्रित फोल्डर
(च) "दक्षिण भारतीय चित्रों" की प्रदर्शनी के लिए लेबल
(छ) बीदरीवेयर "सूचीपत्र"
(ज) "क्रेम्लिन-मास्को से कला-निधियाँ तथा फ्रेंच ब्रांजेज प्रदर्शनी के लिए पोस्टर, लेबल, फोल्डर और ब्राशर्ज।

पुस्तकालय

3.16 (क) 1,73,564/- रुपए मूल्य की कला, पुरातत्व-शास्त्र, संस्कृति और इतिहास पर समृद्ध 400 पुस्तकें।

(ख) 1212 पुस्तकें सुलभ करवाई गईं, 844 पुस्तकों की सूची बनाई गई और 671 पुस्तकों को वर्गीकृत किया गया।
(ग) 153 पुस्तकों और पत्रिकाओं की जिल्द बाँधी गई।

विभिन्न संग्रहालयों को वित्तीय सहायता की योजना

3.17 "अन्य संग्रहालयों के पुनर्गठन और विकास के लिए वित्तीय सहायता" की योजना के अंतर्गत विभिन्न संस्थाओं को 13 लाख रुपए का अनुदान दिया गया।

भारतीय संग्रहालय, कलकत्ता

3.18 भारतीय संग्रहालय, कलकत्ता देश में सबसे बड़ा और अत्यधिक प्राचीन संग्रहालय है। इसकी स्थापना 1814 में की गई थी। इस संग्रहालय में कला, पुरातत्व विज्ञान, मानव विज्ञान, भू-विज्ञान, वनस्पति विज्ञान और औद्योगिक प्राणीशास्त्र सहित प्रत्येक अनुभाग में पर्याप्त मात्रा में दीर्घाएं हैं। तीनों सांस्कृतिक अनुभागों का नियंत्रण इसके निदेशालय के अंतर्गत न्यासी बोर्ड करता है तथा बाकी तीन विज्ञान अनुभाग भारतीय सर्वेक्षण कार्यालयों के साथ हैं।

प्रदर्शनियां

3.19 2 फरवरी, 1988 को संग्रहालय के 174वें स्थापना दिवस के अवसर पर कलकत्ता विश्वविद्यालय के उपकुलपति डॉ. भास्करानन्द रॉय चौधरी द्वारा "शक्ति प्रतिमा" पर एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया।

पहली मार्च, 1988 को गांधार पत्थर की वास्तुकला पर चित्रित बुद्ध के जीवन की एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया।

4.8.1988 को *कालटालिक* की 11वीं वार्षिक बैठक के सहयोग से भारतीय संग्रहालय के हिन्दी में कार्यकलापों पर उसी तिथि को एक प्रदर्शनी आयोजित की गई।

6.9.1988 को गुरुसदय संग्रहालय में लोक और आदिवासी कला की एक झांकी आयोजित की गई और भारत के सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश श्री ए.एन. राय द्वारा इसका शुभारम्भ किया गया।

20 से 31 दिसम्बर, 1988 तक मैक्स मूलर भवन के सहयोग से "मोहनजोदड़ो" एक विस्मृत नगर आयोजित किया गया था।

भारतीय संग्रहालय, कलकत्ता ने राजकीय संग्रहालय, मेघालय और संग्रहालय निदेशक, आसाम के सहयोग से भारत सरकार के संस्कृति विभाग द्वारा प्रायोजित हमारी "सज्जात्मक कलाओं की विरासत" पर दो अन्तर्राज्यीय प्रदर्शनियां आयोजित कीं।

विदेशों में प्रदर्शनियां

3.20 भारतीय संग्रहालय ने अपने अनुभाग से बुद्ध की अभय मुद्रा में एक पत्थर की मूर्तिकला नारा राष्ट्रीय संग्रहालय, जापान में आयोजित "सिल्क रोड एक्सपोजीशन" प्रदर्शनी में भेजी।

चल प्रदर्शनी

3.21 पश्चिम बंगाल के विभिन्न स्थानों को दो प्रदर्शनियां भेजी गईः

(क) ग्रेटमेन ऑन म्यूजियम और भारतीय संग्रहालय के प्रारम्भिक संगठनकर्ता।
(ख) भारतीय संग्रहालय में आधुनिक मानवशास्त्रीय संग्रह।

मासिक प्रदर्शन

3.22 रामनवमी के अवसर पर "भारत-बर्मी कला में राम-सीता", कालिदास जयन्ती पर "कालिदास द्वारा प्रेरित वास्तुकला और चित्रकला"

कलकत्ता शहर के 298वें स्थापना दिवस के अवसर पर "बर्ड्स ऑफ कलकत्ता"

"चीनी सज्जात्मक कलाएं" —

सेमीनार

3.23 संग्रहालय के स्थापना सप्ताह समारोह पर एक ही विषय पर प्रदर्शनी के साथ-साथ "शक्ति प्रतिमाओं" पर एक कार्यशाला सेमीनार आयोजित किया गया।

भारतीय संग्रहालय और कलकत्ता की मुद्राशास्त्रीय सोसायटी द्वारा संयुक्त रूप से "प्राचीन बंगाल के सिक्के और अन्य प्रचलित मुद्राएं" पर एक दिवसीय सेमीनार आयोजित किया गया और भारतीय संग्रहालय और फोटोग्राफिक एसोसिएशन, दमदम द्वारा "मुद्राशास्त्रीय फोटोग्राफी" पर संयुक्त रूप से अन्य सेमीनार आयोजित किए गए।

हड़प्पा संस्कृति की पूर्व ऐतिहासिक अवधि के नए अनुसंधान, वैज्ञानिक और मुद्राशास्त्रीय उपलब्धियों को प्रकाश में लाने के लिए गोयथे इन्स्टीट्यूट, तथा मैक्समूलर भवन, कलकत्ता के सहयोग से एक दिवसीय सेमीनार की व्यवस्था की गई।

प्रशिक्षण-कार्यक्रम

3.24 दूसरा सेवाकालीन संग्रहालय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किया गया। इस दो माह के पाठ्यक्रम में लखनऊ, देहरादून, नई दिल्ली, गोहाटी के निदेशकों और ब्रिटिश म्यूजियम, लंदन के एक प्रतिनिधि के साथ-साथ शहर के प्रसिद्ध विद्वानों और संग्रहालयशास्त्रियों द्वारा दिए गए 52 व्याख्यानों और प्रदर्शन-वार्ताओं का आयोजन किया गया।

भारतीय वास्तुकलाओं, चित्रों, सिक्कों, मन्दिर-शिल्प के साथ-साथ पुरातत्वों के उद्भव, वृद्धि और विकास पर संग्रहालय अध्ययन में चतुर्थ अल्प-पाठ्यक्रम चलाया गया।

विशेष व्याख्यान

3.25 छः व्याख्यानों की व्यवस्था की गई — "गंगा घाटी में टेरीकोटा का तकनीकी विश्लेषण", "सुदूर पूर्वी कला" (2 व्याख्यान), "कोरियाई कला", "डायमंड माइनिंग इन पन्ना", "भारत की लोक और आदिवासी कला का एक परिचय" और "इतिहास, मानवशास्त्र और शरतचन्द्र राय"

संग्रहालय शिक्षा का स्कूल और कॉलेज पाठ्यक्रम के साथ सहसम्बन्ध स्थापित करने के लिए दस व्याख्यानों का आयोजन किया गया। कक्षाओं के पश्चात् फिल्म-शो दिखाया गया।

एक जनसंचार कार्यक्रम की व्यवस्था की गई। "उदयशंकर" पर एक फिल्म दिखाई गई।

भारत और यूरोप के चित्र और चित्रकारों के कथानक पर तीन दिन का एक फिल्मोत्सव आयोजित किया गया। वन्य-जीवों के कथानक पर एक अन्य फिल्मोत्सव आयोजित किया गया।

प्रकाशन

3.26 वर्ष 1987-88 की उपलब्धियों और वर्ष 1988-89 के लिए लक्ष्यों को प्रकाश में लाने के लिए रंगीन चित्रों वाले पोस्टकार्डों, रंगीन वार्षिक फोल्डरों और फोटोग्राफी यूनिट के लिए लिफाफों का प्रकाशन/भारतीय संग्रहालय बुलेटिन 21, वार्षिक रिपोर्ट (ई.एन.जी.) 1987-88, शिलांग और गोहाटी में अंतर्राज्यीय प्रदर्शनी के लिए फ़ोल्डर और पोस्टर और प्रकाशन एकक ने तीन पुस्तक मेलों — विश्व पुस्तक मेला, नई दिल्ली; कलकत्ता पुस्तक मेला और पटना पुस्तक मेला, में भाग लिया।

सालारजंग संग्रहालय, हैदराबाद

3.27 सुदूर पूर्वी चीनी-मिट्टी के बर्तनों की एक नई वीथि का वैज्ञानिक आधार पर पुनर्गठन किया गया था। सुदूर पूर्वी क्षेत्र अर्थात् चीन और जापान के इन 267 चीनी-मिट्टी के बर्तनों को 18 शो-केसों में प्रदर्शित किया गया। सुदूर पूर्वी मूर्ति-संग्रह की अन्य वीथि को आधुनिक वैज्ञानिक आधार पर पुनर्गठन करने के लिए लिया गया है। इस वीथि में बर्मा, नेपाल, तिब्बत, चीन और जापान आदि से 62 कला-वस्तुएं चुनी गई।

छः वीथियों का वातानुकूलन केन्द्रीय लोक-निर्माण विभाग (सी.पी.डब्लू.डी.) को सौंपा गया।

प्रलेखन

3.28 अधिकारियों ने विभिन्न श्रेणियों की 2440 कला-वस्तुओं का प्रत्यक्ष सत्यापन कर लिया है। संग्रहालय के कीपर-1 और कीपर-2 मुख्य खाताबही में कला वस्तुओं के 150 छायाचित्रों पर प्रति हस्ताक्षर कर चुके हैं।

शैक्षिक कार्यकलाप

3.29 "1947 से आंध्र प्रदेश की समकालीन कला के 40 वर्ष", "कुतुब शाही काल की सुलेखकला", "सिन्धु घाटी के विस्मृत शहर", और अन्तिम "भारतीय कला में पशु-पक्षी", पर चार अस्थाई प्रदर्शनियां आयोजित की गईं।

"सलारजंग-III और उनका काल", "संग्रहालय प्रदर्शन तकनीक", "केवार्कियन एलबम : खोए हुए संग्रह की खोज"; "टोंक संग्रहालय और पुस्तकालय", "सिंधु घाटी सभ्यता खोज का इतिहास" और "सिन्धु सभ्यता की कला" पर पांच व्याख्यान आयोजित किए गए।

"फाउन्डर्स गैलेरी", "क्लॉक्स गैलेरी", "मॉडर्न इण्डियन पेन्टिंग्स", "ब्रांजेज एण्ड पेन्टेड टैक्सटाइल्स"; "आइवरी गैलेरी" और "साउथ इण्डियन माइनर आर्ट्स गैलेरी" पर संग्रहालय के शिक्षा प्रकोष्ठ के अधिकारियों द्वारा छः गैलेरी वार्ताएं दी गई।

ब्रिटेन के श्री क्रिस्टोफर हडसन द्वारा "संग्रहालय प्रदर्शन" पर एक दो-दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई थी।

प्रकाशन

3.30 दी सलारजंग म्यूजियम बाई. - एनुअल रिसर्च जर्नल वाल्यूम 21-22 भारत की सज्जात्मक कलाओं को समर्पित।

अस्त्र-शस्त्र और बख्तरबन्द की सूची की नमूने की प्रति तैयार है और मुद्रण के लिए भेजी जानी है।

अरबी पाण्डुलिपियों के वाल्यूम 6 की सूची की नमूने की प्रति अस्थाई प्रदर्शनी के अवसर पर "1947 से आंध्र प्रदेश की समकालीन कला के 40 वर्ष" पर एक सूचीपत्र प्रकाश में लाया गया।

अन्य कार्यकलाप

3.31 सलारजंग 3 जन्मदिन समारोह। 31 मई, 1988 से 6 जून, 1988 तक संग्रहालय में नवाब मीर युसुफ अली खान बहादुर सलारजंग-3 की 102 वीं वर्षगांठ मनाई गई। समारोह का उद्घाटन आंध्रप्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण और पर्यटन मंत्री डा. अल्लादी पी. राजकुमार द्वारा किया गया।

3.32 संग्रहालय की कुछ वीथियों के काफी बड़े भाग में विद्युत यंत्रों को लगाने का कार्य पूरा कर दिया गया है।

"1947 से आंध्र प्रदेश की समकालीन कला के विकास की परम्पराएं" पर एक सेमीनार आयोजित किया गया। इस अवधि के दौरान पाण्डुलिपि अनुभाग के अधिकारियों ने 3439 पाण्डुलिपियों (उर्दू, फारसी और अरबी पाण्डुलिपियां) का प्रत्यक्ष सत्यापन कर लिया है, और अनुलग्नकों सहित 4801 पारसी पाण्डुलिपियों की सूची बना ली है।

पुस्तकालय स्टाफ ने 7452 छपी हुई पुस्तकों को सत्यापित किया, और 2415 सूचीपत्र कार्ड तैयार किए और 1175 पुस्तकें विषय-वार वर्गीकृत की गईं। परिरक्षण (संरक्षण) प्रयोगशाला स्टाफ द्वारा 794 कला-वस्तुओं और लघु चित्रों को रासायनिक रूप से संसाधित किया गया। चित्र प्रत्यास्थापक ने 10 तैलचित्रों को प्रत्यास्थापित किया।

इलाहाबाद संग्रहालय, इलाहाबाद

3.33 इलाहाबाद नगर निगम द्वारा, इलाहाबाद संग्रहालय, 29 अप्रैल 1986 को मौजूदा इलाहाबाद संग्रहालय सोसायटी को औपचारिक रूप से सौंप दिया गया था। यह उत्तर प्रदेश सरकार से 5.36 लाख रुपए की निश्चित वित्तीय सहायता सहित केन्द्र सरकार द्वारा पूर्णरूप से वित्त पोषित एक पंजीकृत स्वायत्त निकाय है। इस संग्रहालय में पंडित जवाहरलाल नेहरू, मुंशी प्रेमचन्द, कवि सूर्यकान्त त्रिपाठी, मैथिलीशरण गुप्त और श्रीमती महादेवी वर्मा जैसे विख्यात प्रकाण्ड विद्वानों के अलग संग्रह है।

संग्रहालय ने संग्रहालय शिक्षा और प्रकाशनों के माध्यम से अपना अनौपचारिक शिक्षा का कार्यक्रम शुरू किया है। आजकल इसने पंडित जवाहरलाल नेहरू शताब्दी समारोहों के साथ-साथ विशेष प्रदर्शनी लगा रखी है। संग्रहालय ने 8 लाख रुपए के मूल्य की कला-वस्तुएं क्रय की हैं जिनमें तिब्बती और चीनी तन्खाओं का संग्रह शामिल है। केन्द्र सरकार इस संग्रहालय को एक राष्ट्रीय संग्रहालय के रूप में विकसित करने के लिए विभिन्न योजनागत योजनाएं शुरू कर रही है जिससे यह निकट भविष्य में अन्तर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियों में कला-वस्तुएं भेजने और उन्हें प्राप्त करने में सक्षम बने।

प्रदर्शनियां

3.34 1. भारत में सोवियत महोत्सव के एक भाग के रूप में "टॉल्सटॉय और गांधीः जीवन और कार्य" पर प्रदर्शनी का आयोजन।

2. निम्नलिखित अस्थाई प्रदर्शनियां आयोजित की गईं :

(क) आधुनिक भारतीय चित्र
(ख) नेहरू जन्मशताब्दी समारोह की शुरुआत के अवसर पर नेहरू व्यक्तित्व

3. 26 अक्तूबर से 30 अक्तूबर, 1988 तक "भारतीय सिनेमा के 75 वर्ष" पर "इलाहाबाद फिल्म सोसायटी" और "उत्तर मध्य क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र, इलाहाबाद के सहयोग से एक प्रदर्शनी आयोजित की गई।

4. जी.आर. शर्मा पुरातत्वीय सोसाइटी, इलाहाबाद के सहयोग से "नेहरू और आधुनिक भारत का निर्माण" पर एक प्रदर्शनी का आयोजन। भारत के उप-राष्ट्रपति माननीय डा. एस.डी. शर्मा ने 27 नवम्बर, 1988 को इस प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

5. कुम्भ-मेला दिसम्बर 88 जनवरी 1989 में, "इलाहाबाद काल के माध्यम से" के कथानक पर "गौरव नगरी प्रयाग" प्रदर्शनी आयोजित की गई।

सेमीनार और संगोष्ठी (परिसंवाद)

3.35 1. प्रोफेसर बी.आर. नन्दा द्वारा 29 से 31 मई, 1988 तक "टॉल्सटॉय और गांधी" पर राष्ट्रीय सेमीनार का उद्घाटन

2. आई.सी.ओ.एम.ओ.एफ. ओ.एस. द्वारा "संगीतशास्त्र और विकासशील देश" पर 29 नवम्बर, 1988 को एक अन्तर्राष्ट्रीय परिसंवाद का आयोजन।

3. देतो बंका विश्वविद्यालय, जापान के अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध संकाय के एक दल द्वारा 6 दिसम्बर, 1988 को सेमीनार-शैक्षिक ट्रिप किया गया।

4. "इलाहाबाद फिल्म सोसायटी" और "उत्तर मध्य क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र, इलाहाबाद" के सहयोग से 28 अक्तूबर से 30 अक्तूबर, 1988 तक "भारतीय सिनेमा में महिलाएं" पर एक सेमीनार आयोजित किया गया।

5. 9 सितम्बर, 1988 को समाज-विज्ञान संस्थान, इलाहाबाद द्वारा गोविन्द बल्लभ पंत जन्म-शताब्दी समारोह का समापन समारोह आयोजित किया गया। भारत सरकार के शिक्षा एवं संस्कृति राज्यमंत्री श्री एल.पी. शाही समारोह के मुख्य अतिथि थे।

शैक्षिक कार्यकलाप

3.36 आउट रीच कार्यक्रम के अंतर्गत इलाहाबाद जिले के 80 स्कूलों और कॉलेजों के 5,886 छात्रों ने इलाहाबाद संग्रहालय देखा।

2. कला, संस्कृति और विरासत पर दिन में दो बार नियमित डाक्यूमेन्ट्री फिल्म प्रदर्शन आयोजित किए गए।

3. दिन में दो बार छात्रों के लिए नियमित निर्देशित गैलेरी टूर आयोजित किए गए; टूर शिक्षा अधिकारियों और संग्रहालयीय स्टाफ द्वारा करवाए गए।

4. छात्रों के लिए प्रसिद्ध विद्वानों द्वारा कला इतिहास पर तीन विशेष व्याख्यान आयोजित किए गए।

5. "इलाहाबाद विज्ञान मंच" द्वारा भ्रमणकारी स्कूली बच्चों के लिए प्रारम्भिक विज्ञान पर नियमित स्लाइड-लेक्चर आयोजित किए गए हैं।

6. पंडित जवाहरलाल नेहरू जन्मशताब्दी समारोह का श्रीगणेश 14 नवम्बर, 1988 पंडित जवाहर लाल नेहरू के आदमकद चित्र का अनावरण — विभिन्न आयु वर्ग के स्कूली बच्चों के लिए ऑन-द-स्पॉट चित्र प्रतियोगिता। कोलाज प्रतियोगिता; प्रतिष्ठित लेखकों और कवियों के मार्ग-दर्शन में स्कूल कालेज छात्रों के लिए हिन्दी और अंग्रेजी में रचनात्मक लेखन कार्यशाला; प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, कविता पाठ सत्र।

7. इन्दिरा गांधी वर्षगांठ : 19 नवम्बर, 1988 — नेहरू के व्यक्तित्व पर प्रदर्शनी का उद्घाटन।

चित्र और कोलाज प्रदर्शनी।

स्कूलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम।

पुरस्कार वितरण समारोह

सामान्य अवाप्ति रजिस्टर : तैयारी —

3.37 1. वास्तुकलाएं — 560 कला-वस्तुओं का प्रत्यक्ष सत्यापन और जी.ए.आर. में प्रविष्टि
2. टेराकोट्टा — 2,725 — वही —
3. नेहरू संग्रहण — 1,221 — वही —
4. पाण्डुलिपियां — 1,500 — वही —
5. सज्जात्मक कला, प्रागैतिहासिक शस्त्र आदि — 617 — वही —

वीथियों का पुनर्गठन

3.38 1. नई प्रकाश व्यवस्था और रंग-योजना सहित प्राचीन वास्तुकला वीथि को नई दृष्टि दी गई।

2. मध्यकालीन वास्तुकलाएं एक नई वीथि में स्थानान्तरित की गईं।

3. एक आदर्श वीथि के रूप में आधुनिक प्रकाश व्यवस्था और प्रदर्शन तकनीक के साथ एक विशेष वीथि का निर्माण अस्थाई प्रदर्शनियों के लिए किया गया।

4. आगन्तुकों को निःशुल्क और आरामदायक संचरण के लिए चार वीथियों का पुनर्गठन किया गया।

विविध

3.39 1. स्टाफ केन्टीन, स्टाफ और आगन्तुकों के लिए मौजूदा शेड को एक केन्टीन में तब्दील किया जा रहा है।

2. पम्प हाउस से लॉन तक और अन्य वांछित स्थानों तक पानी की पाइप लाइन बिछाई गई है।

3. शीर्ष टंकी का निर्माण कार्य पूरा कर दिया गया है।

4. लानों के विकास का कार्य आंशिक रूप से पूरा किया गया है।

5. बोरिंग पम्प से आवासीय गृहों तक पाइप-लाइन बिछाई गई।

आगन्तुक

3.40 1,03,232 भारतीय और विदेशी पर्यटक, शोधकर्ता आदि के रूप में इलाहाबाद संग्रहालय में आये। (इन आंकड़ों में संग्रहालय आने वाले बच्चों की संख्या शामिल नहीं है।)

स्टाफ को प्रशिक्षण और व्याख्यान-प्रायोगिक प्रदर्शन

3.41 1. श्रीमती सुनीता बक्षी, पूर्व निदेशक, शिल्प-संग्रहालय, नई दिल्ली;

2. श्री एच.के. नाथानी, वैज्ञानिक, राष्ट्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला, सांस्कृतिक सम्पदा संरक्षण, लखनऊ।

2. समकालीन इतिहास और कला संग्रहालय

विक्टोरिया मेमोरियल हाल, कलकत्ता

शैक्षिक कार्यक्रम

3.42 सांस्कृतिक और शैक्षिक कार्यक्रम, जो मेमोरियल के कार्यकलापों का नियमित अंश हैं जिनमें जनता के लिए आवधिक लैक्चर, विशेष प्रदर्शनियां, प्रकाशन और गाइड सेवाएं शामिल हैं, जारी रखे गए।

विशेष प्रदर्शनियां

3.43 मेमोरियल के दरबार हाल में अप्रैल, मई और नवम्बर, 1988 में 3 विशेष प्रदर्शनियां लगाई गईं। पहली दो भारत में सोवियत महोत्सव के संबंध में थीं। वे सोवियत संघ की जनता की समकालीन सज्जात्मक और व्यावहारिक कलाओं पर और सोवियत महिलाओं पर थीं।

तीसरी प्रदर्शनी मेमोरियल और भारतीय पुरातत्त्व संस्थान, पश्चिम बंगाल चेप्टर द्वारा इस विषय पर संयुक्त रूप से प्रायोजित सेमीनार के अवसर पर हमारी पुरातत्त्वीय विरासत पर थी। इसमें एक माह से भी अधिक के लिए लोगों के लिए बड़ी संख्या में छायाचित्र, नक्काशियां और लीथोग्राफ अवलोकनार्थ थे।

सेमीनार

3.44 हमारी पुरातत्त्वीय विरासत के परिरक्षण पर सेमीनार से अलग दरबार हाल में दिसंबर, 1988 में कलकत्ता की त्रिशताब्दी के लिए एक शहरी परिप्रेक्ष्य पर दूसरा सेमीनार आयोजित किया गया। सेमीनार का उद्घाटन पश्चिम बंगाल के राज्यपाल प्रोफेसर एस. नूरूल हसन द्वारा किया गया।

विक्टोरिया मेमोरियल ने कलकत्ता के दलित बच्चों के लिए विविध कार्यों के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए पूर्वी क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र और आई.एन.टी.ए.सी.एच. (बर्दवान) के साथ मिलकर कार्य किया। कलकत्ता की गन्दी बस्तियों से एक सौ से अधिक बच्चों ने इसमें भाग लिया।

प्रकाशन

3.45 इस अवधि के दौरान, विक्टोरिया मेमोरियल पर नए पिक्चर पोस्टकार्ड चित्रित करवाए गए और विभिन्न कोणों से मेमोरियल को प्रदर्शित करते हुए पुनर्मुद्रित पिक्चर पोस्टकार्ड बिक्री के लिए जारी किए गए। उर्दू की एक मार्गदर्शी पुस्तक और एमिली एडन के स्केचों का विवेचनात्मक सूचीपत्र (दो नए प्रकाशन) और ब्रिटिश काल के चुने हुए दस्तावेजों का रिप्रिंट और बंगाल के नवाबों पर एक इतिहास-रेखाचित्र शीघ्र ही बिक्री के लिए रखा जाएगा। विक्टोरिया मेमोरियल पर एक बहुरंगी फोल्डर प्रकाशनाधीन है।

इस अवधि के दौरान मेमोरियल के प्रकाशन बिक्री काउन्टर से कुल 5060 प्रकाशन बेचे गए।

आगन्तुक

3.46 गाइड द्वारा गैलेरी के इर्दगिर्द 3,800 आगन्तुकों को घुमाया गया और विभिन्न शैक्षिक संस्थाओं से कुल 76 छात्र और शिक्षक आए। देश के विभिन्न भागों से 150 स्कूलों के छात्र निःशुल्क रूप से मेमोरियल आए। 22 प्रतिष्ठित और महत्वपूर्ण व्यक्तियों को मेमोरियल दिखाया गया।

राष्ट्रीय आधुनिक कला वीथि, नई दिल्ली

3.47 राष्ट्रीय आधुनिक कला वीथि संस्कृति विभाग का एक अधीनस्थ कार्यालय है। वीथि 1850 से आगे की आधुनिक कला वस्तुओं का अधिग्रहण तथा उनका परिरक्षण करती है और देश तथा विदेशों में प्रदर्शनियां आयोजित करती है।

कला संग्रह

3.48 252 कलाकृतियों का एक संग्रह 17,92,445/- रु. में खरीदा गया। चार कलाकृतियां उपहार स्वरूप प्राप्त हुई (दो सोवियत रूस से, एक पुर्तगाल तथा एक कलकत्ता से)।

प्रदर्शनियां

3.49 सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न देशों के साथ निम्नलिखित कला प्रदर्शनियों का आदान-प्रदान किया गया —

बाहर भेजी जाने वाली प्रदर्शनियां

"भारतीय महिला कलाकार" बुल्गारिया (सोफिया) तथा पौलेण्ड भेजी गई।
"भारतीय समकालीन कला" जापान भेजी गई।
"रवीन्द्रनाथ टैगोर की चित्रकलाएं तथा उसके स्मृति चिन्ह" जापान भेजी गई।

3.50 देश में बाहर से आने वाली प्रदर्शनियां जर्मनी से "सामग्री, रोशनी तथा लय कविता"
भारत में सोवियत महोत्सव के दौरान 19वीं तथा 20वीं शताब्दी की "रूसी चित्रकलाएं।"

केलिफोर्निया विश्वविद्यालय से "विजन आफ इन्नर स्पेस"

भारत में सोवियत महोत्सव के दौरान "सोवियत कलाकारों की नजर में भारत।"

जर्मनी से "70 के ग्राफिक"

गुट निरपेक्ष देश, टीटोगार्ड तथा यूगोस्लवाकिया से जोसिप ब्राज़ टीटो कला वीथि से संग्रह।

वर्ष के दौरान "स्वतंत्रता पूर्व की कला" तथा "रविन्द्रनाथ टैगोर की नई कलाकृतियां तथा चित्रकला" की अन्य प्रदर्शनियां भी लगाई गईं। चल प्रदर्शनी बस में "चित्रों में समकालीन आधुनिक कला" प्रदर्शनी विभिन्न महत्वपूर्ण पुरातत्त्व स्थलों पर भेजी गई और इस प्रदर्शनी को 2023 लोगों ने देखा।

अन्य कार्यकलाप

3.51 राष्ट्रीय आधुनिक कला वीथि में लगभग 119 स्कूल/दल आए। 89 विदेशी दलों को आयोजित दौरों की सुविधा उपलब्ध कराई गई। कला छात्र तथा जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली के छात्रों के लिए "राष्ट्रीय आधुनिक कला वीथि की पहचान" नामक एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। 258 फिल्म शो आयोजित किए गए। विभिन्न आयु वर्गों के लिए 26 वैकल्पिक रविवारों को कला स्कैच बैठकें आयोजित की गईं।

तीन कलाकारों पर तीन महत्वपूर्ण मोनोग्राम अर्थात् अवनीन्द्रनाथ टैगोर, रवीन्द्र नाथ टैगोर तथा अमृता शेरगिल पर द्विभाषी रूप में निकाले गए।

कला संदर्भ पुस्तकालय में कला पर 790 पुस्तकें और जोड़ी गईं तथा 38 पत्रिकाएं तथा समाचार पत्र मंगाएं गए।

फोटो अनुभाग में विभिन्न परियोजनाओं के लिए 2223 नेगेटिव, 6779 श्वेत एवं श्याम फोटोग्राफ, 521 रंगीन फोटोग्राफ तथा 25 एम.एम. की 517 स्लाईडें तथा 2-1/4 × 2-1/4 की 240 स्लाईडें विशेष प्रदर्शनी सहित तैयार की गईं। अनुसंधान और प्रलेखन के लिए विशेष प्रदर्शनियों की छः एल्बम तैयार की गई।

3.52 निम्नलिखित पर पुनर्स्थापन कार्य शुरू किया गया — 15 चित्रकारी, सभी देश तथा विदेश को जाने वाले प्रदेशों की जांच की गई। बम्बई शाखा के संग्रह में 96 कला-कृतियों को ठीक-ठाक किया गया तथा रखा गया।

यह निर्णय लिया गया है कि सर सी.जे. पब्लिक हाल, बम्बई की तत्काल मरम्मत की जाए तथा एक वर्ष के अन्दर आम जनता के लिए रा.आ. कला वीथि की एक शाखा खोली जाए।

नेहरू स्मारक संग्रहालय तथा पुस्तकालय

3.53 नेहरू स्मारक संग्रहालय और पुस्तकालय में निम्नलिखित संग्रह हैं : (1) एक व्यक्तिगत संग्रहालय जो जवाहरलाल नेहरू और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम पर संकेन्द्रित है। (2) एक पुस्तकालय जिसमें भारत के आधुनिक इतिहास पर मुद्रित सामग्री, पुस्तकें, पत्रिकाएं, समाचार पत्रों और चित्र संग्रहीत हैं, (3) संस्थाओं के अमुद्रित प्रलेख और प्रख्यात भारतीयों के निजी कागजात, जो ऐतिहासिक अनुसंधान के लिए मूल सामग्री उपलब्ध करते हैं, (4) पुराने दस्तावेजों, प्रलेखों और समाचार पत्रों की माइक्रोफिल्मों के लिए एक प्रतिलेखन (रिप्रोग्राफिक) एकक, (5) लिखित प्रलेखों के अनुपूरक के रूप में एक मौखिक इतिहास प्रभाग जिसमें सार्वजनिक मामलों में भाग लेने वाले पुरुषों और स्त्रियों के अनुसरण भी शामिल हैं, और (6) एक अनुसंधान केन्द्र।

3.54 वे संग्रहालय, जिनमें जवाहरलाल नेहरू के जीवन और उनके काल को दृश्य सामग्री के माध्यम से चित्रित किया गया है, वे भारत और विदेश से आए दर्शनार्थियों के लिए लगातार रुचि का केन्द्र बने हुए हैं। अवधि के दौरान संग्रहालय में लगभग सात लाख दर्शनार्थी आए जिनकी कार्य दिवसों में औसत दैनिक उपस्थिति 3817 रही, और रविवार और अन्य छुट्टियों में 4337 दर्शनार्थी आए। इसमें भारत और विदेश से भ्रमण पर आने वाले उच्चाधिकारियों के यात्रावृत्त को भी लगातार प्रमुख रूप से चित्रित किया जाता रहा है। वे प्रदर्शनियां, जो संग्रहालय में प्रदर्शनों का स्थाई अंग हैं, दर्शकों में गहरी रुचि उत्पन्न करती रहीं।

3.55 पुस्तकालय, जिसमें आधुनिक भारतीय इतिहास और समाज विज्ञान पर मुख्य ध्यान दिया गया है, ने लगातार अपने संग्रहों में वृद्धि की और अपनी सेवाओं की कोटि में सुधार किया। भण्डार में 3685 पुस्तकों की वृद्धि की गई, जिनकी संख्या अब 1,16,652 है। नेहरूआना पुस्तकों की संख्या 1,095 तक, गांधीयाना पुस्तकोंकी संख्या 1,677 तक पहुंच गई है और इंदिरायाना शीर्षक पर 282 पुस्तकें हैं। इसके अन्तर्गत प्राप्त की गई पुस्तकों के अंग्रेजी, हिन्दी और विभिन्न अन्य भारतीय और विदेशी भाषाओं के तीन अनुभाग हैं। समाचार पत्रों की फाइलों और शोध प्रबंधों (माइक्रोफिल्मों पर) की संख्या क्रमशः 4,668 और 825 तक बढ़ गई है। फोटो अनुभाग में उसके फोटो संग्रहों की संख्या 74,482 तक बढ़ी है।

3.56 रिप्रोग्राफी एकक में अनुसंधान और संदर्भ के लिए पुस्तकालय की माइक्रोफिल्मों के संग्रह में वृद्धि की गई और समाचार पत्रों की नेगेटिव फिल्मों के लगभग 1,55,829 फ्रेम, पोजीटिव फिल्मों के 10,000 मीटर, 33,222 माइक्रोफिश फ्रेम, 8291 फोटोग्राफ, माइक्रोफिल्मों के 13,488 इलैक्ट्रोस्टेटिक प्रिंट और रिकार्ड और अध्येताओं के लिए 63,196 जीरोक्स प्रतियां

तैयार की गई। यूनिट ने अपने रिकार्ड के लिए पुराने फोटोग्राफ के 554 नेगेटिव कापी रखीं। जनवरी से मार्च, 1989 की अवधि के दौरान यूनिट "द मद्रास मेल 1968-1981" की माइक्रोफिल्म कापी तैयार करने के कार्य में लगा रहा।

3.57 परिरक्षण एकक मूल्यवान दस्तावेजों की मरम्मत और पुनरुद्धार के कार्य में लगातार अपनी उपयोगी सेवाएं प्रदान करता रहा है।

संगठन में संचालित किए जा रहे इतिहास और समाज विज्ञान के अनुसंधानों में महत्वपूर्ण प्रगति की गई। इसके अतिरिक्त नेहरू संग्रहालय द्वारा भारतीय समाज में समझ और परिवर्तन के सम्बन्धित विषयों पर 3 व्याख्यान और 16 सेमिनार/संगोष्ठियां आयोजित की गईं।

चार प्रकाशन जवाहरलाल नेहरू के पत्र, एक सूची; जवाहर लाल नेहरू एक जीवनी, समाजवाद; (सोशलाइजेशन) शिक्षा और महिलाएं (एजुकेशन एंड वुमेन); और जवाहरलाल नेहरू, विज्ञान और समाज की धारणा पर (जवाहरलाल नेहरू आन साइंस एण्ड सोसायटी) जारी किए गए। जवाहरलाल नेहरू; एक ग्रंथ सूची मुद्रणाधीन हैं।

राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद, कलकत्ता

3.58 राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद् (रा.वि.सं.प.) मुख्यतया विभिन्न कार्यक्रमों तथा कार्यकलापों के माध्यम से विशेष रूप से छात्रों तथा सामान्य रूप से लोगों के बीच विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने के कार्य में लगी हुई है।

राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद् देशभर में निम्नलिखित विज्ञान/संग्रहालयों/केन्द्रों की देखभाल तथा व्यवस्था करती है :

1. बिरला औद्योगिक तथा प्रौद्योगिकी संग्रहालय, कलकत्ता।
2. विश्वेश्वैरया औद्योगिक तथा प्रौद्योगिकीय संग्रहालय, बंगलौर।
3. नेहरू विज्ञान केन्द्र, बम्बई।
4. राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र, दिल्ली।
5. जिला विज्ञान केन्द्र, पुरुलिया।
6. श्रीकृष्ण विज्ञान केन्द्र, पटना।
7. जिला विज्ञान केन्द्र, गुलबर्गा।
8. जिला विज्ञान केन्द्र, धर्मपुर।
9. जिला विज्ञान केन्द्र, तिरुनेलवेली।
10. रमन विज्ञान केन्द्र, नागपुर।
11. क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र, भुवनेश्वर।

उद्देश्य

3.59 राष्ट्रीय विज्ञान परिषद् के उद्देश्य इस प्रकार है :

(क) विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाना।

(ख) स्कूलों और कॉलेजों में दी गई विज्ञान शिक्षा में अनुपूर्ति करना।

(ग) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना।

(घ) विश्वविद्यालयों, तकनीकी संस्थाओं, संग्रहालय स्कूलों और अन्य निकायों के कालेजों को सहायता देना।

(ङ) विज्ञान संग्रहालय वस्तुओं, प्रदर्शन उपकरण तथा वैज्ञानिक शिक्षण सामग्री आदि का विकास, तैयार किया जाना और बनाना।

(च) महत्वपूर्ण ऐतिहासिक वस्तुओं का संग्रह पुनः एकत्रित करना, तथा परिरक्षण करना।

(छ) विशेषरूप से भारत के संदर्भ में विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी के इतिहास में अनुसंधान करना।

3.60 राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय, परिषद ने संग्रहालयों/केन्द्रों को स्थायी दीर्घाओं में प्रदर्शनी के लिए नए प्रदर्शों के आयोजन; विभिन्न विज्ञान संग्रहालयों तथा केन्द्रों में नई दीर्घा बनाने तथा नए विज्ञान केन्द्रों की स्थापना पर बल दिया। भुवनेश्वर, लखनऊ, गोवाहाटी में क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्रों और दिल्ली में राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र के मुख्य भवन का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। नागपुर में रमन विज्ञान केन्द्र और भुवनेश्वर में क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र के विज्ञान पार्कों और चल विज्ञान प्रदर्शनी यूनिटों को पूरा किया गया, तथा यहां पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में दर्शक आते हैं। भोपाल, गोवा और कालीकट में तीन जिला विज्ञान केन्द्रों की स्थापना के लिए योजना कार्य जारी रहा। क्षे.वि.के. भुवनेश्वर में "सूर्य", क्षे.वि.के., गुवाहटी में "पृथ्वी" और क्षे.वि.के. लखनऊ में "धाराओं" नामक तीन स्थायी दीर्घाओं का निर्माण कार्य जारी रहा।

केन्द्रीय अनुसंधान तथा प्रशिक्षण प्रयोगशाला, कलकत्ता

3.61 केन्द्रीय अनुसंधान तथा प्रशिक्षण प्रयोगशाला 2.5 एकड़ भूमि पर पर्याप्त विस्तार की व्यवस्था सहित प्रथम चरण में 45,000 वर्ग फुट के 10 मंजिले इस भव्य भवन का निर्माण कार्य साल्ट लेक सिटी, कलकत्ता में जोरशोर से कर रही है जिसके निर्माण में दो करोड़ का खर्च शामिल हैं। यह कार्य पूर्ण प्रगति पर है। यह प्रयोगशाला अनुसंधान तथा प्रोटोटाइप प्रदर्श विकास, नए संग्रहालय तकनीक के विकास और सम्पूर्ण भारत का विदेशों से आनेवाले विज्ञान संग्रहालय कार्मिकों के प्रशिक्षण के लिए सुविधाएं प्रदान करेगी। इस साल में केन्द्र ने पूर्णरूपेण काम करना शुरू कर दिया है।

बिड़ला औद्योगिकी तथा प्रौद्योगिकी संग्रहालय, कलकत्ता

3.62 1. बि.औ.प्रौ.सं. ने राज्य स्तरीय विज्ञान सेमिनार आयोजित किया जिसमें पश्चिम बंगाल के सभी जिलों के छात्रों ने भाग लिया।

2. बि.औ.प्रौ.सं. ने रसायन विज्ञान "कैमेस्ट्री इन फन" पर एक नया तथा भव्य प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह केवल छात्रों के लिए ही नहीं बल्कि आम व्यक्तियों के लिये भी है।

3. वर्ष के दौरान बि.औ.प्र.सं. ने संग्रहालय तथा संग्रहालय से बाहर दोनों में 250 विज्ञान प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किये। लगभग 25,000 छात्र उन्हें देखने के लिए आए।

4. संग्रहालय में 18 रचनात्मक योग्यता केन्द्र अथवा अभिरुचि केन्द्र कार्यक्रम आयोजित किए गए। विभिन्न परियोजनाओं के इन कार्यक्रमों में 60 छात्रों ने कार्य किया।

5. 19 आकाश अवलोकन कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें लगभग 1300 व्यक्तियों ने भाग लिया।

6. 32 लोकप्रिय व्याख्यान आयोजित किए गए। इनमें लगभग 3000 व्यक्तियों ने भाग लिया।

7. वर्ष के दौरान 5 शिक्षक "प्रशिक्षण कार्यक्रम" आयोजित किए गए। 90 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया।

8. 6 अव्यवसायी रेडियो कार्यक्रम आयोजित किए गए। कुल 74 कक्षाओं में से 30 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया।

नेहरू विज्ञान केन्द्र, बम्बई

3.63 1. नेहरू विज्ञान केन्द्र, बम्बई ने अपने छात्रों के लिए विभिन्न कार्यक्रमों पर 11 नवम्बर, 1988 को अपनी तीसरी वर्षगांठ मनाई।

2. ने.वि.के. की चल विज्ञान प्रदर्शनी यूनिटों ने 123 से अधिक प्रदर्शनी के दिनों में 59 स्थलों में प्रदर्शनियां आयोजित कीं। इन प्रदर्शनियों में 7000 कि.मी. तक की दूरी का स्थान लिया गया। इन प्रदर्शनियों तथा फिल्म प्रदर्शनों को 2,00,000 से अधिक व्यक्तियों ने देखा।

3. इनसे 2000 से अधिक छात्रों को लाभ पहुंचाने के लिए 22 विज्ञान प्रदर्शन व्याख्यान आयोजित किए गए।

4. 8 रचनात्मक योग्यता केन्द्र कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें लगभग 500 छात्रों ने भाग लिया। कुल मिलाकर 126 परियोजनायें पूरी की गईं।

5. 25 आकाश अवलोकन कार्यक्रम आयोजित किए गए।

6. दो संगणक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें 45 बच्चों ने भाग लिया और दो सोफ्टवेयर तैयार किए गए।

7. 100 से अधिक अमेच्योर रेडियो आप्रेटरों को 28 सैक्शनों में प्रशिक्षण दिया गया।

8. 173 स्कूलों से 350 स्कूली बच्चों ने 21 विज्ञान प्रश्नावली प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

विश्वेश्वरैया औद्योगिक तथा प्रौद्योगिक संग्रहालय, बंगलौर

3.64 1. वि.औ.सं. की चल प्रदर्शनी यूनिटों ने 101 से अधिक प्रदर्शनी के दिनों में 43 स्थलों पर अपनी प्रदर्शनियां और फिल्म-शो प्रदर्शित किए। इनको लगभग 3,50,000 दर्शक देखने के लिए आए। इनकी कुल दूरी 7176 कि.मी. में थी।

2. 12 विज्ञान प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें लगभग 900 छात्रों ने भाग लिया।

3. 8 लोकप्रिय व्याख्यान आयोजित किए गए। इनमें 610 व्यक्तियों ने भाग लिया।

4. दो शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें 20 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया।

5. छः संगणक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें 63 छात्रों को प्रशिक्षण दिया गया।

6. 15 विज्ञान प्रश्नावली प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिनमें 30 छात्रों ने भाग लिया।

7. 12 अभिरुचि केन्द्र कार्यक्रम आयोजित किए गये। इनमें 20 परियोजनाएं पूरी करने के लिए लगभग 100 छात्रों ने भाग लिया।

8. संग्रहालय ने मद्रास में सैन्ट अब्बा हाई सैकण्डरी स्कूल में दक्षिण भारतीय विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की। दक्षिण क्षेत्र के 5 राज्यों से 123 स्कूलों ने भाग लिया।

राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र, दिल्ली

3.65 राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र, दिल्ली में प्रदर्शित एक विशाल "ऊर्जा बाल" दर्शकों के आकर्षण का केन्द्र रहा। इस प्रदर्शन में गैंदों की गति के लिए 3000 वर्ग फुट से अधिक स्थान जिनका 650 फुट का मार्ग था, उपयोग में लाया गया। वे रोचक ढंग से ऊर्जा का रूपान्तर बाहुबल से शक्ति, शक्ति से गतिक, गतिक से विद्युत तक प्रदर्शित करते हैं। इसके अतिरिक्त संवेग, अपकेन्द्र शक्ति, कोणीय संवेग का संरक्षण और ग्रहीय गति पर केपलर के कानून का अंतरण होना भी दिखाते हैं। सम्भवतः यह प्रदर्श अपने प्रकार का सबसे बड़ा है और इसे विज्ञान केन्द्र में पहली बार दिखाया गया है।

2. केन्द्र की यह चल विज्ञान प्रदर्शनियां 88 से अधिक दिनों में 56 स्थलों पर लगाई गईं। इन्हें लगभग 1,00,000 व्यक्तियों ने देखा।

3. लगभग 400 व्यक्तियों के लिए चार लोकप्रिय व्याख्यान आयोजित किए गए।

4. 2 शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें 20 शिक्षकों ने भाग लिया। 10 शिक्षण साधन तैयार किए गए।

5. एक संगणक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 31 स्कूली छात्रों को प्रशिक्षण दिया गया।

6. एक विज्ञान प्रश्नावली प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें 22 छात्रों ने भाग लिया।

7. रा.वि.के. दिल्ली ने एक राष्ट्रीय विज्ञान सेमिनार, 1988 आयोजित किया तथा अपने नए परिसर में विज्ञान संग्रहालय में अन्तर्राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की।

श्रीकृष्ण विज्ञान केन्द्र, पटना

3.66 श्रीकृष्ण विज्ञान केन्द्र, पटना ने अपने कार्यकलाप जारी रखे। गत वर्ष में नई दीर्घा "अवर सैन्सिज" बाल कार्नर और जीवन विज्ञान प्रयोगशाला का कार्य पूरा हो गया और ये सभी आयु वर्ग के दर्शकों विशेषकर बच्चों के लिए उपयोगी सिद्ध हुई। 1,00,000 से अधिक व्यक्ति इस केन्द्र को देखने के लिए आए। केन्द्र के महत्वपूर्ण कार्यकलापों में स्कूली बच्चों के लिए विभिन्न नियमित शैक्षिक कार्यक्रम तथा प्रौढ़ों तथा गृहणियों के लिए कार्योन्मुख कार्यक्रम आयोजित करके राज्य स्तरीय विज्ञान सेमिनार आयोजित किए गए।

जिला विज्ञान केन्द्र

3.67 पुरुलिया, गुलबर्गा, धर्मपुर तथा तिरुनेलवेली जिला केन्द्रों ने स्कूली छात्रों, जनजाति के लोगों तथा गांव के अन्य समुदायों के लिए अपने कार्यक्रम जारी रखे। इन केन्द्रों को पर्याप्त संख्या में लोग देखने आए तथा उन्होंने इन कार्यक्रमों में भाग लिया। जिला विज्ञान केन्द्र, पुरुलिया ने इस वर्ष एक नई लोकप्रिय विज्ञान दीर्घा खोली। जिला विज्ञान केन्द्र, तिरुनेलवेली ने भी एक स्थायी सभागृह और अस्थायी प्रदर्शनियों के लिए एक अवस्थापना की। नियमित कार्यकलापों के अलावा, "कीटों को जानो" तथा "बेकरी प्रदर्शन" से लेकर "संगणक जागरूकता" तक के बाह्य भित्ति कार्यक्रमों का अतिरिक्त प्रवाह था।

विस्तार कार्यकलाप

3.68 बस संग्रहालय अथवा चल विज्ञान प्रदर्शनी यूनिटों ने देश के काफी स्थलों का भ्रमण किया। उन्होंने पश्चिमी बंगाल, बिहार, उड़ीसा, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली, दादरा और नगर हवेली के दूरवर्ती अन्तः क्षेत्रों का दौरा किया। लगभग 10,00,000 लाख व्यक्ति इन्हें देखने के लिए आए। इन प्रदर्शनियों में 16,000 कि.मी. से अधिक की दूरी तय की गई। इसके अतिरिक्त विभिन्न ग्रामीण स्थानों पर प्रदर्शित किए गए वैज्ञानिक फिल्म प्रदर्शनों में 2,00,000 से अधिक व्यक्तियों ने भाग लिया।

3.69 वि.औ.प्रौ.सं., बंगलौर, रा.वि.के. बम्बई तथा बि.औ.प्रौ.सं., कलकत्ता में प्रत्येक वर्ष विज्ञान प्रदर्शन व्याख्यान नियमित आधार पर आयोजित किए जाते हैं। अन्य केन्द्रों पर भी इसी पद्धति का अनुसरण किया जाता है जिससे लाभग्राहियों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। इसे अनूठे तरीके से प्रस्तुत करने में वैज्ञानिक पाठ्यपुस्तकों में सजीवता लाई जाती है और इनका प्रभाव संपूरक स्कूली शिक्षा की अपेक्षा कहीं अधिक होता है।

संग्रहालयों/केन्द्रों ने गुवाहटी और बंगलौर में बहुतायत में विज्ञान मेले तथा शिविर आयोजित करने में मदद की। सितम्बर-अक्तूबर, 1988 में दक्षिण भारतीय विज्ञान मेला वि.औ.प्रौ.सं. द्वारा बंगलौर में आयोजित किया गया। इसमें 123 स्कूलों ने भाग लिया। फरवरी, 1987 के दौरान पूर्वी भारत विज्ञान शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में 139 स्कूलों के 265 प्रतियोगी शामिल हुए और 14 विज्ञान क्लबों ने अपनी संरचनात्मक योग्यताएं दिखाने के लिए 200 मॉडल तैयार किए थे। एरोमॉडलिंग पर प्रशिक्षणोन्मुख प्रदर्शन शिविर, जीवन विज्ञान तथा इलैक्ट्रोनिक्स कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें समग्र पूर्वी भारत से 46 प्रेक्षकों ने भाग लिया।

बि.औ.प्रौ.सं., कलकत्ता ने "क्विस्ट" नाम से विज्ञान पर एक प्रश्नावली प्रतियोगिता आयोजित की जिसका प्रसारण राष्ट्रीय दूरदर्शन कार्यक्रम के द्वारा किया जाता है।

राष्ट्रीय विज्ञान सेमिनार, 1988

3.70 राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद ने राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र, नई दिल्ली में राष्ट्रीय विज्ञान सेमिनार, 1988 आयोजित किया। इसका विषय सूचना क्रान्ति था। इस सेमिनार में सभी राज्यों तथा संघ शासित क्षेत्रों से छात्रों ने भाग लिया।

अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग

3.71 रा.वि.स. परिषद् ने दिसम्बर, 1988 के दौरान भारत में "दीवार रहित विज्ञान संग्रहालय" नामक एक अन्तर्राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की। पूरे देश से 60 विज्ञान संग्रहालय विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यशाला दिल्ली, बम्बई, बंगलौर तथा कलकत्ता चार स्थानों पर आयोजित की गई जहां रा.वि.स. परिषद् ने देश के बाहर भी विज्ञान संग्रहालय आन्दोलन फैलाने के लिए अवस्थापना विकसित की। इस परियोजना में यूनेस्को, अन्तर्राष्ट्रीय संग्रहालय परिषद् तथा शिक्षा और संस्कृति पर भारत-अमेरिका उप आयोग ने रा.वि.स. परिषद् के साथ सहयोग दिया है।

खेल विज्ञान

3.72 कार्यशाला के साथ-साथ, राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र, दिल्ली में 5 दिसम्बर, 1988 को केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री पी. शिवशंकर द्वारा एक "खेल विज्ञान" वीथी का उद्घाटन किया गया। यह विज्ञान के 13 विषयों में 101 अन्तर-क्रियात्मक सहभागी प्रदेशों का एक सैट था जिसे रा.वि.स. परिषद् ने सहायता के रूप में विकसित किया ताकि भारत तथा विदेशों में विज्ञान केन्द्रों को बनाया जा सके।

पंडित जवाहरलाल नेहरू तथा सी.वी. रमन जन्म शताब्दी समारोह

3.73 भारत के दो महान व्यक्तियों की शताब्दी मनाने के लिए रा.वि.सं. परिषद् ने व्यापक विस्तार कार्यक्रम शुरू किए, जो नवम्बर, 1988 से नवम्बर, 1989 तक पूरे वर्ष चलते रहेंगे। नेहरू समारोह कार्यक्रम के अन्तर्गत संग्रहालय परिषद् ने देश के विभिन्न भागों में लोगों के लिए कई नई सुविधाएं प्रदान कीं। सी.वी. रमन की जन्म शताब्दी मनाने के लिए, उनके जीवन तथा कार्यों की दो प्रदर्शनियां कलकत्ता तथा बंगलौर में साथ-साथ आयोजित की गई। बी.आई.टी.एम. कलकत्ता ने बी.आई.टी.एम. बंगलौर की सहायता से एक रुचिकर प्रदर्शनी लगाई।

राष्ट्रीय सांस्कृतिक सम्पदा परिरक्षण अनुसंधान प्रयोगशाला, लखनऊ

3.74 प्रयोगशाला जो कि संस्कृति विभाग का एक अधीनस्थ कार्यालय है, ने अनुसंधान, परिरक्षण, पुस्तकालय तथा प्रलेखन में निरन्तर प्रगति की। प्रयोगशाला को अपने विभिन्न कार्यक्रमों के लिए यू.एन.डी.पी. तथा यूनेस्को से सहायता प्राप्त होती है।

भारत की स्वतंत्रता की 40वीं वर्षगांठ मनाने के लिए "भारत में परिरक्षण के चार दशक" नामक एक राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया। एन.आर.एल.सी. के एक यूनिट क्षेत्रीय परिरक्षण प्रयोगशाला, मैसूर ने भारतीय संस्कृतिक सम्पदा परिरक्षण अध्ययन संघ के सहयोग से मैसूर में एक राष्ट्रीय परिरक्षण सेमिनार आयोजित किया गया।

अनुसंधान परियोजनाएं

3.75 अठारह लौह युग स्थानों, जिनका तकनीकी अध्ययन पूरा हो गया है, का अध्ययन कार्य अपने अन्तिम चरणों में है। तथ्यों के आधार पर "प्राचीन भारत में लौह धातुकर्मी विकास" नामक एक शोध निबन्ध को इटली में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय पुराधातुकर्मी संगोष्ठी में प्रस्तुत किए गए। "लेमिनेशन टेकनीक इन आयरन आर्टीफैक्ट्स इन एन्शियेंट इंडिया" नामक दूसरा निबन्ध यू.के. से प्रकाशित होने वाली ऐतिहासिक धातुकर्मी पत्रिका में प्रकाशन के लिए स्वीकृत किया गया।

एक सर्वेक्षण किया गया, सैम्पल लिए गए तथा लकड़ी के सम्पर्क में आने से धातु संक्षारण का अध्ययन, धातु के लिए विभिन्न रक्षात्मक परतों के प्रभाव का तुलनात्मक अध्ययन, जंग पर नियंत्रण के लिए रक्षात्मक परतों, पुरातत्व लौह तथा तांबे की कला कृतियों में से हानिकारक लवणों को दूर करने के लिए रेसिन का प्रयोग, कांस्य का परिरक्षण, प्रतिमा को कोई नुकसान पहुँचाए बिना उपचय को दूर करने के लिए, नई तकनीकों का विकास करने के लिए प्राथमिक अध्ययन शुरू किया गया।

चूने पर आधारित मोर्टारों और प्लास्तरों के विभिन्न प्रकार के मिश्रणों तथा कई महत्वपूर्ण तत्वों को तैयार किया जा रहा है तथा उन्हें ताजमहल की दरारों को भरने के लिए एक उपयुक्त सामग्री के रूप में प्रयोग करने के लिए परीक्षण किया जा रहा है।

संगमरमर के 75 नमूनों को एक जैसी सतह में समान रूप तराशा तथा पालिश किया गया, 75 नमूनों पर जंग तथा धब्बों को विकसित किया गया और 14 विभिन्न प्रकार के सफाई फार्मूले तैयार किए गए। संगमरमर के 12 नमूनों को सोडियम सल्फेट के तरीके से 3 चक्रों द्वारा अपक्षयन के लिए प्रभावित किया गया तथा 10 नमूनों को 10 साइकल के अनुसार तैयार किया गया। सफाई के लिए तैयार किए गए 15 तत्वों की बनावटी धब्बों वाले नमूनों पर जांच की गई।

"बर्च पार्क" पर निम्नलिखित एडहेसीव के प्रयोग का अध्ययन किया गया-मिथाईल सैलूलोस, सी.एम.सी., स्टार्च, पोलिविनाएल एसीटेट, पोलिविनाईल एल्कोहल, गलू आदि।

परिरक्षण

3.76 प्रयोगशाला, संग्रहालयों तथा अन्य संस्थाओं से उनकी कृतियों के परिरक्षण तथा संरक्षण के लिए नियमित रूप से अनुरोध कर रही है। प्रयोगशाला विभिन्न कृतियों का परिरक्षण कर रही है — भारत कला भवन वाराणसी से 8 भित्ति चित्र; आनन्द भवन, इलाहाबाद से 3 चित्र; राज भवन, कलकत्ता से चार तैल चित्र; राज्य संग्रहालय, लखनऊ से सम्बन्धित 190 पृष्ठों वाली कृष्ण-लीला; राज्य संग्रहालय, लखनऊ से सम्बन्धित एक बड़ी "पिछवाई"

रूमटेक धर्म चक्र केन्द्र, सिक्किम की दीवार चित्रकला तथा तोवांगमठ, अरुणाचल प्रदेश की दीवार चित्रकला तथा कलाकृतियों की पुनरुद्धार परिरक्षण रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

इन्टैक परिरक्षण केन्द्र के सहयोग से दीवार चित्रकारी के परिरक्षण की एक राष्ट्रीय परियोजना तैयार की गई है। इससे भारतीय दीवार चित्रकारी के सम्बन्ध में हमारी जानकारी काफी बढ़ेगी। पूरे देश से विशेषज्ञों की एक बैठक एन.आर.एल.सी. में एक जुलाई 1988 को आयोजित की गई जिसमें परियोजना पर चर्चा करने तथा उसे लागू करने पर विचार किया गया। परियोजना शुरू कर दी गई है तथा नागपुर किला तथा हम्पी जैसे विभिन्न दीवार चित्रकारी स्थलों का पहले ही सर्वेक्षण किया जा चुका है।

प्रारम्भ में यह परियोजना 3 वर्षों की अवधि के लिए तैयार की गई है।

सेमिनार

3.77 भारत की स्वतंत्रता की 40वीं वर्षगांठ को मनाने के लिए एन.आर.एल.सी. में "भारत में परिरक्षण के चार दशक" नामक दो-दिवसीय एक राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया गया। इसमें पूरे देश से विख्यात पुरातत्त्ववेत्ता, संग्रहालयवेत्ता, अभिलेखागारवेत्ता तथा परिरक्षकों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण और कार्यशालाएं

3.78 पुरातत्त्व सामग्री के परिरक्षण में एक छः माह का परिरक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें वियतनाम, ईरान तथा थाईलैण्ड से तीन छात्रों सहित 10 छात्रों ने भाग लिया। एन.आर.एल.सी. वैज्ञानिकों तथा बाहर से आमंत्रित अन्य विशेषज्ञों ने लैक्चर दिए। छात्रों ने विभिन्न प्रकार की वस्तुओं पर व्यापक व्यवहार्य कार्य किया तथा उन्हें समस्याओं तथा व्यवहारों पर मौके पर अध्ययन के लिए दिल्ली मैसूर, मद्रास तथा तंजावुर ले जाया गया।

संग्रहालय वस्तुओं की देख-रेख तथा रख-रखाव के लिए दस दिनों की अवस्थापना कार्यशाला आयोजित की गई। विदेशों से 3 छात्रों सहित इसमें 16 छात्रों ने भाग लिया। केन्द्रीय शिक्षा तथा संस्कृति राज्य मंत्री श्री एल.पी. शाही ने विदाई भाषण दिया तथा प्रमाण-पत्र प्रदान किए।

क्षेत्रीय परिरक्षण प्रयोगशाला, मैसूर में संग्रहालय वस्तुओं की देख-रेख तथा रख-रखाव पर दस दिनों की अवस्थापना कार्यशाला आयोजित की।

इनटैक परिरक्षण केन्द्र, लखनऊ के सहयोग से कलाकृतियों की देख-रेख पर पांच दिवसीय कार्यशाला आयोजित की। जोधपुर और लखनऊ की कार्यशाला में 40 सेना अधिकारियों ने भाग लिया।

संस्कृति सम्पदा की भौतिक विकृति से सम्बन्धित एक अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन 20-25 फरवरी, 1988 को आयोजित किया गया।

पुस्तकालय तथा प्रलेखन

3.79 574 पुस्तकें प्राप्त की गईं — पत्र-पत्रिकाओं के 860 अंकों को प्राप्त किया गया — 610 पुस्तकों को वर्गीकृत किया गया तथा सूची बनाई गई, 8500 प्रविष्टियों को संगणक में भरा गया, नई उपस्कर, मिनोल्टा आर.पी. 505 माइक्रोफिल्म, माइक्रोफिश, रीडर/प्रिंटर।

फोटो प्रलेखन

3.80 कई श्वेत श्याम कला-कृतियाँ - 1700, रंगीन पारदर्शी - 1200, रंगीन प्रिन्ट - 1500, श्वेत श्याम पारदर्शी - 60, फोटो प्रिन्ट और एन्लार्जमैन्ट - 2500

प्रकाशन

3.81 एन.आर.एल.सी. द्वारा लगभग 10 पुस्तकें तथा निबन्ध प्रकाशित किए गए।

अध्याय 4

मानव विज्ञान तथा नृजाति विज्ञान संस्थाएं

भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण, कलकत्ता

4.1 सर्वेक्षण के प्रयास का मुख्य बल राष्ट्रीय परियोजना "भारत के लोग" पर रहा जिसे अक्तूबर, 1985 में प्रारम्भ किया गया था। इस परियोजना का उद्देश्य देश के 4986 समुदायों के संबंध में अद्यतन सूचना प्राप्त करना तथा उन्हें साथ लाने वाले सम्पर्कों पर प्रकाश डालना है। सर्वेक्षण के 200 वैज्ञानिक और तकनीकी सदस्यों में से अधिकांश को इस परियोजना में लगाया गया है। नवम्बर 1988 तक 4373 समुदायों से संबंधित क्षेत्र कार्य पूरा हो चुका है। क्रमशः 2634, 3946 और 3956 समुदायों के लिए रिपोर्ट लिखने, सारांश तैयार करने और संगणक प्रपत्र भरने का काम पूरा किया गया। 2663 समुदायों के लिए सामान्य प्रपत्र भी भरे गए हैं। राष्ट्रीय सूचना केन्द्र, नई दिल्ली पर सूचनाओं का संगणकीकरण प्रारम्भ किया गया। 2590 समुदायों के लिए संगणक प्रपत्र और 1455 समुदायों के लिए सारांश वर्ड प्रोसेसर को हस्तांतरित किए गए। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के समुदायों के संबंध में रिपोर्ट प्रैस के लिए तैयार है। मार्च 1989 तक पांडिचेरी, लक्षद्वीप, मणिपुर, मेघालय, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के समुदायों पर संस्करण पूरा करने की भी योजना है। दो अंतिम रिपोर्टें प्राप्त हुई हैं जिनमें मणिपुर और मेघालय के समुदाय शामिल किए गए हैं। गुवाहाटी, इटानगर, हिमालय अध्ययन संस्थान, उत्तरी बंगाल विश्वविद्यालय, बागडोगरा में विचार-विमर्श किया गया। विभिन्न विश्वविद्यालयों के विभागों, जनजातीय अध्ययन संस्थानों तथा अन्य संगठनों के विद्वान इसमें शामिल किए गए थे। स्थानीय विद्वानों के लिए त्रिवेन्द्रम, पांडिचेरी, अगरतला, और लक्षद्वीप में अनेक कार्यशालाएं आयोजित की गई। महानिदेशक ने अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा तथा अन्य स्थानों का दौरा करते हुए 90 दिन भ्रमण में बिताएं।

4.2 भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण ने ऐसी 13 परियोजनाएं शुरू की हैं जिनका सातवीं योजना के सामान्य उद्देश्यों पर भी प्रभाव पड़ता है। भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण के अनेक बार विचार-विमर्श कर लेने के उपरांत 13 नई परियोजनाओं के शैक्षिक प्रपत्रों को अंतिम रूप दिया गया और उनमें से अधिकांश पर कार्य प्रारम्भ हो चुका है।

भारत में छठी योजना परियोजना जनजातीय परिवर्तन के अंतर्गत लिटिल अंडमान में ओंज के बारे में क्षेत्र अन्वेषण प्रारम्भ किया गया।

तीन विलम्बित परियोजनाओं की प्रक्रिया को गति देने के लिए तीन कार्य दलों का गठन किया गया है। इनके प्रयास के फलस्वरूप चार खंडों : अखिल भारतीय मानवसमिति सर्वेक्षण, (दक्षिणी क्षेत्र), अखिल भारतीय मानवमिति सर्वेक्षण (उत्तरी क्षेत्र, असम), अखिल भारतीय मानवमिति सर्वेक्षण (उत्तरी क्षेत्र, बिहार) और अखिल भारतीय जैव मानव विज्ञान सर्वेक्षण (प्रारम्भिक तालिकायें) का प्रकाशन संभव हो सका।

प्रदर्शनियां

4.3 महानिदेशक डा. के.एस. सिंह ने भारत-सोवियत प्रदर्शनी के संबंध में दो बार मास्को का दौरा किया। मई 1988 में मास्को में आयोजित एक अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी में सर्वेक्षण ने पहली बार सक्रिय रूप से भाग लिया। सर्वेक्षण ने नई दिल्ली में

आयोजित भारत-सोवियत प्रदर्शनी में भी भाग लिया। भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण ने नई दिल्ली में प्रगति मैदान में आयोजित भारत अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में भी भाग लिया। भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण ने भारत-सोवियत प्रदर्शनी के लिए एकत्रित नृजातीय शिल्प तथ्य अधिग्रहित कर लिए जो देहरादून स्थित कार्यालय को स्थानान्तरित किए गए हैं। महानिदेशक ने जाग्रेब, यूगोस्लाविया में आयोजित मानव विज्ञानी और नृजातीय संगोष्ठी के 12वें अंतर्राष्ट्रीय कांग्रेस में भी भाग लिया और भारत की नृजातीय स्थिति, भारत के लोग और संकटपूर्ण प्रबंध के दौर के मानव विज्ञान संबंधी विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने स्थानीय विद्वानों से विचार-विमर्श के लिए लेनिनग्राद और हिडनेवर्ग का भी दौरा किया।

संगोष्ठियां

4.4 स्वतंत्रता की 40वीं वर्षगांठ और नेहरू जन्म शताब्दी समारोह के अंग के रूप में दो राष्ट्रीय संगोष्ठियां, एक भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण और दूसरी जवाहरलाल नेहरू, जनजातियां और जनजातीय परिवर्तन पर आयोजित की गईं।

राष्ट्रीय मानव संग्रहालय (आर.एम.एस.), भोपाल

4.5 यह संग्रहालय, जो कि संस्कृति विभाग के अंतर्गत एक स्वायत्त संगठन है, समय और दूरी के साथ मानवता की कहानी चित्रित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मास्टर प्लान

4.6 निर्धारित स्थल पर एक अस्थायी प्रदर्शन-भंडारण भवन का निर्माण मार्च 1989 तक पूरा हो जाने की संभावना है। इसके बाद इसका प्रयोग होने लगेगा।

60 लाख रुपये की अनुमानित लागत से सीमित संख्या में स्टाफ क्वार्टरों और एक अतिथिगृह व छात्रावास भवन का निर्माण कार्य मध्य प्रदेश सरकार के एक स्वायत्त संगठन को सौंपा गया।

पूरा होने की स्थिति में पहुंचने वाले मास्टर प्लान को अंतिम रूप दिए जाने की प्रक्रिया के साथ ही राष्ट्रीय मानव संग्रहालय द्वारा वर्ष 1988-89 के अंत तक मुख्य संग्रहालय भवन के निर्माण की औपचारिकता प्रारम्भ किए जाने की सम्भावना है।

अवस्थापनात्मक सुविधाएं जैसे पानी, बिजली, चहारदीवारी और स्थल पर वृक्षारोपण की दिशा में सुविधाएं प्रदान करने के लिए कदम उठाए गए।

खुली प्रदर्शनियां

4.7 जनजातीय घरों की एक खुली प्रदर्शनी "जनजातीय आवास" लगाई गई जिसमें वास्तुशिल्प सामग्री संस्कृति, जीवन शैली, पर्यावरणात्मक विशेषताएं आदि पहलुओं पर प्रकाश डाला गया। यह राष्ट्रीय मानव संग्रहालय की पहली स्थायी प्रदर्शनी थी जिसे जनता के लिए खोला गया।

राष्ट्रीय मानव संग्रहालय के अहाते में पड़े प्रागैतिहासिक चित्रित-शिला शरण खंडों का उपयोग करके, शिला-कला विरासत पर एक खुली प्रदर्शनी का विकास प्रारम्भ किया गया।

अंतरंग प्रदर्शनियां

4.8 "मानव की कहानी" नामक प्रदर्शनी आगंतुकों के लिए आकर्षण केन्द्र बनी रही। इस प्रदर्शनी को अस्थायी प्रदर्शन-भंडारण भवन में ले जाने की तैयारी चल रही है जो निर्धारित स्थल पर बनाया जा रहा है।

जनजातीय समाज में बच्चे विषयक प्रदर्शनी तैयार की गई जिसके शीघ्र प्रारम्भ किए जाने की सम्भावना है। पं. जवाहर लाल नेहरू की जन्मशताब्दी समारोह मनाने के लिए "पुत्री को पिता के पत्र" नामक पुस्तक पर आधारित एक विशेष प्रदर्शनी बच्चों के लिए लगाई गई। वर्ष 1988-89 के अंत में यह प्रदर्शनी जनता के लिए खोली जाएगी।

संग्रह और प्रलेखन

4.9 देश के विभिन्न भागों से संस्कृति सामग्री की 550 से अधिक वस्तुएं राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में जोड़ी गईं। सर्वाधिक उल्लेखनीय हाल में अधिग्रहण किया गया बस्तर (म.प्र.) से प्राप्त एक 10 मीटर का लकड़ी का दशहरा रथ था जिसे संग्रहालय के "आपरेशन सालवेज" कार्यक्रम के अंतर्गत प्राप्त किया गया। वर्ष के अंत तक संग्रह में दूसरी 400 वस्तुएं जोड़ी जाने की संभावना है।

क्षेत्र प्रलेखन और उत्तर संग्रह विषय सूची का निर्माण भी किया गया। संग्रहालय प्रलेखन को संगणकीकृत करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।

फोटोग्राफी

4.10 इंडेक्स और सूची कार्ड तैयार करने के लिए संग्रहालय की लगभग 100 वस्तुओं की फोटो ली गई। अनुरक्षण और प्रकाशन तैयार करने के दुहरे उद्देश्य से खुली प्रदर्शनियों के जनजातीय घरों के आंतरिक भागों के फोटो-प्रलेखन तैयार किए गए। संग्रहालय में घटित होने वाली सभी अन्य घटनाओं तथा प्रदर्शनियों के भी फोटो-प्रलेखन तैयार किए गए। जनजातीय और लोक-जीवन के क्षेत्रों को शामिल करने पर 1200 रंगीन नैगेटिव तैयार हुए।

लेखाचित्र एकक

4.11 बच्चों के लिए दो विशेष प्रदर्शनियों के लिए चित्र, रेखाचित्र और स्केच तैयार किए गए। खुली और विषयक प्रदर्शनियों की योजना बनाने के लिए नक्शे तैयार किए गए। संग्रहालय शैक्षिक कार्यक्रम के लिए शैक्षिक सामग्रियों के डिजाइन तैयार किए गए। हाल ही में प्राप्त किए गए दशहरा रथ का रेखाचित्र प्रलेखन तैयार किया गया।

संग्रहालय शिक्षा

4.12 जनजातीय विकास और सार्वजनिक प्रशासन में संलग्न संगठनों के प्रशिक्षणार्थियों और विद्यार्थियों के दिशा निर्देशित दौर और संस्था प्रायोजित सामूहिक भ्रमण तथा दौर आयोजित किए गए। प्रायोगिक परीक्षण के पाठ्यचर्योन्मुख शैक्षिक कार्यक्रम तैयार किए गए।

परिरक्षण

4.13 परिरक्षण प्रयोगशाला ने निम्नलिखित संरक्षण कार्य किए :

खुले में प्रदर्शित 200 वस्तुओं के लिए संरक्षणात्मक और उपचारी उपायों की व्यवस्था, सुरक्षित संग्रह के 325 नृजातीय वस्तुओं का रासायनिक परिरक्षण और क्षतिग्रस्त मृण्मूर्तियों और वाद्ययंत्रों का जीर्णोद्धार।

संदर्भ पुस्तकालय

4.14 आर.एम.एस. एक विशिष्ट संदर्भ पुस्तकालय और प्रलेखन केन्द्र विकसित कर रहा है ताकि अनुसंधान प्रदेशों की तैयारी और शिक्षा को सुकर बनाया जा सके। 350 नई पुस्तकें, विदेशी पत्रिकाओं के 300 अंक और भारतीय व्यावसायिक पत्रिकाओं के 111 अंक जोड़े गए।

राष्ट्रीय और लोकप्रिय व्याख्यान

4.15 भारतीय स्वतंत्रता की 40वीं वर्षगांठ मनाने के लिए आर.एम.एस. द्वारा आयोजित राष्ट्रीय व्याख्यान माला के एक भाग के रूप में डा. बी.एन. मिश्रा ने "मानव विकास अध्ययन में हाल की उन्नतियों" पर एक व्याख्यान दिया। डा. गोपाल शरण ने "मानवता के ज्ञान में मानव विज्ञान का योगदान" विषय पर इस व्याख्यान माला का अंतिम व्याख्यान दिया। लोकप्रिय संग्रहालय व्याख्यान माला के अंतर्गत "मानव संग्रहालय और समाज" विषय पर प्रथम व्याख्यान के लिए आलेख डा. एन.सी. चौधरी से प्राप्त हुआ।

अन्य संस्थागत विकास

4.16 संग्रहालय ने जनजातीय और लोक जीवन के दृश्य और श्रव्य प्रस्तुतीकरण और प्रलेखन को सुकर बनाने के लिए ध्वनि अंकन सुविधा प्रदान करने और एक वीडियो टेक स्थापित करने का कार्य प्रारम्भ किया।

Imp corr A/56

सीमला [illegible] ७

भाई संपूर्णानंद –

आपका खत मिला। आपने पूर्ण विचार नहीं किया है। खादीवाले शुद्ध होंगे तो खादी काम गड़बड़ नहीं बनेगा। आज खादी हमारे पास बहुत कम है। खादी शास्त्र का और खादी कार्य का गहरा अभ्यास कीजिये।

आपका

मो. क. गांधी

अध्याय 5

अभिलेखागार और अभिलेख

भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार, नई दिल्ली

5.1 भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार (एन.ए.आई.) भारत सरकार के स्थाई महत्व के अप्रचलित अभिलेखों का सबसे बड़ा संग्रह स्थल है। इसके कार्यकलाप सार्वजनिक अभिलेखों, राष्ट्रीय महत्व के निजी कागजात और विदेशों से भारतीय हित के अभिलेखों की माइक्रोफिल्म प्रतियां अधिग्रहीत करने से संबंधित हैं।

भारतीय ऐतिहासिक अभिलेख आयोग

5.2 जम्मू व कश्मीर सरकार के आमंत्रण पर भारतीय ऐतिहासिक अभिलेख आयोग का 52वां सत्र 15-16 अक्तूबर, 1988 को भारत सरकार के शिक्षा और संस्कृति राज्यमंत्री श्री एल.पी. शाही की अध्यक्षता में श्रीनगर में आयोजित हुआ।

भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार सौध

5.3 भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार सौध का निर्माण कार्य वर्ष 1988-89 के दौरान भी जारी रहा। वातानुकूलन नलिकाओं को लगाने का कार्य प्रगति पर है।

प्रकाशन

5.4 इस अवधि के दौरान निम्नलिखित प्रकाशन निकाले गए :

(i) दी इण्डियन आर्काइव्ज वाल्यूम XXXV नं. 2; (ii) राष्ट्रीय अभिलेखागार का वार्षिक प्रतिवेदन 1986 (हिन्दी); (iii) नेशनल रजिस्टर आफ प्राइवेट रिकार्ड्स, वाल्यूम XVI (iv) रेप्रोग्राफिक्स एण्ड आर्काइव्ज।

अधिग्रहण

5.5 निम्नलिखित अभिलेखों के अधिग्रहण द्वारा भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार के संग्रह को और समृद्ध बनाया गया।

सार्वजनिक प्रलेख : निम्नलिखित मंत्रालयों/विभागों की 1873-1950 तक की अवधि की 5147 फाइलें अधिग्रहीत की गईं: रक्षा मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और मंत्रिमंडल सचिवालय।

निजी कागजात : 1905-48 तक की अवधि के दौरान गांधी जी से संबंधित दस्तावेज का एक सैट, गांधी-पोलक पत्राचार शीर्षक के अंतर्गत, जिसमें 4335 मदें समाविष्ट हैं, लंदन स्थित सोथबी द्वारा की गई एक सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से भारत सरकार द्वारा अधिग्रहीत किए जाने के बाद, भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार के संरक्षण में हस्तांतरित किया गया। इस संग्रह में पत्र, तार, टिप्पणियां, लेख, मुद्रित सामग्री, प्रेस की कतरन, छाया चित्र इत्यादि शामिल हैं। अधिकांश पत्र गांधी जी द्वारा हेनरी पोलक को लिखे गये हैं जो जोहान्सबर्ग में गांधी जी के क्लर्क और कानूनी सहयोगी थे।

इसके अतिरिक्त विभाग के संरक्षण में भारत सरकार द्वारा सोथबी, लंदन के माध्यम से अधिग्रहीत गांधी-कालेनबैच का संग्रह है जिसमें 1909-46 तक की अवधि के 287 पत्र और 137 तार शामिल हैं। अभी तक अप्रकाशित ये पत्र गांधी जी के दक्षिणी अफ्रीका प्रवास पर प्रकाश डालते हैं। ये फोनेक्स बस्ती तथा टाल्सटाय फार्म में उनके जीवन और गतिविधियों पर प्रकाश डालते हैं। इन्हीं स्थानों पर गांधीजी ने आत्म-निर्भर समुदायों का प्रयोग प्रारम्भ किया था। ये कागजात गांधीजी की सर्वाधिक सबल अवधारणा अर्थात् अहिंसा और सत्याग्रह के शनैः शनैः निर्माण और दक्षिणी अफ्रीका में रंगभेद की नीति के खिलाफ लड़ने की उनकी नीति का वर्णन करते हैं।

महात्मा गांधी द्वारा गोविन्द बल्लभ पंत को लिखे गए (1932-48) और कांग्रेस कार्यसमिति में हिन्दुओं, मुसलमानों तथा अन्य जातियों को चुनने से संबंधित 5 पत्रों की फोटो प्रतियां और सी.पी. रामास्वामी के भाषणों, व्याख्यानों, रेडियो-वार्ताओं के 41 रोल अधिग्रहीत किए गए हैं।

5.6 *माइक्रोफिल्में* : चार्ल्स वालेस ट्रस्ट ग्रांट के तहत ब्रिटिश पुस्तकालय, लंदन से निम्नलिखित सामग्री प्राप्त की गई — युद्ध स्टाफ फाइलों के 111 रोल (1939-49) जिनमें सुरक्षा, कश्मीर का मामला, भारतीय सेना का राष्ट्रीयकरण जैसे विषयों से संबंधित सूचनाएं हैं; थाम्पसन संग्रह (1903-35) के 7 रोल जो पंजाब में भूमि की पट्टेदारी, जलियाँवाला बाग गोलीकांड पर जनरल डायर की रिपोर्ट से संबंधित है; सर लुईस डेन संग्रह (1849-1939) का 1 रोल; फज़ल-इ-हुसैन संग्रह (1924-36) के 4 रोल; टेम्पिलउड (1926-53) के 14 रोल जिनमें संसदीय पत्र गांधीजी के जीवन से संबंधित टिप्पणियां शामिल हैं; हारटोग संग्रह (1928-29) के 8 रोल; और स्टोपफोर्ड संग्रह (1930-32) के 2 रोल।

5.7 एक विनिमय करार के अंतर्गत निम्नलिखित 13 रोल ब्रिटिश पुस्तकालय, लंदन से प्राप्त किए गए; वाइसराय के निजी सचिव के कार्यालय से संबंधित 5 रोल 1947; प्रतिबंधित प्रकाशनों के 6 रोल; राजनीतिक और गुप्त विभाग अभिलेखों का 1 रोल; और भारत पर रूसी हमले की आशंका से संबंधित सर जान मालकम की टिप्पणियों का 1 रोल।

अनुसंधान और संदर्भ

5.8 अनुसंधान कक्ष और पुस्तकालय सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए लगभग 8681 अध्येता अभिलेखागार आए। आलोच्य अवधि के दौरान नामांकित 260 अध्येताओं में से 18 अफगानिस्तान, आस्ट्रेलिया, कनाडा, फ्रांस, ग्रीस, जापान, स्विटजरलैंड,पश्चिम जर्मनी, यू.के., अमेरिका, सोवियत रूस जैसे अन्य देशों से थे। प्रलेखों, पुस्तकों और माइक्रोफिल्मों के लिए लगभग 79,000 मांगपत्रों को निपटाया गया और प्रलेख उद्धरणों के लगभग 10026 पृष्ठों की टाइप प्रतियां/जीरोक्स प्रतियां उन्हें प्रदान की गईं। इसके अतिरिक्त 120 सार्वजनिक/निजी अभिकरण/व्यक्तियों को विभाग में उपलब्ध सामग्री से संबंधित सूचना प्रदान की गई।

संदर्भ माध्यम

5.9 सेंट्रल इंडिया एजेंसी (1858-1870) के 6210 पत्रों की सारांश सूची तैयार की गई और निजी कागजात के लगभग 7707 विषयों का सूचीकरण किया गया। इनायत जंग संग्रह के 2002 प्रलेखों की वर्णनात्मक सूची तैयारी की गई। फारसी पत्र-व्यवहार (1803) के 245 पत्रों की वर्णनात्मक सूची तैयार की गई।

अभिलेख और अभिलेखागारों का प्रबंध

5.10 विभिन्न विभागों और मंत्रालयों की 79599 फाइलों का मूल्यांकन किया गया। ये विभाग/मंत्रालय हैं : गृह मंत्रालय (1956-62), कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (1955-62), संसदीय कार्य मंत्रालय (1952-62), प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (1954-62) और कम्पनी कार्य विभाग (1954-62)। इस मूल्यांकन के फलस्वरूप प्रतिवर्ष 30,542/- रुपए प्रतिवर्ष और 153 मीटर ताक स्थान (शेल्फ स्पेस) की बचत की गई।

20 मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों के रिकार्डों को रखने की प्रतिधारण अनुसूचियों की जांच का कार्य पूरा किया गया; 20 मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों के अभिलेख कक्षों का निरीक्षण किया गया; 6 मंत्रालयों/कार्यालयों के अभिलेख प्रबन्ध अध्ययन आयोजित किए गए और उन्हें तत्काल ही सलाह दी गई।

स्वतंत्रता की ओर

5.11 इस "परियोजना" के अन्तर्गत प्रासंगिक सामग्री के चयन का काम जारी रहा। इस संबंध में भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार और विभिन्न राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों के अभिलेखागारों में उपलब्ध 1940-47 तक के सार्वजनिक और निजी अभिलेखों /माइक्रोफिल्मों की जांच की गई। परियोजना-खंड में शामिल करने के लिए चुनिंदा उद्धरणों के लगभग 6565 पृष्ठ भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली को भेजे गए।

अभिलेख अध्ययन स्कूल

5.12 स्कूल द्वारा आयोजित अभिलेख अध्ययन के 1 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम के अतिरिक्त व्यावसायियों और उप-व्यावसायियों के लाभ के लिए आठ सप्ताह की अवधि के विभिन्न अल्पावधि पाठ्यक्रम आयोजित किए गए।

विभाग ने क्रमशः 18-19 नवम्बर, 1988 और 28-30 सितम्बर 1988 तक भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार, नई दिल्ली में "रेप्रोग्राफी" और "राष्ट्रीय प्रलेख विरासत का संरक्षण" पर दो कार्यशालाएं आयोजित कीं।

वित्तीय सहायता की योजना

5.13 (क) "पाण्डुलिपियों के परिरक्षण के लिए वित्तीय सहायता की योजना" के कार्यान्वयन के लिए अनुदान समिति का 18 जुलाई 1988 को पुनर्गठन किया गया। 6 अक्तूबर 1988 को अभिलेख निदेशक की अध्यक्षता में आयोजित अपनी प्रथम बैठक में समिति ने यह सिफारिश की थी कि 15,39,300/- रुपए की राशि अनुदान के रूप में 27 संगठनों को वितरित की जानी चाहिए।

(ख) "राज्य अभिलेखागारों के विकास के लिए वित्तीय सहायता की योजना" के कार्यान्वयन के लिए अनुदान समिति का पुनर्गठन 8 अगस्त, 1988 को किया गया। अभिलेख निदेशक की अध्यक्षता में 15 नवम्बर, 1988 को आयोजित अपनी प्रथम बैठक में समिति ने सिफारिश की कि 22,23,000/- रुपए की धनराशि अनुदान के रूप में निम्नलिखित 7 राज्यों को वितरित की जाए : गुजरात, हिमाचल प्रदेश, केरल, मध्य प्रदेश, मणिपुर, उड़ीसा और उत्तर प्रदेश।

(ग) रजिस्टर नेशनल योजना के अंतर्गत निजी संरक्षण में उपलब्ध अभिलेखों के सर्वेक्षण और सूची तैयार करने के कार्य को गति देने के लिए वित्त वर्ष 1987-88 के दौरान 1.10 लाख रुपये मंजूर किए गए जिसमें असम, गुजरात, केरल, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिमी बंगाल राज्य के प्रत्येक अभिलेखागार को 15,000 रुपयों की धनराशि मंजूर की गई। इसके अतिरिक्त मध्य प्रदेश राज्य अभिलेखागार को 5,000 रुपये की धनराशि मंजूर की गई।

प्रदर्शनी

5.14 सोवियत संघ में भारत महोत्सव के अंतर्गत, विभाग ने ट्रेढयोकोव कलावीथि, मास्को में आयोजित "दुज्बादोस्ती, सदियों पुराने भारत-सोवियत संबंध" नामक प्रदर्शनी में भाग लिया।

विभाग ने, भारत में सोवियत संघ महोत्सव के अंतर्गत ललित कला अकादमी वीथि, नई दिल्ली में आयोजित "दोस्ती द्रुज्बा, काल और अंतरिक्ष में भारत और सोवियत संघ" नामक प्रदर्शनी में भी हिस्सा लिया।

विभाग द्वारा 4 नवम्बर, 1988 से 25 दिसम्बर, 1988 तक "अंतिम चरण — हमारे स्वतंत्रता संग्राम के अंतिम दशक की कहानी" नामक प्रदर्शनी आयोजित की गई।

अभिलेख सप्ताह

5.15 नवम्बर, 1988 में "अभिलेख सप्ताह" आयोजित किया गया। इस अवधि के दौरान अभिलेखागार के स्टेक एरिया के एक अनुभाग, परिरक्षण व रेप्रोग्राफी एककों के निर्देशित भ्रमण की व्यवस्था की गई। इसके अतिरिक्त "भारत में शिक्षा का विकास" से संबंधित मूल दस्तावेजों की एक प्रदर्शनी आयोजित की गई।

तकनीकी सेवाएं

5.16 संरक्षण और रेप्रोग्राफी से संबंधित 95 सरकारी और निजी संस्थाओं को तकनीकी सूचना देने के अतिरिक्त, कुल मिलाकर 1,17,416 रिकार्ड-शीटों की मरम्मत की गई, 4,800 वाल्यूम/पुस्तकों व अन्य सामग्री की जिल्दसाजी की गई। इसके अतिरिक्त विभाग में माइक्रोफिल्मों के 2,00,000 एक्सपोजर, 74000 जेरोक्स प्रतियां, 16,000 मीटर पॉजिटिव माइक्रोफिल्में और 2473 प्रिंट तैयार किए गए।

क्षेत्रीय कार्यालय

5.17 भोपाल, पांडिचेरी, और जयपुर स्थित क्षेत्रीय कार्यालयों ने अपनी सामान्य गतिविधियां जारी रखीं।

क्षेत्रीय कार्यालयों ने दस्तावेजों के लगभग 43,238 शीटों की मरम्मत की और 556 वाल्यूम/पुस्तकों आदि की जिल्दसाजी की। पांडिचेरी अभिलेख कार्यालय में 1-7 नवम्बर, 1988 तक अभिलेख सप्ताह मनाया गया और "सामाजिक परिवर्तन के पहलुओं" पर एक प्रदर्शनी लगाई गई। जयपुर अभिलेख कार्यालय में इस आयोजन के दौरान अभिलेख प्रबन्ध से संबंधित एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। भोपाल, अभिलेख कार्यालय ने "सामाजिक परिवर्तन के पहलुओं — 1900-1947" पर एक प्रदर्शनी लगाई।

एशियाटिक सोसाइटी, कलकत्ता

5.18 देश में शैक्षिक महत्व की एक प्रमुख संस्था एशियाटिक सोसाइटी वर्ष 1984 में राष्ट्रीय महत्व की संस्था के रूप में प्रतिष्ठित हुई। इसके मुख्य कार्यकलाप हैं : पुस्तकालय में सुधार; पुस्तकालय सामग्री और संग्रहालय वस्तुओं का संरक्षण और परिरक्षण, अनुसंधान गतिविधियों और प्रकाशनों को बढ़ावा देना।

सलाहकार समिति ने प्रशासक को संस्कृत अध्ययन के 32 विद्यार्थियों के लिए शिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए अधिकृत किया। भारत सरकार ने इस प्रयोजनार्थ छः महीने के लिए 1,62,000 रुपए के तदर्थ अनुदान की स्वीकृति दी है। यह भी निश्चय किया गया है कि उच्च संस्कृत अध्ययन संस्थान और 1985 में शुरु की गई अन्य संस्थायें समाप्त कर दी जाएं।

अनुसंधान कार्य बढ़ाने के लिए सलाहकार समिति ने 6 अनुसंधान फेलोशिप प्रारम्भ करने की स्वीकृति दे दी। प्रत्येक अनुसंधान फैलोशिप दो वर्ष के लिए होगी तथा एक और वर्ष के लिए नवीकृत हो सकेगी। फैलोशिप की राशि प्रति माह 3000/- रुपए होगी, साथ ही प्रति वर्ष 10,000/- रुपए का आकस्मिक अनुदान भी दिया जाएगा।

5.19 पत्रिकाओं के प्रकाशन को नियमित बनाने के लिए कदम उठाए गए हैं। सोसाइटी का मासिक बुलेटिन अब नियमित रूप से प्रकाशित होने लगा है। सोसाइटी के प्रकाशनों की बिक्री तथा लोकप्रियता बढ़ाने के लिए सोसाइटी ने लखनऊ में आयोजित राष्ट्रीय पुस्तक मेला और कलकत्ता पुस्तक मेले में भाग लिया।

एशियाटिक सोसाइटी ने राष्ट्रीय पुस्तकालय और रामकृष्ण मिशन संस्कृति संस्थान के सहयोग से भारतविद्या अध्ययन पर 21 से 23 नवम्बर, 1988 तक एक सम्मेलन आयोजित किया। इसमें बहुत से प्रख्यात विदेशी विद्वानों ने भाग लिया।

जून, 1988 से सोसायटी ने प्रति माह अनेक शैक्षिक व्याख्यान प्रारम्भ किए। कलकत्ता पुस्तक मेले के अवसर पर "एशियाटिक अनुसंधान के 200 वर्ष" पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई।

5.20 भारत सरकार के सुझाव पर सोसाइटी ने सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम को यथासंभव कार्यान्वित करने का निश्चय किया। मार्च 1987 में गोर्की विश्व साहित्य संस्थान मास्को, सोवियत रूस के अनुसंधान फैलो डा. आई. सेरेब्रिएनी भारत-सोवियत सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम के अंतर्गत एशियाटिक सोसाइटी आए।

देश के सबसे पुराने पुस्तकालय, सोसाइटी के पुस्तकालय ने अध्येताओं और अनुसंधान छात्रों को उनके अध्ययन में मदद देने के लिए सुविधाओं में सुधार किया है। एक स्टाक जांच एकक का सृजन किया गया है ताकि वाचनालय कार्ड, ग्रंथसूची निर्माण और अनुक्रमणिका कार्य में सुधार के लिए पुस्तकों और पाण्डुलिपियों का उचित हिसाब रखा जा सके।

संग्रहालय और अभिलेख

5.21 पांडुलिपियों का सूचीनिर्माण जारी रहा। 174 पांडुलिपियों की सूचियां बनाई गईं। 2913 संस्कृत पांडुलिपियों के स्टॉक की चैकिंग और प्रत्यक्ष जांच की गई। अभिलेखीय कागजात की वर्णाक्षरात्मक, सूची बनाई गई। लगभग 28449 पांडुलिपियों को साफ किया गया।

संरक्षण अनुभाग वर्षभर पुस्तकालय और संग्रहालय तथा पांडुलिपि अनुभागों में रखी पुस्तकों, पांडुलिपियों, चित्रों तथा अन्य कागजात के परिरक्षण और जीर्णोद्धार में सक्रिय रहा।

रेप्रोग्राफी अनुभाग में कुल मिलाकर 31030 फाइलों की फोटोप्रति कराई गई। सोसाइटी के संग्रह में से विभिन्न पुस्तकों और पांडुलिपियों से माइक्रोफिल्म कापी के 7089 फोलियो और पॉजिटिव कापी के 36,000 फोलियो निकाले गए।

प्रकाशन अनुभाग : दो पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं और 31 मार्च 1989 तक चार और पुस्तकों के प्रकाशित होने की संभावना है।

उपलब्ध पुस्तकों की एक सूची भी प्रकाशित की गई है।



अध्याय 6

तिब्बती, बौद्ध तथा अन्य ऐतिहासिक अध्ययन संस्थाएं

केन्द्रीय बौद्ध अध्ययन संस्थान, लेह (जम्मू व कश्मीर)

6.1 केन्द्रीय बौद्ध अध्ययन संस्थान, एक स्वायत्त संगठन है जिसके लिए धन की व्यवस्था पूरी तरह केन्द्र सरकार करती है। संस्थान का मूल उद्देश्य, छात्रों को आधुनिक विषयों के साथ-साथ बौद्ध दर्शन, साहित्य तथा कलाओं की शिक्षा देकर उनके व्यक्तित्व का बहुमुखी विकास करना है। संस्कृत, हिन्दी, अंग्रेजी, भोट साहित्य और बौद्ध दर्शन जहां अनिवार्य विषय हैं, वहां सामाजिक विज्ञान, राजनीति विज्ञान, गणित और अर्थशास्त्र ऐच्छिक विषय हैं। पाठ्यक्रम संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी द्वारा निर्धारित किया गया है, जिससे यह संस्थान सम्बद्ध है।

केन्द्रीय उच्च तिब्बती अध्ययन संस्थान, सारनाथ, वाराणसी

6.2 केन्द्रीय उच्च तिब्बती अध्ययन संस्थान, सारनाथ एक स्वायत्त संगठन है जिसके लिए धन की व्यवस्था की पूर्ण जिम्मेदारी केन्द्र सरकार की है। इसकी स्थापना तिब्बती संस्कृति और परम्परा के परिरक्षण, तिब्बती भाषा में सुरक्षित प्राचीन भारतीय साहित्य के पुनरुद्धार तथा सीमान्त क्षेत्रों के छात्रों के लिए बौद्ध-अध्ययन की उच्च शिक्षा की व्यवस्था करने के उद्देश्य से की गई थी। संस्थान संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए छात्रों को तैयार करता है। 5 अप्रैल, 1988 को संस्थान को विश्वविद्यालय के समकक्ष दर्जा दिए जाने की घोषणा के बाद से संस्थान ने काफी प्रगति की है।

सिक्किम तिब्बती विद्या अनुसंधान, गंगतोक

6.3 यह संस्थान सिक्किम सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन है तथा सिक्किम के राज्यपाल इसके शासी निकाय के अध्यक्ष हैं। इसकी स्थापना तिब्बती विद्या में अध्ययन और अनुसंधान के लिए की गई है। संस्थान ने अनुसंधान और प्रतिमाविज्ञान, औषध, ज्योतिष और इतिहास जैसे सह-विषयों को प्रोत्साहित करने के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया है। संस्थान का एक विशेष अनुसंधान और प्रकाशन कार्यक्रम भी है।

वर्ष के दौरान शोध-पत्रिका तिब्बती विद्या के बुलेटिन (3 अंक) के अतिरिक्त संगस्त्रय्यस-स्तोंग (सहस्त्र बुद्ध) — बौद्ध प्रतिमाविज्ञान पर एक पुस्तक, जिसमें भगवान बुद्ध के 4 रंगीन फोटो और 80 रेखाचित्र तथा मुद्रा चिन्हों की व्याख्याओं सहित बोधिसत्व शामिल हैं, का प्रकाशन किया गया।

तिब्बती रचनाओं और अभिलेखों का पुस्तकालय, धर्मशाला

6.4 तिब्बती रचनाओं और अभिलेखों का पुस्तकालय एक स्वैच्छिक संगठन है। इसका उद्देश्य तिब्बती पुस्तकें और पांडुलिपियां प्राप्त करना और उन्हें सुरक्षित रखना, संदर्भ सेवा प्रदान करना तथा तिब्बती स्रोत सामग्री, पांडुलिपियों और चित्रों एवं कला-वस्तुओं संबंधी पूछताछ के लिए संदर्भ केन्द्र के रूप में कार्य करना है।

पुस्तकालय में निम्नलिखित विभाग हैं :—

(i) तिब्बती पुस्तक और पांडुलिपि पुस्तकालय, जिसमें 60,000 पुस्तकें और पांडुलिपियां हैं। बहुत सी पांडुलिपियां अमूल्य और हस्तलिखित हैं।

(ii) विदेशी भाषा संदर्भ पुस्तकालय, जिसमें तिब्बत, हिमालय और बौद्ध धर्म पर अंग्रेजी और अन्य यूरोपीय भाषाओं की 5000 पुस्तकें, पत्रिकाएं और संवाद पत्र हैं।

(iii) संग्रहालय और अभिलेखागार, जिसमें 700 प्रतिमाएं, चित्र, स्तूप, अनुष्ठान संबंधी वस्तुएं और 350 ऐतिहासिक दस्तावेज और 13-19वीं शताब्दी के 4600 प्राचीन तिब्बती फोटो हैं।

पुस्तकालय में तिब्बत से प्राप्त तिब्बती संस्कृति और बौद्ध अध्ययन संबंधी 299 तिब्बती पाठ और पांडुलिपियां शामिल की गई हैं।

6.5 छठे दलाई लामा के काल में सुलेखित कग्यार के अद्वितीय 90 भागों वाले फुग्दराय की माइक्रोफिल्मिंग तथा 337 दुर्लभ दस्तावेजों के छाया-चित्रण का कार्य पश्चिमी जर्मनी की मध्य एशियाई अध्ययन की बेयर अकादमी के सहयोग से पूरा किया गया।

मौखिक इतिहास परियोजना के अधीन वरिष्ठ तिब्बती विद्वानों के साथ तिब्बती ज्ञान के विभिन्न पहलुओं पर सात लंबे साक्षात्कारों का आयोजन किया गया; मौखिक रूप से संप्रेषित 15 उपदेशों/शिक्षाओं को रिकार्ड किया गया और पहले से रिकार्ड की गई 29 महत्वपूर्ण ऐतिहासिक कृतियों का लिप्यंतरण किया गया।

अमरीका और यूरोप के विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा प्रायोजित 22 अधिकृत छात्रों और भारत सरकार द्वारा सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम के अंतर्गत भेजे गए, छात्रों ने पुस्तकालय के विद्वानों के मार्गदर्शन में अनुसंधान कार्य किया।

परम्परागत थांग्का चित्रकला के सभी पहलुओं पर एक सात वर्षीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करने के लिए एक कला विद्यालय और काष्ठ-उत्कीर्णन के परम्परागत कौशल पर तीन-वर्षीय व्यावहारिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रदान करने के लिए एक शिल्प विद्यालय की स्थापना की गई है। ये विद्यालय भारत में तिब्बती ललित कला के प्रमुख केन्द्र हैं तथा भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त हैं।

पुस्तकालय को अपने अनुरक्षण और अन्य परियोजनाओं के लिए भारत सरकार से नियमित अनुदान मिलता है।

बौद्ध/तिब्बती संगठनों को वित्तीय सहायता

6.6 संस्कृति विभाग बौद्ध/तिब्बती संगठनों, जिनमें बौद्ध मठ भी शामिल हैं, के लिये, संबद्ध क्षेत्रों में बौद्ध/तिब्बती संस्कृति, परम्परा और अनुसंधान के प्रचार और वैज्ञानिक विकासार्थ वित्तीय सहायता की एक योजना चला रहा है। अनुदान तदर्थ और अनावर्ती आधार पर दिए जाते हैं और किसी एक संगठन के लिए अनुदान की अधिकतम सीमा 2.00 लाख रुपये है। प्रत्येक अनुमोदित परियोजना पर होने वाला खर्च केन्द्र सरकार और संबंधित राज्य सरकार के संगठन द्वारा 3:1 के अनुपात में वहन किया जाता है। अब तक 84 संस्थाओं को वित्तीय सहायता अनुदानों के लिए चुना गया है।


CHEMICAL ABSTRACTS

अध्याय 7

पुस्तकालय

राष्ट्रीय पुस्तकालय, कलकत्ता

7.1 राष्ट्रीय पुस्तकालय, देश का सबसे बड़ा पुस्तकालय है। इसमें लगभग 19.60 लाख पुस्तकें हैं और ये प्रमुखतः बेलवेदयर, कलकत्ता में हैं। यह पुस्तक परिदान अधिनियम 1954 (1956 में संशोधित) के उपबन्धों के अंतर्गत एक प्रापी पुस्तकालय है। इसमें संयुक्त राष्ट्रों के दस्तावेज संग्रहीत है। यह संस्थान अध्येताओं के लिए एक संदर्भ केन्द्र के रूप में भी कार्य करता है।

भारत में प्रकाशित वर्तमान पुस्तकों, समाचार पत्रों और पत्रिकाओं की प्राप्ति का मुख्य स्रोत परिदान अधिनियम के अंतर्गत है। विदेशों में प्रकाशित अंग्रेजी पुस्तकें तथा पत्रिकाएं खरीद के माध्यम से प्राप्त की जाती हैं। इस पुस्तकालय का 80 देशों की 192 संस्थाओं के साथ पुस्तक विनिमय कार्यक्रम होता है। जो विदेशी पुस्तकें सामान्य व्यापार माध्यमों से उपलब्ध नहीं की जा सकती हैं, उनके प्राप्त करने के लिए यह कार्यक्रम एक उत्कृष्ट स्रोत है।

7.2 भारत तथा विदेशों के पाठकों और अनुसंधान अध्येताओं को बड़ी-बड़ी पुस्तकें एवं संदर्भ सेवा के रूप में सुविधाएं प्रदान करना इस पुस्तकालय के प्रमुख कार्यों में से एक है। पुस्तकालय ने ग्रंथ सूचियां और विवरणात्मक पुस्तकों की सूचियां प्रकाशित की हैं ताकि अध्येताओं को पुस्तकों के संबंध में सूचना प्रदान की जा सके। यह पुस्तकालय राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों के संबंध में पुस्तकों तथा चित्रों की प्रदर्शनियां आयोजित करता है। इस संबंध में शरत चंद्र बोस के पत्रों, प्रलेखों तथा फोटुओं की 5 सितम्बर, 1988 को उनकी जन्म शताब्दी के अवसर पर आयोजित प्रदर्शनियों; तथा 14 नवम्बर, 1988 को पंडित जवाहरलाल नेहरू की जन्म शताब्दी के अवसर पर "जवाहर लाल नेहरू और स्वतंत्र भारत" पर आयोजित प्रदर्शनी का उल्लेख किया जा सकता है।

माइक्रो फिल्म निर्माण कार्यक्रम के अंतर्गत, यह पुस्तकालय दुर्लभ तथा ऐसी पुस्तकें जिनका संग्रह समाप्त हो जाता है, के सारांशों का परिरक्षण करता है। पुस्तकालय उपलब्ध अनुसंधान सामग्री की माइक्रो फिल्म/फोटो/जीरोक्स प्रतियां भी प्राप्त करता है और उन्हें लागत मूल्य पर अध्येताओं को मुहैया कराता है।

पुस्तकालय लगभग 7,000 पाठकों को, जो "अध्ययन कक्ष सदस्य" के रूप में नामांकित है, "पाठक सेवाएं प्रदान" करता है। यह एक अंतर्राष्ट्रीय ऋण के राष्ट्रीय केन्द्र के रूप में भी कार्य करता है। वर्ष के दौरान पाठकों को लगभग 88,500 पुस्तकें दी गईं तथा पुस्तकें उधार लेने वालों को लगभग 32,000 पुस्तकें दी गईं।

वर्ष के दौरान, राष्ट्रीय पुस्तकालय ने चार प्रकाशन प्रकाशित किए हैं अर्थात् (1) पुस्तकालय सामग्री का परिरक्षण (2) रवीन्द्र ग्रन्थ सूची (बंगाली में), स्वप्न मजूमदार द्वारा संकलित (3) भारत में केन्द्रीय ग्रंथ सूची और (4) भारत-विद्या अध्ययन तथा दक्षिण एशिया ग्रंथ सूची।

केन्द्रीय संदर्भ पुस्तकालय, कलकत्ता

7.3 केन्द्रीय संदर्भ पुस्तकालय संस्कृति विभाग का एक अधीनस्थ कार्यालय है। यह पुस्तकालय राष्ट्रीय पुस्तकालय परिसर में स्थित है और यह मुख्यतः दो योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए उत्तरदायी है अर्थात् (1) भारतीय राष्ट्रीय ग्रंथ सूची का संकलन, मुद्रण तथा प्रकाशन (रोमन लिपि तथा संबंधित भारतीय भाषा लिपि दोनों में) और (2) इन्डियाना इंडेक्स का संकलन तथा प्रकाशन (रोमन लिपि में) जो प्रमुख भारतीय भाषाओं की वर्तमान भारतीय पत्रिकाओं में छपे लेखों का इंडेक्स होता है।

भारतीय राष्ट्रीय ग्रन्थ सूची

7.4 अत्यधिक महत्वपूर्ण उपलब्धि रोमन लिपि में भारतीय राष्ट्रीय ग्रन्थ सूची के मासिक को नए तरीके से निकालना है जिसे 1978 में भारत सरकार के प्रेसों में कम्पोजिंग तथा मुद्रण में हुई देर के कारण बन्द कर दिया गया था। यू.एस.ए. से आयातित एक फोटो-कंपोजिंग मशीन से कार्य किया जाता है। 1984 तथा 1985 के मासिक अंक पहले ही प्रकाशित किए जा चुके हैं। पिछले कार्य को पूरा करने के लिए निजी मुद्रकों के जरिए 1986 तथा 1987 के मासिक अंक मुद्रित करने के लिए कार्रवाई की गई है। तदनुसार जनवरी से दिसम्बर, 1986 तक के मासिक अंक इस अवधि के दौरान प्रकाशित किए जाएंगे। 1980-81 के लिए एकत्रित वार्षिक खंड इस अवधि के दौरान प्रकाशित होने की सम्भावना है 1983 के वार्षिक खंडों की पांडुलिपियों को तैयार करने का कार्य प्रगति पर है। 1984 के वार्षिक खंड की पांडुलिपि भारत सरकार प्रेस, कोयम्बतूर को मुद्रण के लिए प्रस्तुत की गई है। 1986 तथा 1987 (के वार्षिक खंडों) के लिए हिन्दी भाषा ग्रन्थ सूची, 1987 (वार्षिक) के लिए मलयालम, 1984 (वार्षिक) के लिए तमिल और उर्दू 1981-82 तथा 1986-87 (एकत्रित) भाषा ग्रन्थ सूचियां प्रकाशित की गई हैं। अन्य भाषाओं की ग्रन्थ सूचियों को भी इस अवधि में छापने के लिए कदम उठा लिए गए हैं।

इन्डेक्स इण्डियाना

7.5 इस समय इन्डेक्स इण्डियाना वार्षिक खंडों के रूप में प्रकाशित होता है जिसमें केवल छः भारतीय भाषाएं अर्थात् बंगला, हिन्दी, गुजराती, मराठी, मलयालम तथा तमिल है। शेष भाषाएं भी भविष्य में इसमें शामिल की जाएंगी। और जैसे ही शेष भाषाओं के लिए उप-सम्पादकों के प्रस्तावित नए पद बना लिए जाते हैं, ये प्रकाशन अद्यतन निकाले जाएंगे। इन्डेक्स इण्डियाना का वार्षिक खंड 1983 पहले ही प्रकाशित हो गया है। 1984-85 एकत्रित खंड प्रेस में भेजने के लिए तैयार है।

भारत सरकार की सरकारी योजनाओं के लिए हिन्दी का प्रगामी प्रयोग

7.6 राजभाषा कार्यान्वयन समिति का इस उद्देश्य से गठन किया गया है कि केन्द्रीय संदर्भ पुस्तकालय में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित सरकारी आदेशों को कार्यान्वित किया जा सके। कुल मिलाकर वर्ष के दौरान चार बैठकें आयोजित की गईं। हिन्दी कार्य के लिए मुख्य रूप से एक हिन्दी सहायक नियुक्त किया गया है, 80% कर्मचारियों ने (वर्ग घ स्टाफ को छोड़कर) प्राज्ञ परीक्षा पास कर ली है अथवा प्राज्ञ स्तर के समकक्ष या इससे अधिक स्तर की हिन्दी भाषा दक्षता प्राप्त कर ली है।

केन्द्रीय सचिवालय पुस्तकालय

7.7 केन्द्रीय सचिवालय पुस्तकालय में हिन्दी तथा क्षेत्रीय भाषा का स्कन्ध, जो बहावलपुर हाउस में है तथा रामकृष्ण पुरम, नई दिल्ली का एक शाखा पुस्तकालय भी शामिल है। यह पुस्तकालय सरकारी संगठनों, पुस्तकालय के सदस्यों, अनुसंधान अध्येताओं तथा अन्य लोगों को अनुसंधान तथा संदर्भ सुविधाएं प्रदान करता है। इसमें अंग्रेजी, हिन्दी तथा अन्य भारतीय भाषाओं में, केवल सदस्यों के लिए एक छोटा संग्रह है।

इस पुस्तकालय में हिन्दी, अंग्रेजी तथा अन्य क्षेत्रीय भाषाओं की लगभग 8661 पुस्तकें और मंगाई गई हैं। पुस्तकालय के पहले के मुख्य संग्रह में सात लाख से भी अधिक पुस्तकें है। इसके अतिरिक्त, पुस्तकालय में केन्द्रीय तथा राज्य सरकारों के 32177 प्रकाशन प्राप्त हुए हैं जिनमें गजट, कानूनी प्रलेख तथा वैधानिक निकायों की कार्यवाहियां शामिल हैं। अन्तर्राष्ट्रीय एजेन्सियों जैसे यूनेस्को, संयुक्त राष्ट्र, आई.एल.ओ. तथा अन्य विदेशी सरकारों से प्राप्त सरकारी प्रकाशन 2330 से अधिक हैं। पुस्तकालय को माइक्रो फिश रूप में 400 यू.एस. सरकारी प्रकाशन भी प्राप्त हुए हैं।

पुस्तकालय में 4076 सदस्य नामांकित किए गए और 169590 पुस्तकें उधार दी गईं। 553 से भी अधिक खंड अंतर पुस्तकालय ऋण आधार पर विभिन्न स्थानीय पुस्तकालयों को दिए गए और 112 पुस्तकें अंतर पुस्तकालय ऋण आधार पर उधार ली गई ताकि सदस्यों की मांग को पूरा किया जा सके। पुस्तकालय ने अनुसंधान अध्येताओं, वैयक्तिकों तथा संस्थानों को दस्तावेजों की 21104 फोटो-प्रतियां मुहैया कीं।

केन्द्रीय सचिवालय पुस्तकालय कम्प्लेक्स के रीडिंग हाल हिन्दी, अंग्रेजी तथा अन्य भारतीय भाषाओं में स्थानीय के साथ-साथ भारत में कहीं से भी प्रकाशित लोकप्रिय समाचार पत्रों के माध्यम से पंजीकृत सदस्यों तथा गैर-सदस्य पाठकों की जरूरतों को पूरा करते हैं। नियमित रूप से इस प्रकार मंगाए जाने वाले समाचार पत्रों की संख्या 45 है। इसी प्रकार पुस्तकालय में अंग्रेजी, हिन्दी तथा क्षेत्रीय भाषाओं में चंदा, उपहार तथा विनिमय के जरिये प्राप्त पत्रिकाओं की कुल संख्या 1047 हैं।

7.8 पुस्तकालय विस्तार कार्यकलाप कार्यक्रम के अंतर्गत निम्नलिखित आयोजन किए गए :—

1. "खेल-कूद के जरिए राष्ट्रीय एकता" विषय पर 15 मार्च, 1988 को संसद सदस्य तथा भारतीय ओलम्पिक हाकी दल के भूतपूर्व कैप्टन श्री असलम शेर खान द्वारा "राष्ट्रीय एकता व्याख्यान माला" के अंतर्गत भाषण।

2. माइक्रोग्राफिक यूनिट को बेहतर गुणवत्ता की माइक्रोफिशें तथा माइक्रोफिल्में तैयार करने के लिए और सुदृढ़ बनाया गया। हमारे परिरक्षण कार्यक्रम के भाग के रूप में संग्रह से भुरभुरी दुर्लभ पुस्तकों की माइक्रोफिश/माइक्रोफिल्म प्रतियां तैयार की जा रही हैं।

3. 5 से 16 दिसम्बर, 1988 तक आई.डी.आर.सी. संसाधन व्यक्ति की सहायता से एक प्रशिक्षण कार्यक्रम "एम.आई.एन.आई. एस.आई.एस." आयोजित किया गया। पत्रिकाओं के पूर्ण अभिलेख जब मशीन-पठनीय रूप में उपलब्ध हैं। वर्तमान मोनोग्राफ एक सी.एस.एल. ग्रन्थसूची आंकड़ा आधार तैयार करने के लिए नियमित रूप से शामिल किए जा रहे हैं।

पुस्तकालय स्कूलों से तीन नए स्नातकों को हमारे नियमित कार्यक्रम के भाग के रूप में वर्ष के दौरान 3 माह का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

हिन्दी ग्रंथसूची परियोजना के लिए आंकड़ा संग्रह का कार्य प्रगति पर है। भारतीय पांडुलिपि का ग्रंथसूची सर्वेक्षण (आई.एन.टी.ए.सी.एच. द्वारा प्रायोजित तथा वित्तपोषित एक संयुक्त परियोजना) भी संतोषजनक रूप से प्रगति कर रहा है।

केन्द्रीय पुस्तकालय, बंबई

7.9 पुस्तक परिदान अधिनियम के अंतर्गत केन्द्रीय सरकार ने चार पुस्तकालयों को प्रापी पुस्तकालय घोषित किया है जिनमें देश में प्रकाशित पुस्तकों/समाचार-पत्रों की एक-एक प्रति भेजी जाती है। इस प्रयोजन के लिए केन्द्रीय पुस्तकालय, बंबई एक प्रापी पुस्तकालय है। केन्द्रीय सरकार पुस्तकालय के पुस्तक परिदान अधिनियम की धारा को कायम रखने के लिए पुस्तकालय को अनुदान देती है।

दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी, दिल्ली

7.10 दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी की स्थापना यूनेस्को द्वारा वित्तीय तथा तकनीकी सहायता से शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 1951 में हुई थी। यह दिल्ली के नागरिकों की निःशुल्क पुस्तकालय सेवा करती है। इसने पुरानी दिल्ली में एक छोटे पुस्तकालय के रूप में कार्य करना आरम्भ किया था। अब यह महानगर सार्वजनिक पुस्तकालय प्रणाली के रूप में विकसित हो गई है। इसमें एक केन्द्रीय पुस्तकालय, सरोजनी नगर स्थित एक क्षेत्रीय पुस्तकालय, बवाना स्थित एक ग्रामीण क्षेत्रीय पुस्तकालय, 29 शाखाएं एवं उप-शाखाएं, 31 आर.सी. पुस्तकालय, एक ब्रेल विभाग तथा दिल्ली संघ शासित क्षेत्र में चारों ओर फैले 66 क्षेत्रों तथा 19 संग्रह स्टेशनों के लिए चलते-फिरते स्टेशनों का एक नेटवर्क है।

दो खेल पुस्तकालय खेल प्रेमियों के प्रयोग के लिए नेशनल स्टेडियम तथा तालकटोरा तरणताल कम्प्लेक्स में भारतीय खेल प्राधिकरण के सहयोग से स्थापित किए गए थे।

पुस्तकालय में 8,49,902 खंड तथा 84,468 पंजीकृत पाठक हैं। इसने वर्ष के दौरान घर पर पढ़ने हेतु 21,94,056 पुस्तकें जारी की थीं।

राजा राम मोहन राय लाइब्रेरी प्रतिष्ठान, कलकत्ता

7.11 यह प्रतिष्ठान एक स्वायत्त संगठन है जो देश की पुस्तकालय सेवाओं को आगे बढ़ाता है जिसे यह राज्य/संघ शासित क्षेत्र सरकारों के सहयोग से करता है।

देश में सार्वजनिक पुस्तकालय सेवाओं को सुधारने के क्रम में, इसने बराबर तथा गैर-बराबर सहायता की नौ योजनाओं को कार्यान्वित किया है।

वर्ष 1987-88 के दौरान, सहायता की मात्रा 189.00 लाख तक थी। विभिन्न स्तरों पर लगभग 6000 पुस्तकालयों की सहायता की गई।

प्रतिष्ठान ने देश में पुस्तकालय आन्दोलन के संवर्धन को ध्यान में रखते हुए, अनेक संवर्धनात्मक कार्यकलाप भी शुरू किए हैं। राजा राम मोहन राय वार्षिक स्मारक भाषण प्रोफेसर एस. गोपाल द्वारा दिया गया था। एक राष्ट्रीय सेमिनार स्वतंत्रता की 40वीं वर्षगाठ तथा पंडित जवाहरलाल नेहरू की जन्म शताब्दी मनाने के लिए आयोजित किया गया था।

7.12 प्रतिष्ठान ने नियमित आधार पर सार्वजनिक पुस्तकालयों पर सूचना के संग्रह, संकलन, भंडारण तथा प्रसार के लिए कार्यक्रम शुरू किया है। इसने राज्य केन्द्रीय पुस्तकालयों तथा जिला पुस्तकालयों से आंकड़े एकत्र करने के लिए एक परियोजना शुरू की है। इसने आवधिक रूप में "डायरेक्टरी ऑफ इंडिया पब्लिक लाइब्रेरीज" को अद्यतन करने का भी निर्णय लिया है।

वर्ष 1986 में उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित करने के अतिरिक्त, तीन और क्षेत्रीय कार्यालय बंबई, मद्रास तथा कलकत्ता में खोले गए थे। तीन अतिरिक्त तलों सहित प्रतिष्ठान के भवन के विस्तार हेतु कार्य शुरू हो गया है।

भारतीय विश्व कार्य पुस्तकालय परिषद, नई दिल्ली

7.13 भारतीय विश्व कार्य पुस्तकालय परिषद, नई दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय तथा क्षेत्रीय अध्ययन के लिए अनुसंधान सुविधाएं प्रदान करती है। इसका पुस्तकों, दस्तावेजों, पत्रिकाओं तथा अंतर्राष्ट्रीय सम्बन्धों पर प्रैस कतरनों का एक बहुत समृद्ध संग्रह है। इसका सूक्ष्म फिल्मों तथा मानचित्रों का भी एक प्रभावी संग्रह है। यह संयुक्त राष्ट्र पुस्तक प्रणाली पर आधारित एक संग्रह पुस्तकालय है। केन्द्रीय सरकार इस परिषद को रख-रखाव के लिए तदर्थ अनुदान देती है।

खुदा बख्श प्राच्य पब्लिक लाइब्रेरी, पटना

7.14 बिहार के एक प्रख्यात सपूत, व्यवसाय से एक एडवोकेट तथा पुस्तक-प्रेमी खुदा बख्श खान ने पाण्डुलिपियों तथा मुद्रित पुस्तकों के स्वयं के व्यक्तिगत संग्रह से 1891 में एक "पब्लिक लाइब्रेरी" स्थापित की और एक न्यास-पत्र द्वारा उसी वर्ष अपना समूचा संग्रह जनता को दान कर दिया। इस पुस्तकालय को अब खुदा बख्श प्राच्य पब्लिक लाइब्रेरी के रूप में जाना जाता है, यह इस उप-महाद्वीप में पाण्डुलिपियों के समृद्धतम संग्रहों में से एक संग्रह के रूप में उभरी है जिसमें 1600 से अधिक पाण्डुलिपियां, 90,000 प्राचीन तथा दुर्लभ मुद्रित पुस्तकें, तथा मुगल, राजपूत, ईरानी तथा तुर्की शैली की 200 से भी अधिक पेंन्टिंगे हैं। एक राष्ट्रीय महत्व की संस्था के रूप में संसद अधिनियम द्वारा इसकी घोषणा करते हुए भारत सरकार ने इसका नियंत्रण 1969 में अपने हाथ में लिया था। आजकल इसका प्रबंध एक बोर्ड द्वारा किया जाता है जिसके अध्यक्ष बिहार के राज्यपाल हैं।

ज्ञान का परिरक्षण

7.15 पुस्तकालय विशेष रूप से पाण्डुलिपियों और सामान्य रूप से पुस्तकों के रूप में महत्त्वपूर्ण राष्ट्रीय विरासत के अधिग्रहण के साथ ज्ञान के परिरक्षण तथा प्रसार कार्य में लगा है। प्रशिक्षित कर्मचारियों की सहायता से पांडुलिपियों और दुर्लभ पुस्तकों को रासायनिक उपचार, लेमिनेशन, अपेक्षित मरम्मत तथा जिल्दसाजी के जरिए नई तथा अच्छी स्थिति प्रदान की जा रही है। पुस्तकालय अन्य संग्रहों तथा परिरक्षण के लिए अपना सहयोग दे रहा है।

ज्ञान का प्रसार

7.16 विस्तृत आधार पर ज्ञान के प्रसार के लिए, खुदा बक्श लाइब्रेरी ने अध्येताओं को अनुसंधान कार्यों में सभी सम्भव सहायता प्रदान करने के लिए एक बहु-आयामी कार्यक्रम तैयार किया है। पांडुलिपियों की विवरणात्मक सूचियों के 21 खंड प्रकाशित हो चुके हैं। इसके अतिरिक्त विशेषज्ञ 10 और खंडों का कार्य पूरा करने में लगे हैं जो अगले कुछ वर्षों में प्रकाशित किए जाएंगे। लाइब्रेरी के कुछेक विशेष विषयों पर अरबी तथा फारसी पांडुलिपियों के मुख्य केटालोग (हाथ से बनी सूचियां) पूरी की गई हैं और तीन दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सेमिनारों के दौरान प्रकाशित की गई हैं। महत्वपूर्ण अंक तथा 36 दुर्लभ पांडुलिपियों तथा मोनोग्राफों का प्रकाशन किया जा चुका है। पुस्तकालय की नई पत्रिकाओं के सम्पूर्ण संग्रह की सूची तैयार की जा रही है ताकि अध्येताओं को सूक्ष्म-सूचना मुहैया की जा सके। वार्षिक/विस्तार व्याख्यान, वार्ता तथा संगोष्ठियां नियमित रूप से आयोजित की जा रही हैं जहां प्रसिद्ध अध्येताओं को भाषण देने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।

अनुसंधान तथा प्रकाशन

7.17 1953 में पुस्तकालय का दौरा करते समय जवाहरलाल नेहरू ने नवीनतम तकनीकों द्वारा पुनः प्रस्तुत लाइब्रेरी की दुर्लभ सामग्री को देखने की इच्छा व्यक्त की थी। उनकी इच्छा को पूरा करने के लिए मुख्य अंक तथा 30 दुर्लभ सामग्रियां प्रकाशित की जा चुकी हैं। सामग्री की उपलब्धता को सुकर बनाने के लिए, इस लाइब्रेरी में पांडुलिपियों के सम्पूर्ण संग्रह की विवरणात्मक सूची बनाई गई है। इस लाइब्रेरी की त्रैमासिक अनुसंधान पत्रिका में इस पुस्तकालय में परिरक्षित सामग्री पर आधारित लेखों का प्रकाशन एक अन्य प्रयास है जिसका परिव्यय ज्ञान के अध्येता जगत को भी मिलता है।

स्वतंत्रता आन्दोलन पर काफी मात्रा में सामग्री पुरानी पत्रिकाओं में विद्यमान है। पुस्तकालय तीस खंडों में प्रकाशित करने के लिए ऐसी सभी सामग्री एकत्र कर रहा है। लगभग साठ पृष्ठों वाला मोतीलाल नेहरू का एक दुर्लभ भाषण पहले ही प्रकाशित हो चुका है।

शैक्षणिक सार्क का विकास

7.18 पुस्तकालय की दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सेमिनार की योजना का उद्देश्य एक शैक्षणिक अवस्थापना का सृजन करना है ताकि एक सफल दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग हेतु दक्षिण एशिया के लिए राजनीतिक सुपर संरचना का एक मजबूत आधार तैयार हो सके।

अब तक आयोजित हुए तीन सेमिनारों में से, प्रत्येक क्रमशः तिब्ब तसव्वुफ और उर्दू पांडुलिपियों के संबंध में था, जिनसे शोध पत्रों को पढ़ने के साथ-साथ दक्षिण एशियाई देशों से संबंधित विषयों पर पाण्डुलिपियों की सूचियां तैयार करने में काफी सहायता मिली। इसके अतिरिक्त, ये सेमिनार सार्क संबंधों को शैक्षिक स्तर पर सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

मान्यता पुरस्कार

7.19 पुस्तकालय ने अध्येताओं के लिए एक पुरस्कार की योजना भी आरम्भ की है। यह पुरस्कार पुस्तकालय की अरबी/फारसी/उर्दू इस्लामी अध्ययन/तिब्ब/दक्षिण एशियाई अध्ययन/पश्चिम एशियाई अध्ययन/केन्द्रीय एशियाई अध्ययन/ तुलनात्मक धर्म/सूफीवाद/भारत की सामाजिक संस्कृति के विशेष क्षेत्रों में अनुसंधान के लिए उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया जाएगा। ये पुरस्कार साहित्य अकादमी तथा ज्ञानपीठ पुरस्कार के समान हैं।

अधिग्रहण

7.20 पुस्तकालय ने क्रय, विनिमय, उपहार अथवा महत्व के द्वारा पांडुलिपियों का प्राप्त करना जारी रखा। पुस्तकालय ने प्रति वर्ष 287 पांडुलिपियां प्राप्त की हैं। इसके अतिरिक्त, 9260 मुद्रित पुस्तकों और लगभग 50 माइक्रोफिल्में/ फोटोस्टेट प्राप्त किए हैं।

उत्कृष्टताओं का संरक्षण

7.21 भारत की उत्कृष्टताओं के अभिलेख बनाने तथा परिरक्षण करने के लिए अलग से श्रव्य व दृश्य टेपों का एक संग्रह तैयार किया जा रहा है। एक सौ से अधिक श्रव्य तथा 43 दृश्य टेपों को तैयार किया गया है।

तंजावूर महाराजा सरफोजी का सरस्वती महल पुस्तकालय, तंजावूर

7.22 तंजावूर महाराजा सरफोजी का सरस्वती महल पुस्तकालय, तंजावूर एक उत्कृष्ट स्तर की संस्था है। इसमें दुर्लभ तथा महत्वपूर्ण पांडुलिपियों के संग्रह हैं जो कला, संस्कृति तथा साहित्य के अनेक पहलुओं के संबंध में हैं। इस पुस्तकालय का मुख्य उद्देश्य उन दुर्लभ तथा पुरानी पांडुलिपियों को प्रकाशित करना है जो अपने आप में अद्वितीय हों ताकि अनुसंधान अध्येता और आम जनता उनसे लाभ उठा सके।

इस पुस्तकालय के पास मराठा राजाओं के समय की पांडुलिपियों तथा पुस्तकों का पर्याप्त संग्रह है। इस पुस्तकालय की, जो 1918 तक मराठा शाही परिवार की देख-रेख में कार्य करता रहा था, वर्ष 1986 में तमिलनाडु के शिक्षा मंत्री की अध्यक्षता में इसकी एक रजिस्टर्ड सोसाइटी बनाई गई।

इस पुस्तकालय में संस्कृत, मराठी, तेलुगु तथा तमिल भाषाओं तथा कुछेक फारसी में ताड़-पत्र तथा कागज दोनों में 44,477 से भी अधिक पांडुलिपियां हैं। इनमें से विभिन्न लिपियों अर्थात् ग्रन्थ, देवनागरी, नंदीनागरी तथा नागरी लिपियों में ताड़-पत्र तथा कागज दोनों में 37,499 की संख्या में संस्कृत में सबसे बड़ा संग्रह है। पांडुलिपियों के अलावा इस पुस्तकालय में महाराजा सरफोजी (1832 से पूर्व) के काल के दौरान 4500 पुरानी पुस्तकें ब्रिटेन में मुद्रित यूरोप की भाषाओं में हैं।

रामपुर रज़ा पुस्तकालय, रामपुर

7.23 अच्छी प्रबन्ध व्यवस्था तथा सरकारी वित्तीय सहायता देने के लिए भारत सरकार ने इस पुस्तकालय को 1 जुलाई, 1975 को रामपुर रज़ा पुस्तकालय अधिनियम 1975 के अंतर्गत अपने हाथ में ले लिया था। इस पुस्तकालय को एक राष्ट्रीय महत्व की संस्था के रूप में घोषित किया गया था। हालांकि इसे संस्कृति विभाग द्वारा वित्तीय सहायता दी जाती है, उत्तर प्रदेश सरकार से भी इसे 48,000 रुपये सामान्य वार्षिक अनुदान प्राप्त होता है। पुस्तकालय का प्रबन्ध एक उच्च अधिकार प्राप्त बोर्ड द्वारा किया जाता है जिसके अध्यक्ष उत्तर प्रदेश के राज्यपाल हैं। इसके लिए एक उपाध्यक्ष तथा 12 अन्य सदस्यों का भी प्रावधान है जो रामपुर के पूर्व शासी परिवारों, अरबी, फारसी और उर्दू साहित्य के वरिष्ठ इतिहासकार/अध्येताओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसके अतिरिक्त, केन्द्रीय और राज्य सरकारों के अधिकारी भी जो पुस्तकालय के कार्यों से संबंध रखते हैं, इसका प्रतिनिधित्व करते हैं।

इस पुस्तकालय में लगभग 50,000 मुद्रित पुस्तकें, 15,000 पांडुलिपियां हैं। इसके साथ काफी संख्या में लघु चित्र, भोज पत्र का भी संग्रह है। चूंकि पुस्तकालय के संग्रह पहले कभी प्रत्यक्ष रूप से जांचे नहीं गए थे इसलिए रामपुर रज़ा पुस्तकालय बोर्ड ने 13 दिसम्बर, 1986 को हुई अपनी बैठक में एक समिति गठित की ताकि पुस्तकालय के संग्रहों के स्टॉक की जांच सुनिश्चित की जा सके। मार्च, 1987 में पांडुलिपियों की सूचियां बनाने का कार्य शुरू हुआ था और जुलाई, 1988 में पूरा हो गया।

अध्याय 8

अकादमियां और राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय

संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली

8.1 संगीत नाटक अकादमी की स्थापना भारत सरकार द्वारा 1953 में देश में प्रदर्शन कलाओं की प्रोन्नति के लिए की गई थी। अकादमी ने अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए लोक, आदिवासी और प्राचीन कला-रूपों के परिरक्षण, संवर्धन, प्रलेखन और प्रसार के लिए कुछ योजनाएं आरम्भ की है।

अकादमी ने नई दिल्ली में कत्थक केन्द्र और इम्फाल में जवाहरलाल नेहरू मणिपुरी नृत्य अकादमी नामक दो प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना की है, जहां कत्थक और मणिपुरी नृत्यों का प्रशिक्षण दिया जाता है। अकादमी, संस्थाओं को सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रशिक्षण और निर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है और 1988 में 156 संस्थाओं ने अकादमी से अनुदान प्राप्त किए।

वर्ष के दौरान अकादमो द्वारा आरम्भ और आयोजित किए गए कुछ निम्नलिखित महत्वपूर्ण कार्य है :—

भारतीय सोवियत संगीत सेमिनार, भारत-सोवियत नृत्य बेक्स सेमिनार, जापान में भारत महोत्सव, भारत में फ्रांस महोत्सव, बालासरस्वती की भरत-नाट्यम् नृत्य शैली परियोजना, लोक-उत्सव 88 और नृत्योत्सव।

युवा थियेटर कर्मियों को सहायता

8.2 यह योजना 1979-80 में आरम्भ की गई थी और वर्ष के दौरान चार नाट्योत्सव आयोजित किए गए।

प्रलेखन और प्रसार

8.3 अकादमी की प्रलेखन इकाई द्वारा अभिलेखीय संग्रह के लिए 72 घंटे 50.1/2 मिनट की वीडियो (दृश्य) रिकार्डिंग और 85 घंटे 25.1/2 मिनट की ऑडियो (श्रव्य) रिकार्डिंग की गई।

प्रकाशन

8.4 त्रैमासिक पत्रिका "संगीत नाटक" के दो अंक सं. 87-88 का प्रकाशन किया गया। मार्च 1989 तक दो और अंक प्रकाशित किए जाएंगे।

अकादमी के कार्यकलापों पर एक त्रैमासिकी "संगीत नाटक अकादमी न्यूज बुलेटिन" का प्रकाशन, वर्ष के दौरान नियमित रूप से हुआ।

अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम

8.5 अवधि के दौरान विनिमय कार्यक्रमों के अंतर्गत देश में सात अलग-अलग दौरे आयोजित किए गए।

साहित्य अकादमी, नई दिल्ली

8.6 साहित्य अकादमी एक स्वायत्त संगठन है। इसकी स्थापना 1954 में, सभी भारतीय भाषाओं के साहित्यिक कार्यकलापों को गति प्रदान करने और उन्हें समन्वित करने तथा इनके माध्यम से देश की सांस्कृतिक एकता बढ़ाने के उद्देश्य से, भारतीय साहित्य के विकास के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने और ऊँचे साहित्यादर्श स्थापित करने के लिए की गई थी।

अकादमी के प्रमुख कार्य हैं : लेखकों और भाषाओं को लोकप्रिय बनाना, साहित्यिक पुरस्कारों की घोषणा करना, मानार्थ अध्येतावृत्ति प्रदान करना, साहित्य की प्रवृत्तियों का मूल्यांकन करना; अपनी पत्रिकाओं के माध्यम से भारतीय भाषाओं में प्रयोग की प्रवृत्ति को बढ़ावा देना, अपनी विभिन्न कार्यशालाओं के माध्यम से लेखकों की युवा पीढ़ी को प्रोत्साहित करना, लेखकों को अनुदान देना और साहित्य के तुलनात्मक अध्ययन के लिए छात्रवृत्तियां प्रदान करना है।

अप्रैल-दिसंबर 1988 के दौरान, अकादमी ने विभिन्न भारतीय भाषाओं में 68 पुस्तकों, भारतीय साहित्य विश्वकोश के द्वितीय खंड का प्रकाशन किया तथा दस संगोष्ठियां/कार्यशालाएं आयोजित की गईं। अकादमी के नई दिल्ली, बंबई, कलकत्ता और मद्रास स्थित चार कार्यालयों में 18 साहित्य-मंच सभाएं आयोजित की गईं। भारतीय अंतर्राष्ट्रीय केन्द्र, नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित लेखक से भेंट नामक श्रृंखला के अंतर्गत पांच लेखकों को साहित्य प्रेमियों से संवाद के लिए निमंत्रित किया गया। पंडित जवाहर लाल नेहरू जन्म शताब्दी के अवसर पर 14 नवम्बर, 1988 को नई दिल्ली में एक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

"इंडियन लिट्रेचर" के चार और "समकालीन भारतीय साहित्य" (हिन्दी त्रैमासिक) के तीन अंक प्रकाशित किए गए।

अवधि के दौरान 11.00 लाख रुपए मूल्य की पुस्तकों की बिक्री हुई।

प्रदर्शनियां

8.7 कलकत्ता, बंबई और दिल्ली में (i) साहित्य अकादमी प्रकाशन प्रदर्शनी; (ii) साहित्य अकादमी गुजराती प्रकाशन प्रदर्शनी; (iii) मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की प्रकाशित कृतियां; (iv) साहित्य अकादमी और भारत में न्यूजीलैंड उच्चायोग के सहयोग से एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

विभिन्न भारतीय भाषाओं के 22 उत्कृष्ट लेखकों को वार्षिक अकादमी पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

ललित कला अकादमी, नई दिल्ली

8.8 ललित कला अकादमी की स्थापना 1954 में की गई थी और 1957 में इसका पंजीकरण किया गया। अकादमी मुख्य रूप से कला के संवर्धन के लिए कार्य करती है और इसने कई कार्यक्रम और परियोजनाएं आरम्भ की हैं।

निम्नलिखित दो प्रदर्शनियां विदेश भेजी गईं :

(i) यथार्थ कला त्रैवार्षिकी, सोफिया, बुल्गारिया।

(ii) द्वितीय एशिया-यूरोपीय कला द्विवार्षिकी, अंकारा, तुर्की।

निम्नलिखित प्रदर्शनियों का स्वागत किया गया :

(i) चित्रों में क्यूबा (क्यूबा इन पेपर)।

(ii) पोलिश आधुनिक कला प्रदर्शनी।

(iii) दो बुल्गारियाई कलाकारों द्वारा बनाए गए चित्रों और मूर्तियों की प्रदर्शनी।

अन्य प्रदर्शनियां हैं :–

(i) सार्क महोत्सव के दौरान मद्रास क्षेत्रीय केन्द्र पर आयोजित कार्यशाला में तैयार परंपरागत टैराकोटा कला-कृतियों की प्रदर्शनी।

(ii) प्रो. आर.एस. बिष्ट की चुनिंदा कला-कृतियों की चल प्रदर्शनी।

(iii) राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी-1988 की चुनिंदा कला-कृतियों की चल-प्रदर्शनी।

(iv) ललित कला अकादमी द्वारा हाल ही में प्राप्त कलाकृतियों की प्रदर्शनी।

(v) अकादमी के कलकत्ता संग्रह की चुनिंदा 15 मूर्तियां।

चल प्रदर्शनी संख्या 17

8.9 अकादमी-संग्रह के 39 रंग-चित्रों, 6 रेखाचित्रों और 5 मूर्तियों की एक प्रदर्शनी पालघाट, कलपेट्टा, कालीकट और कोचीन में आयोजित की गई।

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली

8.10 राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (रा.ना.वि.) संगीत नाटक अकादमी द्वारा 1959 में स्थापित प्रमुख नाट्य संस्थान है। 1975 में संस्कृति विभाग द्वारा पूर्णतः वित्त पोषित एक स्वायत्त संस्था के रूप में इसका पंजीकरण किया गया। इसका प्रमुख लक्ष्य देश में नाट्य-शिक्षा के विकास और उच्चादर्श स्थापित करने के विशिष्ट दायित्व सहित भारत में नाट्य संवर्धन है।

8.11 इस समय, अध्येतावृत्ति योजना के अंतर्गत विद्यालय में 55 छात्र हैं। विद्यालय स्नातकोत्तर छात्रों को परियोजनाओं पर कार्य करने के लिए 20 प्रशिक्षु अध्येतावृत्तियां प्रदान करता है।

1988 के दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता शिक्षा एवं संस्कृति राज्यमंत्री, श्री ललितेश्वर प्रसाद शाही ने की।

फरवरी, 1988 में, रा.ना.वि. ने भारत में सोवियत संघ महोत्सव के अंतर्गत "भारत महोत्सव" के सहयोग से एक भारत-सोवियत नाट्य-संगोष्ठी की मेजबानी की।

भारत सरकार की राज्यमंत्री, श्रीमती शीला दीक्षित ने "भारतीय और रूसी रंगमंच का विकास-प्रविधि और परम्पराएं" नामक तीन दिवसीय सेमिनार का उद्घाटन किया।

8.12 विद्यालय की रंग-मंडली ने कलकत्ता, ग्वालियर, कानपुर और लीलुह के ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया और विभिन्न नाटकों के 50 प्रदर्शन किए। विद्यालय ने जापान के परम्परागत नाट्यरूप के अनुवाद करवाए हैं। छात्रों और रंग-मंडली द्वारा मंचन के लिए अंग्रेजी और तमिल भाषा के तीन नाटकों का हिन्दी में अनुवाद किया गया है। बाल रंगमंच कार्यशाला के अंतर्गत लगभग 400 बालकों ने "भारतीय स्वाधीनता संग्राम के 90 वर्ष" पर 8 नाटक प्रस्तुत किए।

अध्याय-9

संस्कृति की प्रोन्नति और प्रसार

9.1 भारत सरकार, संस्कृति विभाग ने संस्कृति की प्रोन्नति, संरक्षण और प्रसार के अपने कार्यक्रम के एक भाग के रूप में दो योजनाएं तैयार की हैं, अर्थात्

(1) जनजातीय और लोक कला तथा संस्कृति की प्रोन्नति और प्रसार की योजना।

(2) हिमालय की सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण और विकास की योजना। (सातवीं पंच वर्षीय योजना के अधीन 1) इन योजनाओं में स्वैच्छिक संगठनों, संस्थाओं, आदि को नीचे दिए गए ब्यौरों के अनुसार वित्तीय सहायता प्रदान करने की परिकल्पना की गई है :

जन-जातीय और लोक कला तथा संस्कृति की प्रोन्नति और प्रसार की योजना

इस योजना में पंजीकृत स्वैच्छिक संगठनों, संस्थाओं और अलग-अलग व्यक्तियों को, जो जन-जातीय कला और शिल्प कला के क्षेत्र में निम्नलिखित परियोजनाओं का कार्य करने में लगे हैं, अनुदान/आर्थिक सहायता प्रदान करने की परिकल्पना की गई है,

(क) कलात्मक प्रदर्शन का प्रलेखन, अनुसंधान सर्वेक्षण और फोटोग्राफी रिकार्ड;

(ख) जन-जातीय संस्कृति और जीवन के प्रति जागरूकता का प्रचार करने के लिए औपचारिक और अनौपचारिक शिक्षा पद्धति में परियोजना निर्धारित करना; और

(ग) जन-जातीय कला, शिल्पमुखी परम्पराओं और जन-जातीय तथा ग्रामीण संस्कृति के अन्य पहलुओं का संरक्षण तथा प्रचार।

वित्तीय सहायता के लिए आवेदन करने वाले व्यक्ति या तो किसी ऐसी संस्था जिसमें उनकी परियोजनाओं को शुरू करने के लिए आवश्यक अवस्थापना संबंधी सुविधाएं उपलब्ध हों, से सम्बद्ध हों अथवा उन्हें अपने आपको ऐसी संस्था से सम्बद्ध करना पड़ेगा।

हिमालय की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और विकास की योजना

9.2 इस योजना में (क) विश्वविद्यालयों के संबंधित विभाग सहित संस्थाओं (ख) स्वैच्छिक संगठनों, संग्रहालयों, पुस्तकालयों अनुसंधान निकायों, और (ग) विशेषज्ञ व्यक्तियों को जो निम्नलिखित कार्यों में लगे हों, को वित्तीय सहायता प्रदान करने की व्यवस्था है :

(क) सांस्कृतिक विरासत के सभी पहलुओं का अध्ययन और अनुसंधान,

(ख) कला और शिल्प कला की वस्तुओं का संग्रह तथा लोक संगीत, नृत्य और साहित्य सहित सांस्कृतिक कला वस्तुओं का प्रलेखन

(ग) कला और संस्कृति का दृश्य-श्रव्य कार्यक्रमों के माध्यम से प्रसार,

(घ) परम्परागत तथा लोक कला में प्रशिक्षण, और

(ङ) हिमालय संस्कृति के संग्रहालयों और पुस्तकालयों आदि की स्थापना और सहायता।

यह योजना दीर्घकालीन कार्यक्रमों के लिए राष्ट्रीय मानव संग्रहालय द्वारा तथा अल्पकालीन कार्यक्रमों के लिए संस्कृति विभाग द्वारा कार्यान्वित की जा रही है।

यह दोनों योजनाएं अब सभी राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्रों और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के बीच परिचालित कर दी गई हैं जिसमें उन्हें यह सलाह दी गई है कि पात्र संगठनों, संस्थाओं से आवेदन-पत्र प्राप्त करके अपनी सिफारिशों सहित उन्हें संस्कृति विभाग को भेज दें। 1988-89 के दौरान इस योजना के लिए निम्नलिखित बजट व्यवस्था है :—

1.	जन-जातीय लोक कला की प्रोन्नति के लिए वित्तीय सहायता	45 लाख रुपये
2.	हिमालय कला और संस्कृति के संरक्षण और प्रोन्नति के लिए वित्तीय सहायता	40 लाख रुपये

सांस्कृतिक संसाधन और प्रशिक्षण केन्द्र

9.3 सांस्कृतिक संसाधन और प्रशिक्षण केन्द्र (सा.स.प्र.के.) जो एक स्वायत्त निकाय है और जो पूरी तरह भारत सरकार द्वारा वित्त-पोषित है, कालेज तथा स्कूल विद्यार्थियों के बीच संस्कृति के प्रचार के लिए उत्तरदायी है।

वर्ष के दौरान केन्द्र ने छः अनुस्थापन पाठ्यक्रम आयोजित किए जिनमें विभिन्न राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों के 414 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए भारत के विभिन्न भागों में विभिन्न कार्यशालाएं आयोजित की गईं।

कठपुतली कला में शिक्षा के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए पांच कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें 400 शिक्षकों ने भाग लिया। "शिक्षक प्रशिक्षक तथा शिक्षा प्रशासक" कार्यक्रम के अंतर्गत 180 शिक्षकों सहित छः सेमिनार आयोजित किए गए। "प्राचीन और आधुनिक भारत" पर अमरीकी स्कूल शिक्षकों और कालेज शिक्षकों के लिए जुलाई-अगस्त, 1988 में एक विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

9.4 सांस्कृतिक संसाधन और प्रशिक्षण केन्द्र ने नई शिक्षा पद्धति के अधीन कार्रवाई कार्यक्रम से संबंधित पांच योजनाएं शुरू की हैं। दो हजार से भी अधिक स्कूली विद्यार्थियों को, संग्रहालयों में भारत की कलात्मक विरासत का अध्ययन करने के लिए महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्मारकों का भ्रमण करने की शैक्षिक सुविधाएं प्रदान की गईं। विभिन्न कला स्वरूपों को स्लाईडों, फोटो तथा रिकार्डों में प्रलेखित किया गया।

300 सांस्कृतिक किट, जिनमें, रंगीन स्लाईड, कैसट, पुस्तकें और उपस्कर शामिल हैं, उन विद्यालयों को निःशुल्क बांटे गए जहां अनुस्थापना पाठ्यक्रम में शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया था।

"सांस्कृतिक प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति" योजना 10-14 वर्ष के आयु वर्ग के उत्कृष्ट युवा विद्यार्थियों को सुविधाएं प्रदान करती है। इस केन्द्र ने छात्रवृत्ति के लिए भारत के विभिन्न भागों से 300 विद्यार्थियों का चयन किया। कुल मिलाकर इस योजना के अंतर्गत 1122 से अधिक विद्यार्थी छात्रवृत्तियां प्राप्त कर रहे हैं।

सांस्कृतिक संगठनों को भवन-निर्माण अनुदान

9.5 इस योजना का उद्देश्य स्वैच्छिक सांस्कृतिक संगठनों को भवनों का निर्माण करने तथा उपस्कर खरीदने के लिए अनुदान देना है। इस योजना के अंतर्गत (धार्मिक संस्थाओं, सार्वजनिक पुस्तकालयों, संग्रहालयों, नगरपालिकाओं, विद्यालयों, विश्वविद्यालयों और केन्द्रीय, राज्य सरकारों द्वारा पूर्णतया वित्तपोषित संस्थाओं को छोड़कर) विशेषकर, नृत्य, नाटक, संगीत, ललित कला, भारत-विद्या और साहित्य के क्षेत्रों में कार्यरत संगठनों को सहायता दी जाती है।

भवन-निर्माण के लिए और उपस्कर खरीदने हेतु अनुदान देने के लिए राज्य सरकारों के माध्यम से सांस्कृतिक संस्थाओं से आवेदन-पत्र आमंत्रित किए गए थे। 11 संगठनों को अनुदान संस्वीकृत किए गए थे।

नृत्य, नाटक और थियेटर मंडलियों को वित्तीय सहायता

9.6 वित्तीय सहायता की दो योजनाएं चल रही है। पहली योजना में प्रदर्शन कलाओं के क्षेत्र में सुस्थापित संस्थाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने की व्यवस्था है। 1988-89 के दौरान इस योजना के अंतर्गत 53 संस्थाएं वित्तीय सहायता प्राप्त कर रही हैं।

दूसरी योजना में विशिष्ट प्रदर्शन कलाओं, परियोजनाओं, नाटक-दलों, संगीत मंडलियों, आरकेस्ट्रेशन इकाइयों, बाल थियेटरों, कठपुतली थियेटरों, सामाजिक कलाकारों के लिए व्यावसायिक दलों और व्यक्तियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने की व्यवस्था है और प्रदर्शन कलाओं के सभी स्वरूपों पर विचार किया जाता है। इस योजना के अधीन 1988-89 के दौरान अनावर्ती तदर्थ आधार पर लगभग 97 दल और व्यक्ति वित्तीय सहायता प्राप्त कर रहे हैं।

सामूहिक गायन कार्यक्रम

9.7 सामूहिक गायन के माध्यम से राष्ट्रीय और भावनात्मक एकता को बढ़ावा देने के लिए 1982 से देश के विभिन्न भागों

में भिन्न-भिन्न शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (रा.शै.अनु.प्र.प.) इस योजना को कार्यान्वित कर रही है। 1988-89 के दौरान रा.शै.अनु.प्र.परि. 24 क्षेत्रीय स्तर के शिविर और 4 राष्ट्रीय स्तर के शिविर आयोजित करने का इरादा रखती है।

सांस्कृतिक संगठनों को अनुदान

9.8 सांस्कृतिक कार्यकलापों के विकास में लगी अखिल भारतीय स्वरूप की संस्थाओं को, अनुरक्षण और विकासात्मक कार्यकलापों से संबंधित अपने व्यय का एक भाग वहन करने के लिए, वित्तीय सहायता दी जा रही है। जिन संस्थाओं को सहायता दी गई उनमें, रामकृष्ण मिशन संस्कृति संस्थान (कलकत्ता), ऐतिहासिक अध्ययन संस्थान (कलकत्ता), न्यूमिस्मेटिक सोसायटी (वाराणसी), भारतीय विद्या भवन (बम्बई), और परम्परागत संस्कृति संस्थान (मद्रास) शामिल हैं।

क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र

9.9 वर्ष 1985-86 और 1986-87 के दौरान देश में स्थापित सात क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र पूरी तरह काम करने लग गए हैं। ये केन्द्र लगभग 3 वर्षों से उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्रों द्वारा शुरू किए गए कुछ अत्यधिक महत्वपूर्ण कार्यक्रम नीचे दिए गए हैं : —

उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, पटियाला

9.10 (क) शिमला में 27.4.88 से 30.4.88 तक हिमाचल उत्सव आयोजित किया गया। इस उत्सव का उद्घाटन हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल, वाईस एडमिरल श्री आर.के.एस. गांधी द्वारा किया गया और इसकी अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश के मुख्य मंत्री श्री वीर भद्र सिंह ने की। इसमें उत्तर क्षेत्र के पांच राज्यों के लगभग 400 कलाकारों ने भाग लिया। सभी अवसरों पर इसमें प्रतिदिन 1,25,000 से 1,50,000 के बीच श्रोताओं ने भाग लिया।

(ख) कुम्हारी बर्तनों पर एक कार्यशाला गुड़गांव में आयोजित की गई। इसमें उत्कृष्ट शिल्पकारों के बीच विचारों के आदान-प्रदान का अवसर प्रदान किया गया और इसमें भाग लेने वाले विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिल्पकारों से कुछ सीखने का मौका दिया गया।

(ग) इस केन्द्र ने हिमाचल प्रदेश में चम्बा में भिंजोर मेले में, हरियाणा के 15 सदस्यों के घूमर नृर्तक दल के साथ भाग लिया।

(घ) जम्मू और कश्मीर, पंजाब तथा हरियाणा के 52 कलाकारों की एक टीम को, दक्षिण क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा आयोजित अंतर-क्षेत्रीय सांस्कृतिक उत्सव में भाग लेने के लिए कन्नानौर (केरल) भेजा गया।"

(ङ) 5.9.88 से 11.9.88 तक किला मुबारक में एक अंतर्राष्ट्रीय फोटोग्राफी प्रदर्शनी आयोजित की गई और गुड़गांव में 5 से 11 सितम्बर, 1988 तक टेराकोटा प्रदर्शनी आयोजित की गई।

(च) निम्नलिखित पर पटियाला में एक 25 दिवसीय बाल डिजाइन कार्यशाला आयोजित की गई — कागज कतरन, टेराकोटा, फेबरिक पेंटिंग, मुखौटा निर्माण और पोस्टर कार्ड मैकिंग।

(छ) 23.10.88 से एक विशाल समारोह-हरियाणा उत्सव आयोजित किया गया और रोहतक में इसके अंतिम रूप से समापन से पहले यह उत्सव चार जिलों में किया गया। इस उत्सव में जम्मू और काश्मीर, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान के लगभग 210 कलाकारों ने भाग लिया।

दक्षिण क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र तंजावुर

9.11 (क) पूर्वीय क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र के सहयोग से अंडमान निकोबार द्वीप महोत्सव आयोजित किया गया जिसमें 250 कलाकारों ने भाग लिया।

(ख) इस केन्द्र ने शिमला में उत्तर क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र के साथ हिमाचल उत्सव का आयोजन किया, इस उत्सव में तमिलनाडु के 25 कलाकारों ने भाग लिया।

(ग) 10.8.88 से 18.8.88 तक डी जूरे पांडिचेरी दिवस के समय ही एक विशाल उत्सव "फेटे डे पांडिचेरी" आयोजित किया गया। इस उत्सव का उद्घाटन तमिलनाडु के राज्यपाल ने किया और इसकी अध्यक्षता पांडिचेरी के उपराज्यपाल ने की। समारोह में प्रति दिन 75,000 श्रोताओं ने भाग लिया।

(घ) हम्पी, कर्नाटक राज्य में विजयनगर दशहरा महोत्सव आयोजित किया गया था जिसकी अध्यक्षता कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने की थी। हस्तशिल्प कला और चित्रकला प्रदर्शनी आयोजित की गई। 350 कर्नाटक के लोक और शास्त्रीय कलाकारों और अन्य संघटक राज्यों के 130 कलाकारों ने रंगारंग नृत्य प्रस्तुत किया। परम्परागत नृत्य उत्सव के रूप में यह महोत्सव महत्वपूर्ण था और इसे कृष्ण देवराय के 400 वर्ष बाद पुनः शुरू किया गया था।

(ङ) इस केन्द्र में अपनी दसवीं वर्षगांठ समारोह के अवसर पर सूर्या, जो केरल का एक सांस्कृतिक संगठन है के साथ सहयोग किया। यह उत्सव एक महीने तक चला और इसमें लगभग 10,000 लोगों ने भाग लिया।

दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, नागपुर

9.12 (क) निम्नलिखित पर पिछड़े वर्गों और जन-जातियों के बच्चों के लिए अल्पकालीन कार्यशालाएं आयोजित की गईं : विज्ञान, साबुन-नक्काशी और थियेटर।

(ख) उत्तर क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र, पटियाला द्वारा 27.4.88 से 30.4.88 तक शिमला में आयोजित हिमाचल उत्सव में भाग लेने के लिए महाराष्ट्र के 17 कलाकारों का एक सांस्कृतिक दल भेजा गया।

(ग) भाग लेने वाले सभी राज्यों के बच्चों के लिए एक बाल नाट्य प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया।

(घ) दक्षिण क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा 25-27 अगस्त, 1988 तक कन्नानोर में आयोजित अंतर-क्षेत्रीय ओनम महोत्सव में 50 कलाकारों के चार दलों ने भाग लिया।

(ङ) इस केन्द्र ने भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद, दिल्ली के सहयोग से नागपुर में बैले कलाकारों के कार्यक्रम के साथ भारत में सोवियत महोत्सव में भाग लिया।

(च) इस केन्द्र ने 25.10.88 से 6.11.88 तक पटना (बिहार) में डा. एस.के. सिन्हा के शताब्दी समारोहों में भाग लिया। इसमें आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र के 76 कलाकारों ने भाग लिया।

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, उदयपुर

9.13 (क) आदिम जातियों द्वारा निर्मित नाटक "मरखनिया" और लोक संगीतों का एक रंगारंग कार्यक्रम उदयपुर की केन्द्रीय जेल में प्रस्तुत किया गया। जेल के 700 कैदियों और कार्यकर्त्ताओं ने इसे देखा।

(ख) उत्तर क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा शिमला में आयोजित हिमाचल उत्सव में भाग लेने के लिए गुजरात के 50 सिद्धि कलाकारों को भेजा गया।

(ग) शिमला जिला में दाली में बहरे और नेत्रहीन बच्चों के लिए एक शान्त थियेटर कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें 50 बच्चों ने भाग लिया।

(घ) इस केन्द्र ने, उत्तर क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय बैलार्ड गायकों के राष्ट्रीय उत्सव में भाग लिया। 15.9.88 को नासिक, अहमदाबाद और जोधपुर में पश्चिमालाप कार्यक्रम मनाया गया।

(ङ) इस केन्द्र की आदिम जातियों ने उदयपुर और दुर्गापुर जिलों के जन-जातीय ग्रामों का दौरा किया जिसके दौरान निरक्षरता, पर्यावरण, दहेज, अंधविश्वास और शराब जैसे विषयों पर आधारित "मरखानिया, तिदोराव तथा उजाला देख अंधेरा भागे" नाटक प्रस्तुत किए। नाटक में पहले केन्द्र द्वारा प्रशिक्षित केन्द्रीय जेल के 20 कैदियों ने "मोहम्मद भाई की दुश्मन" नाटक का अभिनय किया।

(च) भारत की परम्पराओं की एक साथ विभिन्नता और निरन्तरता पर लक्षित समारोह मनाने के लिए एक अंतर क्षेत्रीय उत्सव मरु से सागर तक (भारत मिलन) तीन सप्ताह तक आयोजित किया गया। सभी क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्रों के 300 प्रदर्शनकारी कलाकारों/शिल्पकारों ने राजस्थान में जयपुर, अजमेर, पाली में, गुजरात में गांधी नगर, अहमदाबाद, बड़ोदा और सूरत में, गोआ में दमन और पणजी में, इस उत्सव में भाग लिया।

उत्तर पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, दीमापुर

9.14 (क) इस केन्द्र ने पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र तथा मिजोरम सरकार के सहयोग से आईजौल (मिज़ोरम) में 2 दिन तक नेहू समारोह आयोजित किया।

(ख) नागालैंड के जन-जातीय मोआत्सु समारोह से संबंधित मई उत्सव, 1988 दीमापुर में आयोजित किया गया। इस उत्सव में 630 कलाकारों ने भाग लिया।

(ग) भारत महोत्सव के महा-निदेशक के निर्देश पर दीमापुर में एक पॉप संगीत समारोह आयोजित किया गया। नागालैंड के जनजातीय लोगों ने इस समारोह में भाग लिया।

(घ) इस केन्द्र ने उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए नागालैंड का कचारी दीमासा सांस्कृतिक दल नैनीताल भेजा।

(ङ) गुवहाटी में 27.7.88 से 2.8.88 तक कला और शिल्प पर एक सप्ताह की कार्यशाला आयोजित की गई।

उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, इलाहाबाद

9.15 (क) "चलो मन गंगा यमुना तीर" नामक पहला अंतर्क्षेत्रीय सांस्कृतिक उत्सव माघ मेले के अवसर पर आयोजित किया गया जिसमें सभी सातों क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्रों ने भाग लिया। इसमें देश के सभी भागों के लगभग 1000 कलाकारों ने अपने लोक और शास्त्रीय नृत्यों तथा गीतों के विशिष्ट रूप प्रस्तुत किए।

(ख) ग्रामीण दर्शकों के लिए राय बरेली जिले के 16 खंडों में 7-19 जुलाई 1988 तक "चौपाल मंच" नामक सांस्कृतिक जागरूकता संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए गए। बाल मिलन तथा महिलाओं के लिए प्रेरणा मंच जैसे दो नए कार्यक्रम इलाहाबाद में आयोजित किए गए।

(ग) इलाहाबाद, वाराणसी तथा गोरखपुर में एक थियेटर कार्यशाला आयोजित की गई। इंदौर में वर्षाऋतु पर एक उत्सव वर्षा मंगल उत्सव आयोजित किया गया।

(घ) उत्तर प्रदेश और राजस्थान के चुने हुए क्षेत्रों में 2.10.88 से 23.10.88 तक सीमांचल सांस्कृतिक यात्रा आयोजित की गई। इसमें उत्तर प्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, मणिपुर उड़ीसा, बिहार, मध्य प्रदेश, और राजस्थान के कलाकारों ने भाग लिया।

(ङ) जयपुर में शरद उत्सव और इलाहाबाद में प्रेरणा मंच तथा संस्कृति संध्या आयोजित की गई।

पूर्वी क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, शांति निकेतन

9.16 (क) रांची में छेटा नागपुर महोत्सव आयोजित किया गया जिसमें 33 कलाकारों ने भाग लिया।

(ख) इस केन्द्र ने दक्षिण क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के सहयोग से 7.4.88 से 17.4.88 तक अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह में द्वीप महोत्सव आयोजित किया। इसमें दो केन्द्रों से 107 कलाकारों ने भाग लिया।

(ग) संस्कृति विभाग उड़ीसा सरकार के सहयोग से पुरी में बीच उत्सव आयोजित किया गया। इसमें असम, बिहार, उड़ीसा, मणिपुर, सिक्किम और पश्चिम बंगाल से 74 कलाकारों ने भाग लिया।

(घ) विक्टोरिया स्मारक हाल, कलकत्ता में सोवियत महिलाओं पर एक प्रदर्शनी आयोजित की गई। लगभग 5 लाख लोग प्रदर्शनी देखने आये।

केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड

9.17 भारत में फिल्मों को जनता में केवल तभी प्रदर्शित किया जा सकता है जब वे केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (के.फि.प्र.बो.) द्वारा प्रमाणित की गई हों। चलचित्र अधिनियम, 1952 के अधीन स्थापित बोर्ड में एक अंशकालिक अध्यक्ष होता है जिसका मुख्यालय बम्बई में है। इसके छः क्षेत्रीय कार्यालय हैं, जो बंगलौर, बम्बई, कलकत्ता, हैदराबाद, मद्रास और त्रिवेन्द्रम में हैं। फिल्मों की जांच में इन क्षेत्रीय कार्यालयों की सहायता केन्द्रीय सरकार द्वारा नियुक्त सलाहकार पैनलों द्वारा की जाती है जिनमें विख्यात शिक्षाविद्, कला-समालोचक, पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्त्ता, डाक्टर, वकील और अन्य शामिल होते हैं।

फिल्म प्रमाणन ऐपेलेट ट्रिब्यूनल

9.18 फिल्म प्रमाणन ऐपेलेट ट्रिब्यूनल का गठन मार्च, 1984 में किया गया था जिसका मुख्यालय नई दिल्ली में है। इसने केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के निर्णयों के विरुद्ध अपीलों को सुनना जारी रखा।

1988 के दौरान प्रमाणित फिल्में

9.19 भारत ने विश्व में सबसे अधिक फीचर फिल्म बनाना जारी रखा। प्रमाणित फीचर फिल्मों की संख्या 1952 में 219 थी जो बढ़कर 1955 में 287, 1965 में 326, 1975 में 475 हो गई और पराकाष्ठा में पहुंचकर 1985 में 912 हो गई किन्तु इसके बाद यह संख्या कुछ घटने लगी और 1986 में 840 फिल्में 1987 में 806 और 1988 में 773 हो गई। जब कि 1987 में तमिल फिल्मों का बोल-बाला रहा और इनकी संख्या 167 रही इसके बाद तेलुगु फिल्मों की बारी थी जिनकी संख्या 163 और उसके बाद हिन्दी फिल्मों की जिनकी 150 थी। चालू वर्ष में हिन्दी फिल्मों में वृद्धि हुई और इसने प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसकी फिल्मों की संख्या 182 है। वर्ष 1987 के विपरीत बोर्ड द्वारा प्रमाणित विदेशी फीचर फिल्मों की संख्या में काफी गिरावट आई, इनकी संख्या पिछले वर्ष के 199 से घटकर इस वर्ष 118 रह गई।

भारतीय फीचर फिल्में

9.20 1988 में प्रमाणित 773 फीचर फिल्मों में से 471 को "यू" प्रमाण-पत्र, 95 को "यू ए" और 207 को "ए" प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये।

विदेशी फीचर फिल्में

9.21 1988 में प्रमाणित 118 विदेशी फीचर फिल्मों में से 52 को "यू" प्रमाण-पत्र, 11 को "यू ए" प्रमाण पत्र और 55 को "ए" प्रमाण-पत्र दिये गये। 43 विदेशी फिल्मों को प्रमाण-पत्र देने से इन्कार कर दिया गया।

लघु फिल्में

9.22 केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड ने 1,662 भारतीय लघु फिल्मों को प्रमाणित किया (जिनमें से 1630 को "यू", 3 को "यू ए" और 29 को "ए" प्रमाण-पत्र प्रदान किये (जबकि प्रमाणित विदेशी लघु फिल्मों की संख्या 486 थी) जिनमें से 464 को "यू", 3 को "यू ए" और 12 को "ए", 7 को "एस" प्रमाण पत्र प्रदान किये।

लम्बी (गैर-फीचर) फिल्में

9.23 1988 के दौरान प्रमाणित भारतीय और विदेशी लम्बी फिल्मों की कुल संख्या क्रमशः 5 और 4 थी।

शैक्षिक फिल्में

9.24 424 फिल्मों को प्रधानतः शैक्षिक फिल्मों की श्रेणी में रखा गया।

वीडियो फिल्में

9.25 केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड ने 589 वीडियो फिल्मों को प्रमाण-पत्र जारी किये। उनमें से 41 भारतीय फीचर फिल्में थीं, 42 भारतीय लम्बी फिल्में (फीचर फिल्मों को छोड़कर) 5 विदेशी लम्बी फिल्में, 570 वीडियो फिल्मों को "यू" प्रमाण-पत्र, 2 को "यू ए" 6 को "ए" और 11 को "एस" प्रमाण-पत्र मिले। 66 भारतीय लघु फिल्में और 434 विदेशी लघु फिल्में थीं।

अध्याय 10

प्रशिक्षण तथा अनुसंधान योजनाएं

विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में युवा कार्यकर्त्ताओं को छात्रवृत्तियां प्रदान करना

10.1 इस योजना का उद्देश्य संगीत, नृत्य, नाटक, पेंटिंग, मूर्तिकला, सचित्र पुस्तकों तथा डिजाइन, काष्ठ कला तथा अन्य ऐसे सांस्कृतिक कार्यकलापों के क्षेत्रों में भारत में उत्कृष्ट प्रतिभा वाले युवा कलाकारों को उच्च प्रशिक्षण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। वित्त वर्ष 1988-89 से इन छात्रवृत्तियों की संख्या 100 से बढ़ाकर 150 कर दी गई है। सामान्यतः इन छात्रवृत्तियों की अवधि दो वर्ष है, परन्तु विशिष्ट मामलों में, इसे एक वर्ष और बढ़ाया जा सकता है। छात्रवृत्तियों की राशि प्रतिमाह 400 रु. है। छात्रवृत्तियां देते समय इस बात पर ध्यान रखा जाता है कि यह उन विषयों में ही दी जाएं जो लुप्त हो रहे हैं।

निष्पादन, साहित्य तथा प्लास्टिक कलाओं के क्षेत्रों में अत्यधिक उत्कृष्ट कलाकारों को सेवा निवृत्ति शिक्षावृत्तियां

10.2 सेवानिवृत्ति शिक्षावृत्तियों की योजना उन कलाकारों के लिए तैयार की गई है जिन्होंने अपने अपने क्षेत्र में अत्यधिक निपुणता प्राप्त कर ली है परन्तु अब अवकाश प्राप्त कर चुके हैं। इसका उद्देश्य उन्हें वित्तीय सहायता देना है ताकि वे धन की कमी महसूस न करें और अपनी कला को आगे बढ़ा सकें। शिक्षावृत्तियों की दर 2000 रुपये प्रतिमाह है तथा समयावधि 2 वर्ष है तथा यह प्रत्येक वर्ष प्रदान की जाती हैं। यह योजना 1983-84 से प्रारम्भ की गई थी। इस समय 20 फैलो हैं।

निष्पादन, साहित्य तथा प्लास्टिक कलाओं के क्षेत्रों में उत्कृष्ट कलाकारों को शिक्षावृत्तियां प्रदान करना

10.3 इस योजना के अन्तर्गत वरिष्ठ और कनिष्ठ अध्येताओं को शिक्षावृत्तियां दी जाती हैं। इनकी राशि क्रमशः 1,000 रु. प्रतिमाह और 500 रु. प्रतिमाह है। वरिष्ठ अध्येता शिक्षावृत्तियों की संख्या 15 से बढ़ाकर 30 तथा कनिष्ठ अध्येता शिक्षावृत्तियों की संख्या 35 से बढ़ाकर 75 कर दी गई है। ये पुरस्कार प्रति वर्ष दिए जाते हैं। इस योजना का मुख्य उद्देश्य, साहित्यिक प्लास्टिक, तथा निष्पादन कलाओं के क्षेत्र में 25-65 आयु वर्ग के उत्कृष्ट लोगों को उच्च प्रशिक्षण अथवा व्यक्तिगत सृजनात्मक प्रयासों अथवा कला के परम्परागत स्वरूपों के पुनरुत्थान के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। 39 वरिष्ठ अध्येताओं और 57 कनिष्ठ अध्येताओं को शिक्षावृत्तियां दी गई हैं।

साहित्य, कलाओं और जीवन के ऐसे ही अन्य क्षेत्रों में अभावग्रस्त उत्कृष्ट व्यक्तियों को वित्तीय सहायता प्रदान करना

10.4 इस योजना के अन्तर्गत साहित्य तथा कला आदि के क्षेत्र में उन उत्कृष्ट व्यक्तियों को, जो गरीबी की हालत में हैं तथा 58 वर्ष से अधिक आयु के हैं, वित्तीय सहायता प्रदान की जाती हैं। कुछ मामलों में उनके आश्रितों की सहायता हेतु, जिनका और कोई साधन नहीं है, योजना के अन्तर्गत विचार किया जाता है। इस योजना के अन्तर्गत खर्च भारत सरकार तथा संबंधित राज्य सरकारों द्वारा 2:1 अनुपात में वहन किया जाता है। कुछ विशेष मामलों में, पूरा खर्च भारत सरकार उठाती है। इस योजना के अन्तर्गत अब तक 474 व्यक्तियों को लाभ पहुँचा है। वर्ष 1988-89 की योजना के अन्तर्गत 60 व्यक्तियों का चयन किया गया।

अध्याय-11

स्मारक

गांधी स्मृति तथा दर्शन समिति, नई दिल्ली

11.1 गांधी दर्शन समिति की स्थापना, राष्ट्रीय गांधी शताब्दी समिति द्वारा शताब्दी समारोहों के एक भाग के रूप में, 1969 में की गई थी और गांधी स्मृति समिति की स्थापना 1973 में की गई थी। इन दोनों समितियों को, 1984 में नई स्थापित गांधी स्मृति और दर्शन समिति ने, जो सोसायटी पंजीकरण अधिनियम के अधीन एक पंजीकृत सोसायटी है, मिलाकर अपने नियंत्रण में ले लिया था।

उद्देश्य

11.2 i) महात्मा गांधी के जीवन तथा कृतियों से सम्बन्धित वैयक्तिक दस्तावेज तथा अन्य ऐतिहासिक सामग्री का अधिग्रहण, रख-रखाव और संरक्षण करना।

ii) मंडपों, शहीद-स्तम्भों और गांधी दर्शन मैदान तथा समिति परिसर का संरक्षण।

iii) गांधी स्मृति तथा दर्शन समिति के माध्यम से ऐसे कार्यकलाप शुरू करना जिससे महात्मा गांधी के जीवन, कार्य और विचारधारा को बेहतर समझने में सहायता मिलेगी।

iv) महात्मा गांधी की विचारधारा और उनसे सम्बद्ध राष्ट्रीय उद्देश्य की प्रोन्नति के लिए कार्यकलापों की योजना बनाकर कार्यान्वित करना।

कार्यकलाप

11.3 समिति ने आवधिक प्रदर्शनियां, सांस्कृतिक शैक्षिक कार्यक्रम, सेमिनार, सम्मेलन, शिविर, प्रकाशन, वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित कीं तथा गांधी जी और अन्य राष्ट्रीय नेताओं पर फिल्म शो दिखाए।

समिति एक सूचना तथा प्रलेखन केन्द्र स्थापित कर रही है और गांधी जी की विचारधारा से सम्बन्धित साहित्य का एक पूर्ण संदर्भ पुस्तकालय स्थापित करने का प्रस्ताव है।

समिति का, गांधी जी पर व्याख्यानों, विनिबन्धों और ऐसी ही अन्य सामग्री को प्रकाशित करने का प्रस्ताव है तथा इसे अध्येताओं, पुस्तकालयों तथा अन्य इच्छुक पक्षकारों को उपलब्ध कराएगी।

विशेषकर युवाओं और बच्चों के लिए कार्यक्रम तैयार करने का प्रस्ताव है और "गांधी जी को स्कूलों में ले जाना" नामक एक योजना भी है।

गांधी समिति और दर्शन समिति ने उन संस्थाओं को, जिनके उद्देश्य और लक्ष्य, विचारधारा और कार्य की दृष्टि से, गांधीवादी हैं, फोटो प्रदान करके गांधी जी को लोकप्रिय बनाने की योजना की भी परिकल्पना की है।

समिति में एक फोटो-अनुभाग पहले ही कार्यरत है और राष्ट्रीय महत्व के दिवसों पर चलती-फिरती और आवधिक प्रदर्शनियां आयोजित की जाएंगी जिनमें चित्रों, चार्टों, लेखों और उक्तियों के माध्यम से गांधी जी के संदेश को प्रस्तुत किया जाएगा।

चिल्ड्रन कार्नर

11.4 गांधी दर्शन परिसर में एक चिल्ड्रन कार्नर (बच्चों का कोना) स्थापित किया जा रहा है। यह वैसा ही होगा जैसे शताब्दी वर्ष 1969 के दौरान गांधी दर्शन में था।

गांधी समिति और दर्शन समिति प्रदर्शनी में पांच प्रसंग मण्डप तथा दो दीर्घाएं हैं। अब यह प्रस्ताव है कि इन मंडपों की प्रदर्शन व्यवस्थाओं में कुछ वृद्धि और परिवर्तन किया जाए ताकि वे अधिक संगत, अर्थपूर्ण, शिक्षाप्रद हों तथा सदैव अपनी मूल विषय-वस्तु से सम्बद्ध हों।

ह्वेनसांग स्मारक भवन

11.5 भारत सरकार बिहार सरकार की सहमति से ह्वेनसांग स्मारक भवन, जिसे सरकार ने नालन्दा में बनवाया था, के नव नालन्दा महाविहार, नालन्दा में विलय के प्रस्ताव पर विचार कर रही है।

पंडित
गोविन्द बल्लभ पंत

डा. श्रीकृष्ण सिंह

मौलाना
अबुल कलाम आज़ाद

के.एम. मुन्शी

डा. एस. राधाकृष्णन

शंकर जयन्ती महोत्सव

अध्याय 12

शताब्दियां और जयंतियां

12.1 उन विशिष्ट व्यक्तियों, जिन्होंने हमारे देश के जीवन पर अमिट छाप छोड़ी है, की जयन्तियां मनाना भारत सरकार द्वारा स्वतंत्रता के बाद से शुरू किए जाने वाले महत्वपूर्ण कार्यकलापों में से एक है। स्वतंत्रता ने सरकार को साधन और सुअवसर दिए ताकि वह ऐसे महान पुरुषों और महिलाओं जिन्होंने हमारे देश के लिए सामाजिक-राजनीतिक धरातल को समृद्ध बनाने के लिए अमूल्य योगदान दिया है, को उजागर कर सके। ऐसे कार्यक्रमों के जरिए तीन महत्वपूर्ण लक्ष्यों की प्राप्ति करनी थी। पहला लक्ष्य इन विशिष्ट व्यक्तियों के जीवन और कार्यकलापों को उजागर करना है और इनके द्वारा विश्व का ध्यान, उन विचारों और आदर्शों की ओर आकर्षित करना है जिनके लिए वे डटे रहे और जिनकी प्रासंगिकता शताब्दियों तक बनी रहेगी। दूसरा लक्ष्य हमारे देश की युवा पीढ़ी में हमारी विरासत के प्रति जागरूकता पैदा करना है और उनमें इन कार्यक्रमों के जरिए भारत के सांस्कृतिक और आत्मिक मूल्यों, जिसके लिए वे अडिग रहे. का पुनः प्रतिपादन करना था। अन्त में इन कार्यक्रमों से विश्व समुदाय में दूसरे देशों के विख्यात व्यक्तियों के स्मरणोत्सव/समारोहों को शामिल करके अन्तर्राष्ट्रीय सूझबूझ को बढ़ाना था।

12.2 उन शताब्दियों/वर्षगांठों के लिए राष्ट्रीय समितियां बनाई जाती हैं जिन्हें राष्ट्रीय महत्व का समझा जाता है। सरकार द्वारा गठित ऐसी समितियों द्वारा वर्ष के कार्यक्रम बनाए जाते हैं, जिनका कार्यान्वयन शताब्दी वर्ष के दौरान किया जाता है। इन कार्यक्रमों में आमतौर पर राष्ट्रीय सेमिनारों का आयोजन, मूर्तियों की स्थापना, उत्सव, डाक टिकिट जारी करना, प्रकाशन, प्रदर्शनियां आदि शामिल हैं।

संस्कृति विभाग उन पंजीकृत स्वैच्छिक संगठनों को भी वित्तीय सहायता प्रदान करता है जो संस्कृति विभाग से उन विशिष्ट व्यक्तियों की शताब्दियां मनाने के लिए अनुदान हेतु सम्पर्क करते हैं जिनका आयोजन भारत सरकार ने नहीं किया है।

शताब्दियां और जयन्तियां

12.3 वर्ष 1988-89 के दौरान निम्नलिखित महत्वपूर्ण शताब्दियां तथा वर्षगांठ प्रारम्भ हुई :—

1. पं. गोविन्द बल्लभ पंत जन्म शताब्दी समारोह।
2. डा. एस.के. सिन्हा जन्म शताब्दी समारोह
3. मौलाना अबुल कलाम आजाद जन्म शताब्दी समारोह।
4. के.एम. मुन्शी जन्म शताब्दी समारोह।
5. डा. एस. राधा कृष्णन जन्म शताब्दी समारोह।
6. राजा सवाई जय सिंह-II की तृतीय शताब्दी
7. राष्ट्रीय शंकर जयन्ती महोत्सव।

भारत के उप राष्ट्रपति की अध्यक्षता में क्रमशः डा. एस. राधाकृष्णन और के.एम. मुन्शी की जन्म-शताब्दियां मनाने के लिए राष्ट्रीय समितियां गठित की गई है। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में राष्ट्रीय शंकर जयन्ती महोत्सव और मौलाना अबुल कलाम

आजाद की जन्म शताब्दी मनाने के लिए भी राष्ट्रीय समितियां गठित की गईं। संस्कृति विभाग ने खान अब्दुल गफ्फार खां की जन्म शताब्दी मनाने के लिए भी कदम उठाए हैं।

जयन्तियां और शताब्दियां मनाने के लिए स्वैच्छिक संगठनों को वित्तीय सहायता।

12.4 पंजीकृत स्वैच्छिक संगठनों द्वारा जयन्तियां और शताब्दियां मनाने के लिए वित्तीय सहायता दी गई है। इनमें बाबा अल्लाउद्दीन खान की 125वीं जन्म शताब्दी, बाबा साहेब डा. बी.आर. अम्बेदकर की 97वीं जन्म तिथि, स्वर्गीय राष्ट्रपति श्री फखरुद्दीन अली अहमद की 11वीं पुण्य तिथि, नवाब वाजिद अली शाह की पुण्य-तिथि शताब्दी, पं. गौरी शंकर मिश्रा की शताब्दी, उस्ताद हाफिज़ अली खान की 101वीं जन्म तिथि, तमिल कवि नामक्कल रामालिंगम पिल्लै की जन्म शताब्दी, आसफ अली की जन्म शताब्दी, डा. एस.डी. किचलू की जन्म शताब्दी, प्रो. पूरन सिंह की 107वीं जन्म तिथि, पं. जुगल किशोर शुक्ला की दूसरी शताब्दी, बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय की 150वीं जन्म तिथि, राजकुमारी अमृत कौर की जन्म शताब्दी, बहादुरशाह ज़फर की 125वीं पुण्य तिथि मनाने के लिए अनुदान शामिल हैं।



अध्याय 13

सांस्कृतिक संबंध

सांस्कृतिक करार/सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम

13.1 शिक्षा, कला, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और सूचना के क्षेत्र में आदान-प्रदान लोगों तथा राष्ट्रों के मध्य अंतर्राष्ट्रीय सद्भावना पैदा करने और उसे पुष्ट करने के लिए अत्यधिक उपादेय हैं। एक सुस्थिर विश्व समाज के निर्माण तथा सामाजिक और आर्थिक विकास को बल प्रदान करने में ऐसे विनिमयों का महत्व देशों में निरंतर बढ़ रहा है।

संस्कृति विभाग विश्व के बहुत से देशों के साथ सांस्कृतिक संबंध बनाने की अपनी नीति पर सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है और यह भारत के समग्र अंतराष्ट्रीय प्रयासों का एक अनिवार्य और जीवंत भाग है। सांस्कृतिक करारों की संख्या 1970 की 21 की तुलना में अब बढ़कर 81 हो गई है, जिनमें इस वर्ष चीन, पाकिस्तान और जिबूती के साथ संपन्न तीन सांस्कृतिक करार भी शामिल हैं।

सांस्कृतिक करारों में सहयोग के व्यापक सिद्धान्त निर्धारित किए जाते हैं। इन करारों का कार्यान्वयन सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रमों (सां.वि.का.) के माध्यम से होता है जिनमें आदान-प्रदान के ब्यौरे दिए जाते हैं। इन कार्यक्रमों को हर 2-3 वर्षों के लिए तैयार किया जाता है। तथा इनकी समीक्षा होती है। सांस्कृतिक करारों के मूल ढांचे के भीतर अनेक देशों के साथ नियमित रूप से सां.वि.का. तैयार करने के लिए प्रयास किए जाते रहे हैं। इन (कार्यक्रमों) की संख्या आजकल 56 है, जिनमें इस वर्ष अलजीरिया, मिस्र, अरब गणराज्य, आस्ट्रेलिया, चीन, साइप्रस, संघीय जर्मन गणराज्य, फ्रांस, जर्मन लोकतांत्रिक गणराज्य, पौलैंड, सोमाली, स्पेन, ट्यूनीशिया, तुर्की और सोवियत संघ के साथ सम्पन्न नवीकृत 14 सां.वि.का. भी शामिल हैं।

13.2 जिन देशों के साथ अभी तक नियमित सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम संपन्न नहीं हो पाए हैं, इनके साथ प्रदर्शन दलों के दौरे और छात्रवृत्तियां प्रदान करने जैसे तदर्थ सांस्कृतिक कार्यकलापों के आधार पर द्विपक्षीय सांस्कृतिक संबंधों को बनाए रखा गया है। प्रदर्शन शिष्टमंडलों, प्रदर्शनियों तथा अध्येताओं के आदान-प्रदान के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम ने संस्कृति दर्शन और द्विपक्षीय आधार पर हमारे संपूर्ण विदेश संबंधों के लिए अनुकूल वातावरण पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हमारे विनिमय कार्यक्रम अभिनव क्षेत्रों की खोज कर रहे हैं और अब छात्रों, शिक्षकों और कलावस्तुओं के विनिमय के पुराने ढर्रे तक ही सीमित नहीं है। इनमें खेल-कूद, जनप्रचार माध्यम, भारतीय और विदेशी उच्च शिक्षण संस्थाओं के मध्य शैक्षिक संपर्क, भाषा-अध्ययन कार्यक्रम विशेषज्ञों का आदान-प्रदान, सम्मेलनों में सहभागिता, व्यावसायिक और तकनीकी प्रशिक्षण, संग्रहालय-विज्ञान और पुरातत्व आदि अनेक सहयोग के क्षेत्र शामिल किए गए हैं। ये कार्यक्रम हमारे अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक संबंधों को नए आयाम देने में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध हो रहे हैं।

सद्भावना यात्राएं/सरकारी शिष्टमंडल

13.3 सांस्कृतिक संबंधों के विकास में उच्च स्तरीय सद्भावना यात्राओं का ऐतिहासिक महत्व है। गुयाना में भारतीय आप्रवास की 150वीं वर्षगांठ संबंधी समारोहों में भारत की सहभागिता के सिलसिले में संस्कृति-सचिव, श्री एम. वरदराजन के नेतृत्व में

एक 2 सदस्यीय शिष्ट मंडल ने फरवरी, 1988 में गुयाना का दौरा किया। शिक्षा और संस्कृति राज्यमंत्री, श्री ललितेश्वर प्रसाद शाही ने मई 1988 में जापान का दौरा किया। तत्कालीन मानव संसाधन विकास मंत्री, श्री पी.वी. नरसिंहराव के नेतृत्व में एक उच्चाधिकार प्राप्त सरकारी शिष्टमंडल ने और शिक्षा और संस्कृति राज्यमंत्री श्री ललितेश्वर प्रसाद शाही ने "भारत में बुल्गारियाई संस्कृति दिवस" के लिए जून 1988 में बुल्गारिया का दौरा किया।

संस्कृति विभाग की उप-सचिव, श्रीमती अंशु वैश्य ने जून 1988 में आयोजित 8वें भारत-अफगान आर्थिक, तकनीकी और व्यापारिक सहयोग आयोग की मध्यावधि समीक्षा बैठक में भाग लेने वाले भारतीय शिष्टमंडल की एक सदस्या के रूप में काबुल का दौरा किया। संस्कृति विभाग के संयुक्त सचिव श्री मनमोहन सिंह ने भारत-मिस्र अरब गणराज्य संयुक्त आयोग के द्वितीय अधिवेशन में भाग लेने के लिए अक्तूबर 1988 में काहिरा का दौरा किया। दक्षेस खेल-कूद, कला और संस्कृति तकनीकी समिति की सातवीं बैठक में भाग लेने के लिए विदेश मंत्रालय द्वारा प्रायोजित भारतीय शिष्टमंडल के सदस्य के रूप में संस्कृति विभाग के संयुक्त सचिव, श्री रमेश चन्द्र त्रिपाठी ने अक्तूबर 1988 में काठमांडू का दौरा किया।

13.4 जापान सरकार के विदेश मंत्रालय में सांस्कृतिक कार्य विभाग के महानिदेशक, श्री ताकाशी जाजीमा के नेतृत्व में एक जापानी शिष्ट मंडल ने भारत-जापान आयोग की बैठक में भाग लेने के लिए जनवरी, 1988 में भारत का दौरा किया। भारत-अमेरिका शिक्षा और संस्कृति उपायोग के अमरीकी सह-अध्यक्ष, श्री जॉन आर. हब्बर्ड के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय संयुक्त राज्य शिष्टमंडल ने नई दिल्ली में आयोजित भारत-अमरीका शिक्षा और संस्कृति उपायोग की 14वीं संयुक्त बैठक में भाग लेने के लिए भारत का दौरा किया। बर्मा के संस्कृति और सूचना मंत्री, श्री यू. उंग क्या मिंग के नेतृत्व में एक 10-सदस्यीय बर्मी सांस्कृतिक शिष्टमंडल ने, जिसमें बर्मा के गृह और धार्मिक कार्य मंत्री कर्नल खिनमुंग विंग भी शामिल थे, अप्रैल 1988 में भारत का दौरा किया। क्यूबा की संस्कृति उपमंत्री, श्रीमती मर्सिया लेयसिकन के नेतृत्व में एक 2 सदस्यीय सांस्कृतिक शिष्टमंडल ने अप्रैल-मई 1988 में "भारत में क्यूबाई सांस्कृतिक यात्रा" के सिलसिले में भारत का दौरा किया। मानव संसाधन विकास मंत्री के निमंत्रण पर मारीशस के शिक्षा, कला और संस्कृति राज्यमंत्री महामहिम ए. परशुरमण ने भारत का दौरा किया। बुल्गारियाई संस्कृति समिति में विकासशील देश विभाग की प्रमुख, श्रीमती ए.सेनडोवा ने "भारत में बुल्गारियाई संस्कृति दिवस" की तैयारियों के संबंध में सितम्बर 1988 में भारत का दौरा किया। विक्टोरिया और अल्बर्ट संग्रहालय की निदेशक, श्रीमती ईस्तेव-कॉल तथा सलाहकार, श्री राबर्ट स्केल्टन ने नवम्बर, 1988 में भारत का दौरा किया।

13.5 भारत और चीन के मध्य सांस्कृतिक करार और वर्ष 1988-89 के लिए सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम पर, संस्कृति सचिव के नेतृत्व में 4 सदस्यीय भारतीय सरकारी शिष्टमंडल के दौरे के दौरान, पेइचिंग में मई 1988 में विचार-विमर्श के उपरांत अंतिम रूप देकर हस्ताक्षर किए गए। 1988-89 की अवधि के लिए भारत साइप्रस, भारत-तुर्की और भारत-ट्यूनिस सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रमों पर संस्कृति विभाग के संयुक्त सचिव के नेतृत्व में भारतीय शिष्टमंडल के दौरे के दौरान क्रमशः निकोशिया, अंकारा और ट्यूनिस में जून 1988 में हस्ताक्षर किए गए। 1989-91 के लिए भारत और स्पेन तथा भारत और संघीय जर्मन गणराज्य के मध्य सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम पर संस्कृति विभाग के संयुक्त सचिव के नेतृत्व में भारतीय शिष्टमंडल के दौरे के दौरान सितम्बर 1988 में हस्ताक्षर किए गए। अलजीरियाई सरकार के उच्चतर शिक्षा मंत्रालय के निदेशक महामहिम श्री बेन्स्मेल मेहदी ने मार्च 1988 में भारत का दौरा किया और नई दिल्ली में भारत-अलजीरियाई सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम 1988-90 पर हस्ताक्षर किए। भारत-जर्मन लोकतांत्रिक गणराज्य सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम, 1988-90 पर नई दिल्ली में हस्ताक्षर किए गए; भारत-फ्रांस सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम, 1988-89 पर नई दिल्ली में जुलाई 1988 में हस्ताक्षर किए गए। भारत और मिस्र अरब गणराज्य के बीच सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम और भारत-सोवियत सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम, 1989-90 पर नई दिल्ली में हस्ताक्षर किए गए। भारत-आस्ट्रेलियाई सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम, 1989-91 को नई दिल्ली में नवम्बर, 1988 में अंतिम रूप देकर इस पर हस्ताक्षर किए गए। चीन के संस्कृति उपमंत्री, श्री लियु दियाऊ के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने 1988-90 के वर्षों के लिए भारत-चीन सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए दिसम्बर 1988 में भारत का दौरा किया। हंगरी जनवादी गणराज्य के संस्कृति और शिक्षा उपमंत्री, श्री फेरेंक रेतकई नैं और चेकोस्लावाकिया के विदेश संबंध विभाग के निदेशक, श्री मेचल क्लीपैक के नेतृत्व में एक 3 सदस्यीय शिष्टमंडल ने भारत के साथ अपने-अपने सांस्कृतिक विनिमय, कार्यक्रमों के कार्यान्वयन की स्थिति की समीक्षा करने के लिए क्रमशः नवम्बर 1988 और दिसम्बर 1988 में भारत का दौरा किया।

13.6 1987-89 के लिए सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम में एक-दूसरे की संस्कृतियों की झाँकियां प्रस्तुत करने की परिकल्पना की गई है। इसके अनुसार "भारतीय संस्कृति दिवस" नामक भारतीय सांस्कृतिक प्रदर्शन का बुल्गारिया में 25 जून से 2 जुलाई 1988 तक आयोजन किया गया।

"भारत में बुल्गारियाई संस्कृति दिवस" नामक पारस्परिक बुल्गारियाई सांस्कृतिक प्रदर्शन का संस्कृति विभाग द्वारा 5-12 जनवरी, 1989 को आयोजन किया गया। प्रदर्शन में संस्कृति विभाग के अतिरिक्त भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद्, साहित्य अकादमी, बाल भवन, राष्ट्रीय आधुनिक कला दीर्घा, फिल्मोत्सव निदेशालय, राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद, विकास-आयुक्त (हस्तशिल्प), ललित कला अकादमी और आयोजना और वास्तुशिल्प विद्यालय ने भाग लिया। प्रदर्शन में निम्नलिखित कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए :

पॉप ग्रुप, कठपुतली नाटक, रिद्मिक जिमनास्ट,
ट्रेकिया लोक साहित्य-दर्शन और दिमोव क्वार्टेट।

इसके अतिरिक्त भारतीय और बुलगारियाई लेखकों/कवियों की बैठकें; एक बुल्गारियाई पुस्तक प्रदर्शनी, ग्रामोफोन रिकार्ड और छायाचित्र और बाल रंगचित्र, बुल्गारियाई कोष (थ्रेस i–iv सी) में रोमन युग की कांस्य मूर्तियां, बुल्गारियाई सिनेमा सप्ताह, बुल्गारियाई हस्तशिल्प और बुल्गारियाई महिला कलाकारों की कृतियों की प्रदर्शनी तथा बुल्गारियाई प्राचीन और समकालीन वास्तुशिल्प प्रदर्शनी भी इसमें शामिल थीं।

दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ खेल-कूद, कला और संस्कृति तकनीकी समिति

13.7 दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ की खेल-कूद, कला और संस्कृति तकनीकी समिति की सातवीं बैठक 28-29 अक्तूबर, 1988 को काठमांडु में सम्पन्न हुई।

पुस्तकें और कला-वस्तुएं भेंट करना तथा निबंध प्रतियोगिताएं

13.8 भारतीय जीवन और संस्कृति के संवर्धन और इसकी बेहतर समझ के लिए पुस्तकों, कला-वस्तुओं और निबंध प्रतियोगिताओं के महत्वपूर्ण होने के कारण संस्कृति विभाग ने भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद को विदेशी सरकारों, संगठनों, पुस्तकालयों और व्यक्तियों को पुस्तकें और कला-वस्तुएं भेंट करने के लिए तथा भारतीय मिशनों के माध्यम से विदेशों में निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित करने के लिए धन उपलब्ध करवाना जारी रखा।

भारत-विदेश मैत्री संघ

